हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 11

खेल

रोहित ने अपनी सबसे तेज आईपीएल फिफ्टी लगाई, विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा

Page 09

देश

एनसीपी विलय पर सीएम फडणवीस ने साधी चुप्पी, विधानसभा चुनावों में संभालेंगे बड़ी...

शुक्ल पक्ष, मघा, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • मंगलवार • 31 मार्च 2026 • वर्ष 28 • अंक 118 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

सोना चांदी

सोना	चांदी
10 ग्राम 22 कैरेट	1 किलो चांदी
₹ 1,35,750	₹ 2,45,000

आज का इतिहास

2010 : 8 भारतीयों के जहाजों का अपहरण कर लिया जाता है और 120 विक्रेताओं को छोटे समुद्री डाकू और किसमायो के तट से अगवा कर लिया जाता है।

2014 : स्लोवाकिया राष्ट्रपति के रूप में, एक करोड़पति, लेडी किस्का का चुनाव करके एक नई मिसाल कायम करता है; श्री किस्का।

न्यूज बाइट्स

बिहार में प्रशासनिक सर्जरी, अफसरों को मिला बड़ा प्रभार

पटना (नि.सं.)। बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय लेते हुए बिहार प्रशासनिक सेवा के कई अधिकारियों को पदोन्नति का लाभ प्रदान किया है। राज्यपाल के आदेश से जारी विभिन्न अधिसूचनाओं के माध्यम से इन अधिकारियों को उच्च पदों पर अस्थायी कार्यकारी प्रभार सौंपा गया है। इस व्यापक प्रशासनिक फेरबदल के तहत अधिकारियों को विशेष सचिव, अपर सचिव, संयुक्त सचिव, उप सचिव तथा अपर समाहर्ता के पदों पर प्रोन्नत किया गया है। यह निर्णय राज्य प्रशासनिक ढांचे को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से लिया गया है। सरकार के अनुसार, इन पदोन्नतियों से न केवल प्रशासनिक कार्यों में गति आएगी, बल्कि विभागीय कार्यप्रणाली में भी पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। अधिकारियों को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ नए पदों का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है, जिससे शासन-प्रशासन के कार्यों का संचालन निर्बाध रूप से जारी रह सके।

रुपया डॉलर के मुकाबले सबसे कमजोर

पटना (नि.सं.)। ईरान जंग की वजह से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया आज यानी 30 मार्च को पहली बार 95 के पार पहुंच गया। कारोबार के दौरान ये 95.22 के सबसे निचले स्तर पर गिर गया। हालांकि बाद में ये थोड़ा संभला और कारोबार खत्म होने पर 94.78 पर बंद हुआ। यह पिछले बंद भाव 94.85 के मुकाबले डॉलर के सामने 7 पैसे की मामूली मजबूती है। रुपए की कमजोरी का असर आम आदमी पर भी होगा। इससे विदेशों से इम्पोर्ट होने वाले सामान जैसे मोबाइल, सोना-चांदी, कच्चा तेल खरीदना महंगा हो जाएगा। इससे महंगाई बढ़ेगी।

2026-27 में 2.80 लाख करोड़ का लोन टारगेट

पटना (नि.सं.)। बिहार में आर्थिक गतिविधियों को गति देने के लिए बड़े स्तर पर कर्ज (लोन) वितरण की योजना तैयार की गई है। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा जारी राज्य फोकस पेपर 2026-27 के अनुसार, राज्य में प्राथमिकता क्षेत्र के लिए कुल 2,80,393 करोड़ रुपये की ऋण क्षमता का आकलन किया गया है। इसमें सबसे बड़ा हिस्सा कृषि और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) क्षेत्र को दिया जाएगा।

गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में देश को वामपंथी उग्रवाद से किया मुक्त घोषित, कहा

देश अब नक्सलवाद से मुक्त

- बस्तर से खत्म हो रहा नक्सलवाद, हथियार उठाने वालों को चेतावनी

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा में वामपंथी उग्रवाद (नक्सलवाद) पर चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि देश में नक्सलवाद तेजी से समाप्ति की ओर है और बस्तर क्षेत्र से लाल आतंक लगभग खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि अब वहां विकास की नई तस्वीर दिख रही है। अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि बस्तर के हर गांव में स्कूल खोलने और राशन की दुकान स्थापित करने की मुहिम चलाई गई है। पहले जहां नक्सलवाद की छाया के कारण विकास नहीं पहुंच पाता था, वहीं अब हालात बदल चुके हैं और सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंच रहा है। उन्होंने विपक्ष, खासकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 75 साल में से लगभग 60 साल कांग्रेस का शासन रहा, लेकिन आदिवासी क्षेत्रों को विकास से वंचित रखा गया। उन्होंने सवाल उठाया कि इतने वर्षों तक वहां बुनियादी सुविधाएं क्यों नहीं पहुंच पाईं।

गृह मंत्री ने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद देश के गरीबों को घर, गैस कनेक्शन, शुद्ध पेयजल, स्वास्थ्य बीमा और मुफ्त राशन जैसी सुविधाएं मिलीं, लेकिन बस्तर जैसे क्षेत्र नक्सलवाद के कारण इन योजनाओं से लंबे समय तक वंचित रहे। अमित शाह ने साफ शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि जो भी हथियार उठाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सरकार डरने वाली नहीं है, बल्कि कानून के दायरे में रहकर सभी के साथ न्याय करने के लिए प्रतिबद्ध है। अपने भाषण में उन्होंने इंदिरा गांधी और मनमोहन सिंह का भी जिक्र करते हुए कहा कि पहले भी नक्सलवाद को देश की बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती माना गया था, लेकिन उस दिशा में प्रभावी कदम नहीं उठाए गए। नक्सलवाद की पृष्ठभूमि पर बात करते हुए शाह ने बताया कि इसकी शुरुआत 1970 के दशक में पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी से हुई थी और धीरे-धीरे यह कई राज्यों में फैल गया। उन्होंने कहा कि अब समय बदल चुका है और नक्सली हिंसा करने वालों के दिन खत्म होने वाले हैं। गृह मंत्री ने स्पष्ट किया कि नक्सलवाद केवल गरीबी का परिणाम नहीं है, बल्कि यह एक वैचारिक समस्या है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में संविधान सर्वोपरि है और किसी भी प्रकार की हिंसा को स्वीकार नहीं किया जा सकता। सरकार का लक्ष्य देश को पूरी तरह नक्सलवाद मुक्त बनाना है और इस दिशा में निर्णायक कार्रवाई जारी है।

डरने वाली नहीं, न्याय करने वाली सरकार

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकार किसी भी प्रकार की हिंसा या हथियार उठाने की राजनीति को बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यह सरकार डरने वाली नहीं, बल्कि सभी के साथ न्याय करने वाली सरकार है। अमित शाह ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है, जहां संविधान सर्वोपरि है और हर नागरिक को अपने अधिकारों के लिए संवैधानिक तरीके से लड़ने का पूरा अधिकार है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या किसी भी समस्या का समाधान हथियार उठाकर निर्दोष लोगों की हत्या करना हो सकता है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि कोई यह सोचता है कि धमकी देकर या हिंसा के जरिए अपनी बात मनवाई जा सकती है, तो यह गलतफहमी है। सरकार ऐसे किसी भी प्रयास के सामने झुकने वाली नहीं है। गृह मंत्री ने दोहराया कि देश में कानून का राज है और किसी भी प्रकार की उग्रवादी गतिविधि को सख्ती से कुचला जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल कार्रवाई करना नहीं, बल्कि देश के हर नागरिक के साथ न्याय सुनिश्चित करना है।

भोले-भाले आदिवासियों को किया गया गुमराह

अमित शाह ने कहा कि भोले-भाले आदिवासियों को गलत तरीके से यह समझाया गया कि उनकी लड़ाई उनके अधिकार और न्याय के लिए है, जबकि उन्हें हिंसा के रास्ते पर धकेला गया। अमित शाह ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार का अन्याय होने पर हथियार उठाना लोकतांत्रिक तरीका नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान हर नागरिक को न्याय पाने का अधिकार देता है और इसके लिए संवैधानिक रास्ते मौजूद हैं। ऐसे में हिंसा और निर्दोष लोगों की हत्या को किसी भी स्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता।

नीतीश कुमार ने विधान परिषद से दिया इस्तीफा, मुख्यमंत्री पद पर बरकरार, बिहार की राजनीति में हलचल तेज

- हाल ही में राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने के कारण संवैधानिक नियम के तहत एमएलसी पद छोड़ा।
- विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने इस्तीफा स्वीकार किया।
- जदयू एमएलसी संजय कुमार सिंह गांधी ने त्यागपत्र सभापति को सौंपा।
- मंत्री अशोक चौधरी और विजय कुमार चौधरी ने इसे संवैधानिक प्रक्रिया बताया।

निज संवाददाता | पटना

बिहार की राजनीति में सोमवार को एक बड़ा और अहम घटनाक्रम सामने आया, जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधान परिषद (एमएलसी) की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। हालांकि उन्होंने मुख्यमंत्री पद नहीं छोड़ा है और फिलहाल अपने पद पर बने रहेंगे। इस फैसले के बाद राज्य की राजनीति में नई चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है, खासकर संभावित नेतृत्व परिवर्तन को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। दरअसल, हाल ही में नीतीश कुमार राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए हैं। भारतीय संविधान और जनप्रतिनिधित्व कानून के प्रावधानों के अनुसार कोई भी व्यक्ति एक साथ संसद और राज्य विधानमंडल दोनों का सदस्य नहीं रह सकता। ऐसे में उन्हें 30 मार्च तक विधान परिषद की सदस्यता छोड़ना अनिवार्य था। इसी के तहत उन्होंने अपना इस्तीफा सौंपा, जिसे विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने स्वीकार कर लिया।

सूत्रों के अनुसार, जदयू के विधान परिषद सदस्य संजय कुमार सिंह गांधी मुख्यमंत्री का त्यागपत्र लेकर सभापति कार्यालय पहुंचे और औपचारिक प्रक्रिया पूरी की गई। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार जैसे अनुभवी और दूरदर्शी नेता का मार्गदर्शन राज्य और देश दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। वहीं मंत्री विजय कुमार चौधरी ने भी स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री ने संवैधानिक दायित्वों का पालन करते हुए यह निर्णय लिया है। राजनीतिक दृष्टि से यह घटनाक्रम इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि नीतीश कुमार पिछले लगभग दो दशकों से बिहार की राजनीति के केंद्र में रहे हैं। वर्ष 2006 से वे लगातार विधान परिषद के सदस्य रहे और मई 2024 में चौथी बार एमएलसी चुने गए थे, जिनका कार्यकाल वर्ष 2030 तक निर्धारित था। इससे पहले वे 1985 में हरनौत विधानसभा सीट से विधायक बने थे और 1989 में लोकसभा सदस्य भी चुने गए। अब 2026 में राज्यसभा के लिए निर्वाचित होकर वे चारों सदनों—विधानसभा, विधान परिषद, लोकसभा और राज्यसभा—के सदस्य रहने वाले चुनिंदा नेताओं में शामिल हो गए हैं।

हालांकि मुख्यमंत्री पद पर उनके बने रहने से तत्काल किसी राजनीतिक बदलाव की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में नए मुख्यमंत्री को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। सत्तारूढ़ दल और गठबंधन के भीतर संभावित चेहरों को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। विपक्ष भी इस मुद्दे को लेकर सरकार पर हमलावर हो सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह इस्तीफा पूरी तरह संवैधानिक प्रक्रिया का हिस्सा है, लेकिन इसके राजनीतिक संकेत भी दूरगामी हो सकते हैं। आने वाले दिनों में यह साफ हो पाएगा कि क्या यह केवल औपचारिक बदलाव है या बिहार की राजनीति में किसी बड़े परिवर्तन की भूमिका तैयार हो रही है। फिलहाल सभी की नजरें राज्य की अगली राजनीतिक रणनीति और संभावित नेतृत्व परिवर्तन पर टिकी हुई हैं।

एसडीएम कार्यालय के लिपिक और स्टेनो को 70 हजार रूपये रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

निज संवाददाता | भागलपुर

भागलपुर में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बार फिर बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है, जहां बिहार निगरानी विभाग की टीम ने सदर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) कार्यालय में छापेमारी कर दो कर्मियों को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई के बाद पूरे प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है और दफ्तर में मौजूद कर्मचारी व अधिकारी अचानक हुई इस कार्रवाई से स्तब्ध रह गए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लिपिक मयंक कुमार और स्टेनो प्रेम कुमार के रूप में हुई है। दोनों पर आरोप है कि वे सेवा संपुष्टि के नाम पर अवैध वसूली कर रहे थे। जानकारी के अनुसार, नाथनगर आपूर्ति कार्यालय में कार्यरत कर्मी अभिजीत कुमार से उनकी सेवा संपुष्टि कराने के बदले 70 हजार रुपये की रिश्वत मांगी जा रही थी। लंबे समय से परेशान अभिजीत कुमार ने अंततः पटना स्थित निगरानी विभाग में इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए गोपनीय जांच शुरू की। जांच में शिकायत सही पाए जाने के बाद निगरानी डीएसपी विंध्याचल प्रसाद के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया और जैसे ही दोनों आरोपियों ने रिश्वत की राशि स्वीकार की, पहले से घात लगाए टीम के सदस्यों ने उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया। आरोपियों के पास से रिश्वत की पूरी राशि भी बरामद कर ली गई है।

इस कार्रवाई के दौरान निगरानी टीम ने एसडीएम कार्यालय के संबंधित दस्तावेजों की भी जांच की और आवश्यक साक्ष्य जुटाए। अचानक हुई इस छापेमारी से कार्यालय में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और कई कर्मचारी इस कार्रवाई को देख हैरान रह गए।

बिहार में मजदूरों को राहत

न्यूनतम मजदूरी बढ़कर 436 रुपये हुआ, एक अप्रैल से लागू

निज संवाददाता | पटना

बढ़ती महंगाई के बीच बिहार सरकार ने श्रमिकों को राहत देते हुए न्यूनतम मजदूरी में वृद्धि करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। राज्य में अब अकुशल श्रमिकों की दैनिक न्यूनतम मजदूरी 428 रुपये से बढ़ाकर 436 रुपये कर दी गई है। यह नई दर एक अप्रैल 2026 से प्रभावी होगी। इस संबंध में श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, बिहार द्वारा जल्द ही आधिकारिक अधिसूचना जारी की जाएगी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, राज्य में न्यूनतम मजदूरी की समीक्षा वर्ष में दो बार—अप्रैल और अक्टूबर में की जाती है, ताकि महंगाई दर और श्रमिकों की जरूरतों के अनुरूप मजदूरी तय की जा सके। सरकार द्वारा निर्धारित नई मजदूरी दरों के अनुसार, अकुशल श्रमिकों के अलावा अन्य श्रेणियों में भी मजदूरी तय है। अर्द्धकुशल श्रमिकों के लिए 444 रुपये प्रतिदिन, कुशल श्रमिकों के लिए 541 रुपये प्रतिदिन तथा अतिकुशल श्रमिकों के लिए 660 रुपये प्रतिदिन की दर लागू रहेगी। हालांकि इस बार वृद्धि विशेष रूप से अकुशल श्रमिकों की श्रेणी में की गई है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह वृद्धि भले ही मामूली दिखे, लेकिन बड़ी संख्या में मजदूरों के लिए यह महत्वपूर्ण राहत साबित होगी। राज्य में बड़ी संख्या में श्रमिक दैनिक मजदूरी पर निर्भर हैं, ऐसे में यह बढ़ोतरी उनकी आय में स्थिरता लाने और दैनिक जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगी। इसके साथ ही श्रम विभाग ने संकेत दिया है कि मजदूरी दरों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए निगरानी भी बढ़ाई जाएगी।

12वीं बोर्ड: खेल प्रतियोगिताओं में शामिल छात्रों की परीक्षा 11 और 13 अप्रैल को होगी

निज संवाददाता | पटना

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 12वीं कक्षा के उन विद्यार्थियों के लिए विशेष परीक्षा तिथियों की घोषणा कर दी है, जो खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने के कारण मुख्य बोर्ड परीक्षा में शामिल नहीं हो सके थे। बोर्ड के अनुसार, ऐसे परीक्षार्थियों की परीक्षा 11 और 13 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि इन परीक्षाओं का आयोजन पूर्व निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर ही किया जाएगा, ताकि छात्रों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। यह व्यवस्था हर वर्ष उन प्रतिभावान खिलाड़ियों के लिए की जाती है, जो राष्ट्रीय या अन्य मान्यता प्राप्त खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने के कारण नियमित परीक्षा से वंचित रह जाते हैं। इस पहल का उद्देश्य खेल भावना को बढ़ावा देना और खिलाड़ियों को शिक्षा के साथ संतुलन बनाए रखने में सहयोग करना है। जारी कार्यक्रम के अनुसार 11 अप्रैल को जीव विज्ञान, उद्यमिता, अर्थशास्त्र और अंग्रेजी विषयों की परीक्षा होगी, जबकि 13 अप्रैल को शारीरिक शिक्षा विषय की परीक्षा आयोजित की जाएगी। सभी परीक्षाएं सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक निर्धारित समय पर होंगी। बोर्ड ने परीक्षार्थियों के लिए दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। सभी छात्रों को परीक्षा में शामिल होने के लिए आधिकारिक वेबसाइट से नया प्रवेश पत्र डाउनलोड करना अनिवार्य होगा। इसके बिना परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

साथ ही, प्रवेश पत्र में दिए गए सभी निर्देशों का पालन करना आवश्यक होगा। सीबीएसई ने यह भी साफ किया है कि परीक्षा केंद्र में किसी भी प्रकार के संचार उपकरण, जैसे मोबाइल फोन या अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा, परीक्षार्थियों को सुबह 10 बजे से पहले ही परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा, क्योंकि इसके बाद प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

12 जिलों में फसल खराब, सरकार ने मुआवजा देने का किया ऐलान

- प्रभावित किसानों को सरकार जल्द ही मुआवजा राशि उपलब्ध कराएगी।
- 111 प्रखंडों में 2 लाख हेक्टेयर से अधिक फसल क्षतिग्रस्त

निज संवाददाता | पटना

12 जिलों में फसल खराब, सरकार ने मुआवजा देने का किया ऐलानपटना, 30 मार्च 2026। राज्य में मार्च के तीसरे और चौथे सप्ताह के दौरान आई आँधी-तूफान, असामयिक वर्षा और ओलावृष्टि ने किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। इस प्राकृतिक आपदा के बाद राज्य सरकार ने प्रभावित क्षेत्रों का व्यापक सर्वेक्षण कराया है और अब किसानों को राहत देने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने जानकारी दी कि विभिन्न जिलों से प्राप्त प्रतिवेदनों के आधार पर फसल क्षति का आकलन किया जा रहा है। जिला कृषि पदाधिकारियों द्वारा भेजी गई रिपोर्ट के अनुसार अब तक राज्य के 36 जिलों से जानकारी प्राप्त हुई है, जिनमें 12 जिले गंभीर रूप से प्रभावित पाए गए हैं।

इन प्रभावित जिलों में सहरसा, मुजफ्फरपुर, अररिया, बेगूसराय, मधुबनी, पूर्णिया, खगड़िया, किशनगंज, मधेपुरा, दरभंगा, सुपौल और भागलपुर शामिल हैं। इन जिलों के कुल 111 प्रखंडों में लगभग 2,06,658.12 हेक्टेयर क्षेत्र में लगी गेहूँ, मक्का, दलहन और तिलहन जैसी फसलों को 33 प्रतिशत या उससे अधिक नुकसान होने का अनुमान है।

कृषि मंत्री ने स्पष्ट किया कि जिन किसानों की फसल को निर्धारित सीमा से अधिक नुकसान हुआ है, उन्हें सरकार द्वारा नियमानुसार क्षतिपूर्ति राशि दी जाएगी। इसके लिए प्रशासनिक प्रक्रिया तेजी से पूरी की जा रही है ताकि किसानों को जल्द से जल्द राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पूरी तरह से स्थिति पर नजर बनाए हुए है और किसानों को हरसंभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार का मानना है कि आपदा के समय सबसे पहला अधिकार पीड़ितों का होता है और इस दिशा में किसी प्रकार की वित्तीय कमी नहीं आने दी जाएगी। मंत्री ने प्रभावित किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उन्हें शीघ्र ही राहत राशि उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे वे दोबारा खेती की तैयारी कर सकें और उनकी आजीविका पर पड़े असर को कम किया जा सके।

हड़ताल में शामिल परीक्ष्यमान 69 राजस्व अफसरों को नोटिस

पटना (नि.सं.)। राज्य सरकार ने सामूहिक अवकाश और सरकारी कार्यक्रमों से अनधिकृत अनुपस्थिति पर परीक्ष्यमान (प्रोबेशन) राजस्व अधिकारियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के उपसचिव संजय कुमार सिंह ने 69वीं बीपीएससी बैच के 69 अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि इन अधिकारियों के सामूहिक अवकाश अवैध घोषित किया जा चुका है। इस अवधि को सेवा में नहीं गिना जाएगा। संबंधित अधिकारियों पर आरोप है कि 25 मार्च की शाम 5 बजे तक उन सभी ने अपने-अपने पदों पर योगदान नहीं दिया है। यह आचरण न केवल सरकारी आदेशों की अवहेलना है, बल्कि बिहार सरकारी सेवक आचरण नियमावली, 1976 के नियम 3(1) का भी उल्लंघन है। ऐसे में संबंधित अधिकारियों से पूछा गया है कि उनके खिलाफ सेवा से बर्खास्तगी की कार्रवाई क्यों नहीं की जाए। सख्त चेतावनी देते हुए विभाग ने कहा है कि यदि 13 अप्रैल तक स्पष्टीकरण नहीं मिलता है, तो यह मान लिया जाएगा कि अधिकारियों को इस विषय में कुछ नहीं कहना है और उनके विरुद्ध एकतरफा कार्रवाई की जाएगी। स्पष्टीकरण मांगने की यह कार्रवाई राज्य के 24 जिलों में तैनात परीक्ष्यमान राजस्व अधिकारियों पर की गई है। इनमें गया में आठ, रोहतास में सात और मधुबनी जिले के पांच राजस्व अधिकारी शामिल हैं।

सत्यमेव जयते

राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

बिहार लोक भवन
पटना–800022
BIHAR LOK BHAVAN
PATNA-800022

संदेश

महावीर जयन्ती के पावन अवसर पर मैं समस्त बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ।

जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी ने सत्य, अहिंसा, त्याग, संयम और अपरिग्रह जैसे उच्च जीवन मूल्यों का संदेश दिया और मानवता को शांति व करुणा का मार्ग दिखाया। उनके जीवन और विचार हमारे लिए प्रेरणास्रोत हैं।

आइए, हम सब भगवान महावीर के बताये मार्ग पर चलकर एक सभ्य, शांतिपूर्ण एवं समतामूलक समाज के निर्माण का संकल्प लें।

ले.ज.सय्यद अता हसनैन (से.नि.)

PR No.- 027203 (Governor Secretariat)D. 2025-26

हत्या का सनसनीखेज खुलासा, पारिवारिक रंजिश में हुई थी मुन्ना की हत्या, एक आरोपी गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

रजौली। अनुमंडल क्षेत्र के सीतामढ़ी थाना क्षेत्र में बीते दिनों हुई मुन्ना कुमार यादव की नृशंस हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लेने का दावा किया है। रजौली अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गुलशन कुमार के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई ने न केवल हत्या के राज से पर्दा उठाया है, बल्कि इस पूरी साजिश के पीछे के अपराधी को भी सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। पुलिस ने इस मामले में तकनीकी साक्ष्यों और डीआईयू की मदद से धनबाद के रहने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है, जिसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है।

जंगल की पहाड़ियों में मिला था क्षत-विक्षत शव :- घटना की शुरुआत 7 मार्च 2026 को हुई थी, जब मुन्ना कुमार यादव घर से निकला और वापस नहीं लौटा। परिजनों की व्याकुलता तब मातम में बदल गई जब 9 मार्च को सीतामढ़ी जंगल की पहाड़ियों में एक अज्ञात शव मिलने की सूचना मिली। मृतक की मां लक्ष्मीनिया देवी ने जब वहां जाकर देखा, तो वह शव उनके पुत्र मुन्ना का ही था। मां के द्वारा थाने में दिए गए लिखित आवेदन के अनुसार, मुन्ना की हत्या गला दबाकर की गई थी और साक्ष्य छिपाने की नीयत से शव को जंगल की झाड़ियों और पहाड़ियों के बीच फेंक दिया गया था।

पारिवारिक कलह और गहरी साजिश का

गिरफ्तार आरोपीत के साथ एसडीपीओ व अन्य

आरोपः- मृतक की मां ने थाने में जो शिकायत दर्ज कराई है, वह बेहद चौंकाने वाली है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि यह हत्या किसी बाहरी व्यक्ति ने नहीं, बल्कि घर की बहू राखी देवी ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर अंजाम दी है। लक्ष्मीनिया देवी का कहना है कि मुन्ना और उसकी पत्नी राखी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी विवाद के कारण राखी देवी पर अपने मायके वालों और अन्य साथियों के साथ मिलकर पति की हत्या करने का गंभीर आरोप लगा है। मां ने यह भी अंदेशा जताया है कि पूर्व में उसके पति जहुरी यादव की मौत के पीछे भी इसी गुट का हाथ हो सकता है।

तकनीकी अनुसंधान से पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी :- कांड संख्या 33/26 की जांच का जिम्मा संभाल रहे थानाध्यक्ष पप्पू शर्मा ने वैज्ञानिक और तकनीकी पद्धतियों का सहारा लिया। डीआईयू की टीम ने मोबाइल लोकेशन और कॉल डिटेल्स के आधार पर संदिग्धों पर नजर रखी। इसी क्रम में पुलिस ने धनबाद जिले के टिटुलिया निवासी शिव यादव के पुत्र शेखर यादव को दबोच लिया। कड़ी पूछताछ के बाद शेखर ने न केवल अपना अपराध कबूल किया, बल्कि इस हत्याकांड में शामिल अन्य लोगों के नामों का भी खुलासा किया है।गिरफ्तार आरोपीत को पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी :- एसडीपीओ गुलशन कुमार ने स्पष्ट किया कि मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद अब पुलिस के पास इस मामले में पुख्ता सबूत हैं। गिरफ्तार शेखर यादव के बयानों के आधार पर पुलिस अब उन अन्य 5-6 अज्ञात और नामजद लोगों की तलाश में जुटी है, जिन्होंने इस साजिश को अंजाम देने में सक्रिय भूमिका निभाई थी। पुलिस का दावा है कि बहुत जल्द इस हत्याकांड में शामिल सभी चेहरों को बेनकाब कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

संक्षिप्त समाचार

सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

कौआकोल। सड़क दुर्घटना में बुरी तरह घायल कौआकोल थाना क्षेत्र के केवाली पंचायत अंतर्गत ढाब गांव निवासी मोहम्मद असगर अली के 25 वर्षीय पुत्र बादशाह की मौत सोमवार को पटना में ईलाज के दौरान हो गई। मृतक युवक का शव पहुंचते ही गांव का माहौल गमगीन हो गया। बताया जाता है कि 26 मार्च को युवक अपने भांजा के साथ घर से नवादा जाने के लिए निकला था,तभी पकरीबरावां थाना अंतर्गत कचना मोड़ से पहले पॉवर ग्रिड के पास उसकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे दोनों घायल हो गए। गम्भीर रूप से घायल युवक का ईलाज पटना के किसी अस्पताल में चल रहा था। जहाँ ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

रेलवे कंस्ट्रक्शन कंपनियों से बैटरी व सरिया चुराने वाला गिरफ्तार,भेजे गए जेल

चोरी के पांच बैटरी एवं 25 क्विंटल छड़ के साथ अन्य सामग्री को पुलिस ने किया बरामद

रजौली। रजौली थाना क्षेत्र के हरदिया पंचायत स्थित परतौनिया गांव से पुलिस बलों ने रेलवे कंस्ट्रक्शन कंपनियों से बैटरी,छड़,मशीनरी सामग्री चुराने वाले को गिरफ्तार किया हम साथ ही चोरी के पांच बैटरी एवं 25 क्विंटल छड़ के साथ अन्य सामग्रियों को भी जब्त किया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि निर्माणाधीन तिलैया-कोडरमा रेलखंड में जुटे आदित्य कंस्ट्रक्शन के प्रोजेक्ट मैनेजर राजेश कुमार सिंह द्वारा सूचना दिया गया कि उनके कार्यस्थल एवं आसपास से लगातार कीमती सामग्रियों की चोरी किया जा रहा है। साथ ही बताया कि टनल संख्या 4 से अलग-अलग वाहनों के सात बैटरियों की चोरी बीते 25 मार्च को हो गई। इससे पूर्व भी 12 बैटरियों,पीभीसी ड्राम, भारी मात्रा में छड़ के साथ अन्य सामग्रियों की चोरी असामाजिक तत्वों द्वारा की जा चुकी थी। चोरी की घटनाओं से परेशान होकर प्रोजेक्ट मैनेजर ने थाना को सूचित किया। सूचना पर थाने में पदस्थापित एसआई सचिन कुमार,एएसआई संजय कुमार यादव एवं एएसआई अमित कुमार वर्मा के साथ पुलिस बलों के द्वारा परतौनिया गांव में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान परतौनिया गांव से पुलिस बलों ने रामेश्वर भुइयां के पुत्र विनोद भुइयां के आवासीय परिसर से चोरी के सात बैटरियों में से पांच एवं 25 क्विंटल छड़ के साथ अन्य सामग्रियों को बरामद किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार चोर द्वारा जरूरी पूछताछ के बाद सोमवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

जंगली क्षेत्र में गिरोह बनाकर शराब तस्करों से रंगदारी वसूलने वालों में एक चढ़ा पुलिस के हत्थे,थार्नेट एवं दो कारतूस बरामद

रजौली। रजौली थाना क्षेत्र के भौंर गांव से पुलिस बलों ने जंगली क्षेत्रों में शराब तस्करों से रंगदारी वसूलने वाले गिरोह के एक सदस्य को एक थार्नेट और दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ गुलशन कुमार ने बताया कि पुलिस बलों को जंगली क्षेत्र में एक गिरोह द्वारा हथियार के बल पर शराब तस्करों से रंगदारी वसूल की जाती है। इस गिरोह में भौंर गांव निवासी दिलीप यादव के पुत्र कौशल कुमार के साथ अन्य लोग मौजूद हैं। सूचना के आलोक में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार को अग्रतर कार्रवाई हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। पुलिस द्वारा एक टीम का गठन किया गया,जिसमें अपर थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार,एसआई सचिन कुमार एवं एएसआई उपेंद्र कुमार के अलावे एसटीएफ बल मौजूद रहे। छापेमारी टीम ने सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई को लेकर बीते रविवार की देर रात्रि कौशल कुमार के घर पहुंचे और दरवाजे पर दस्तक दी,किंतु परिजनों द्वारा दरवाजा खोलने में काफी देरी की गई। इसी बीच पुलिस बलों ने देखा कि एक युवक घर की छत से दूसरे छत पर कूदकर भाग रहा है,जिसे पकड़ने हेतु काफी प्रयास भी किया गया। घर की तलाशी लेने पर एक युवक कौशल के घर में छुपा हुआ पाया गया,जिससे पूछताछ किया गया एवं घर की तलाशी लिए जाने पर एक थार्नेट और दो कारतूस बरामद किया गया। कौशल यादव की पत्नी द्वारा पुलिस को बताया गया कि हथियार के बारे में कौशल यादव ही बता सकता है। जब्त आग्नेयास्त्र और कारतूस के साथ युवक को हिरासत में लेकर थाना आया गया। वहीं पुलिस हिरासत में रहे युवक ने बताया कि वे कौशल यादव के साथ मिलकर हथियार खरीदे थे और अवैध शराब तस्करों को डराकर रंगदारी वसूलते थे। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त हथियार एवं गिरोह में रहे एक विधि निरुद्ध बालक के अलावे कौशल यादव के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस कौशल यादव की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है। वहीं हिरासत में रहे विधि निरुद्ध बालक को सोमवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उच्च माध्यमिक विद्यालय केवाली की विद्यार्थियों ने लहराया परचम

कौआकोल। प्रखण्ड के उच्च माध्यमिक विद्यालय केवाली के छात्राओं ने इस वर्ष घोषित मैट्रिक की परीक्षा में परचम लहराया है। विद्यालय के वरीय शिक्षक प्रीतम कुमार ने बताया कि मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में विद्यालय की छात्रा व करमा गांव निवासी अनुज प्रसाद की पुत्री नन्दनी कुमारी ने 469 अंक लाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का टॉपर बनीं। वहीं इसी गांव की अरुण प्रसाद की पुत्री ज्योति कुमारी ने 461 अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अलावे कई अन्य विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। सफल हुए विद्यार्थियों ने बताया कि विद्यालय के शिक्षक प्रीतम सर,सुमन पांडेय,बबिता कुमारी,अनुज सर,गौरव पटेल,अशोक,सत्येन्द्र आदि शिक्षकों के मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत व सही ढंग से हुई तैयारी के बदौलत बेहतर परिणाम हासिल हुई।

रजौली में नियमित टीकाकरण को सुदृढ़करण हेतु एक दिवसीय अन्तर विभागीय अभिसरण कार्यक्रम का आयोजन

प्रखंड सभागार में बीडीओ एवं विभिन्न विभागों के कर्मी

रजौली। गावी जीरो डोज 3.0 परियोजना के तहत पीसीआई द्वारा रजौली प्रखंड सभागार में सोमवार की दोपहर को प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ संजीव कुमार झा ने की। इस दौरान प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि बब्लू यादव,प्रभारी बीईओ सह बीसीओ राकेश कुमार एवं सीडीपीओ सीता कुजूर भी मौजूद रहे। कार्यशाला में संबोधित करते हुए पीसीआई जिला समन्वयक प्रिंस कुमार और रजौल प्रखण्ड समन्वयक पंकज कुमार ने जीरो डोज वाले बच्चों की पहचान और उनके शत-प्रतिशत टीकाकरण पर विस्तृत जानकारी साझा की। जिला समन्वयक ने बताया की जो बच्चे अब तक एक भी टीका नहीं ले पाए हैं,उन्हें चिन्हित कर जल्द से जल्द लक्ष्य प्राप्त करना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता है। प्रखण्ड समन्वयक पंकज कुमार ने सभी उपस्थित लोगों को स्थान केन्द्रीत करते हुए बताया कि हरदिया पंचायत में सुअरलेटी,पिपरा,परतौनिया एवं चोरडीहा में अभी तक बार-बार सर्वे का अर्थ है कि अभी तक आशा कार्यकता द्वारा वहां टीका दिया जाना शुरु भी नहीं किया गया है,जबकि बीते जनवरी से फरवरी माह में ही पूर्ण कर लेना था। साथ ही कार्यशाला में आईसीडीएस,जीविका,शिक्षा विभाग और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित अने पर विशेष बल दिया भी। कार्यशाला में मुख्य रूप से पीएचसी रजौली प्रभारी डॉ. सौरभ कुमार निराला,स्वास्थ्य प्रबंधक,डब्लूएचओ और पीएफआई के अलावे बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों के कर्मी उपस्थित रहे,जिन्होंने टीकाकरण अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

प्रधानाध्यापक को अश्रुपूर्ण विदाई, आदर्श सेवा और समर्पण की मिसाल बने प्रधानाध्यापक

रिटायर्ड प्रधानाध्यापक को पुष्पगुच्छ देते शिक्षक व अन्य कर्मी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

रजौली। नगर पंचायत रजौली बाजार स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में सोमवार को अत्यंत भावुक दृश्य देखने को मिला, जहां प्रधानाध्यापक भोला कुमार के रिटायर्ड होने पर आयोजित विदाई समारोह ने पूरे विद्यालय परिसर को भाव-विभोर कर दिया। शिक्षक मेराज कुमार और मुकेश कुमार पांडेय के कुशल संयोजन में आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षा समिति के अध्यक्ष, सचिव, और शिक्षक नेता अजीत कुमार व अशोक कुमार सहित नगर पंचायत के प्रबुद्ध नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विदाई की इस बेला में उपस्थित अतिथियों ने प्रधानाध्यापक को अंग वस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके उत्कृष्ट कार्यकाल के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। काशीचक प्रखंड के मूल निवासी भोला कुमार के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए शिक्षक नेता अजीत कुमार ने कहा कि रजौली की माटी में रहकर उन्होंने अपने नाम के अनुरूप अत्यंत सरल स्वभाव और अटूट समर्पण से विद्यालय को सदा गुलजार रखा है। उन्होंने रेखांकित किया कि भोला सर का कार्यकाल प्रखंड के तमाम दूर-दराज से आने वाले शिक्षकों के लिए एक जीवंत प्रेरणा स्रोत है, जिनसे कर्तव्यनिष्ठा की सीख लेकर शिक्षा जगत को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जा सकता है।

समारोह का वातावरण उस समय और भी हृदयस्पर्शी हो गया जब अपने प्रिय शिक्षक से बिछड़ते हुए छात्रों और सहकर्मियों की आंखें छलक पड़ीं और पूरा आयोजन एक अश्रुपूर्ण भावभीनी विदाई में परिवर्तित हो गया। अंत में विद्यालय परिवार ने उनके पदचिन्हों पर चलने और संस्थान को निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर करने का संकल्प लेते हुए उन्हें सप्रेम विदा किया।

राज्यस्तरीय कैडेट भारोत्तोलन प्रतियोगिता में सत्यम को दूसरा स्थान

नवादा के तीनों खिलाड़ियों ने जीता पदक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

नवादा/मोतिहारी। मोतिहारी जिले के सुगौली में 28 से 30 मार्च तक आयोजित तृतीय राज्यस्तरीय कैडेट भारोत्तोलन प्रतियोगिता 2026 में नवादा जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता में 9 से 13 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिसमें नवादा से भाग लेने वाले तीनों खिलाड़ियों ने पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया।

बालक वर्ग के 55 किलोग्राम भार वर्ग में सत्यम राज (पिता–सुधीर कुमार, ग्राम–बाली शाहपुर) ने कुल 135 किलोग्राम वजन उठाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उनके इस

उत्कृष्ट प्रदर्शन से जिले में खुशी की लहर दौड़ गई। वहीं, बालिका वर्ग के 35 किलोग्राम भार वर्ग में पूनम कुमारी (पिता–धर्मेंद्र मांझी, ग्राम–केवलबीघा बागीवगडिहा) ने स्नैच एवं क्लीन एंड जर्क में कुल 65 किलोग्राम वजन उठाकर तृतीय स्थान हासिल किया। इसी प्रकार बालक वर्ग के 40 किलोग्राम भार वर्ग में विक्की कुमार (पिता–राजा राम मांझी, ग्राम–केवलबीघा) ने कुल 88 किलोग्राम वजन उठाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

नवादा जिला भारोत्तोलन संघ के सचिव एवं शारीरिक शिक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन को देखते हुए भारत सरकार एवं बिहार सरकार की पहल पर 'खेलो इंडिया' के तहत एकलव्य सेंटर के लिए ट्रायल आयोजित किया गया, जिसमें तीनों खिलाड़ियों का चयन किया गया है। अब ये खिलाड़ी पढ़ाई के साथ-साथ भविष्य में ओलंपिक की तैयारी भी करेंगे।

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर नवादा जिला भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष डॉ. बसंत प्रसाद, इंटर विद्यालय आंती के प्रधानाध्यापक विजय कुमार, जिला स्काउट एंड गाइड के संगठन आयुक्त रामइकबाल शर्मा, रामविलास प्रसाद, शिव कुमार, अलखदेव प्रसाद, संतोष कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार उर्फ मुनि जी, कोषाध्यक्ष रणधीर वर्मा, बीसीसीआई नवादा अध्यक्ष राजेश कुमार मुरारी, सुभाष कुमार समेत अन्य खेल प्रेमियों ने बधाई दी है। इस उपलब्धि से यह स्पष्ट है कि नवादा के युवा खिलाड़ी सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी मेहनत और लगन से राज्य स्तर पर पहचान बना रहे हैं।

शिक्षक–अभिभावक संगोष्ठी में गूंजा सर्वांगीण विकास का संकल्प

कंचन कुमारी बनीं रजौली के निमाटांड़ विद्यालय की पहली 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर'

स्टूडेंट ऑफ द ईयर बनी छात्र को पुरस्कृत करते प्रधानाध्यापक व अन्य

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

रजौली। प्राथमिक शिक्षा निदेशालय के निर्देशों के अनुपालन में रजौली प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय निमाटांड़ में 'प्रवेश से प्रगति तक विद्यालय और अभिभावक साथ-साथ' विषय पर आधारित एक भव्य शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जहां शिक्षा की लौ को और प्रज्वलित करने के उद्देश्य से कक्षा 1 से 8 तक के छात्र-छात्राओं का प्रगति पत्र उनके अभिभावकों के साथ साझा किया गया। इस गौरवमयी अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, नियमित उपस्थिति और अनुशासन पर विशेष बल देते हुए अभिभावकों को बच्चों के भविष्य निर्माण में सहभागी बनने हेतु प्रेरित किया, वहीं प्रधानाध्यापक राजेश कुमार ने पोषक क्षेत्र के शत-प्रतिशत नामांकन और बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने का पुरजोर अनुरोध करते हुए यह संदेश दिया कि हर बच्चे की क्षमता अद्वितीय होती है,जिसका सही आकलन शिक्षक और अभिभावक मिलकर ही कर सकते हैं ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम के दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया, लेकिन आयोजन का सबसे मुख्य आकर्षण विद्यालय द्वारा शुरू की गई एक अनूठी और नई परंपरा रही जिसके तहत प्रधानाध्यापक राजेश कुमार ने 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' पुरस्कार की घोषणा की। इस वर्ष यह प्रतिष्ठित खिताब छात्रा कंचन कुमारी पिता शंकर प्रसाद के नाम रहा, जिन्हें विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा 501 रुपये की नकद प्रोत्साहन राशि, शिक्षक सच्चिदानंद प्रसाद द्वारा 101 रुपये एवं अन्य शिक्षकों द्वारा गुलदस्ता भेंट कर पूरे उत्साह के साथ सम्मानित किया गया। सैकड़ों ग्रामीणों और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में आयोजित इस गरिमामयी समारोह को सफल बनाने में मंजू कुमारी, निखत बानो, नीतू कुमारी, अंजू कुमारी, अनोज कुमार और सच्चिदानंद प्रसाद जैसे समर्पित शिक्षकों की महती भूमिका रही, जिसने शिक्षा के प्रति पूरे क्षेत्र में एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया है।

चौथी में प्रियांशु और पांचवीं में छोटी अव्वल, बच्चों में दिखा उत्साह

बच्चों के बीच परिणाम पत्रक वितरित करते प्रधान शिक्षक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

नरहट (नवादा): वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होने के अवसर पर नवसृजित प्राथमिक विद्यालय गारोबिगहा बेलदारी में शिक्षक एवं अभिभावकों की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान विद्यार्थियों को उनका परिणाम पत्रक भी वितरित किया गया। परीक्षा परिणाम में विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा एक में राधा कुमारी, कक्षा दो में निधि कुमारी, कक्षा तीन में सुभद्रा कुमारी, कक्षा चार में प्रियांशु कुमारी तथा कक्षा पांच में छोटी कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। रिजल्ट घोषित होते ही छात्रों में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर नवसृजित प्राथमिक विद्यालय गारोविगहा बेलदारी के प्रधान शिक्षक दीपक कुमार सहित शिक्षक शहानी आजमी, प्रीति कुमारी, प्रिया परिमल, सुजाता कुमारी उपस्थित रहे। इसके अलावा रसोइया अंजली देवी, रेखा देवी, रीना देवी, सचिव प्रीति देवी तथा विद्यालय के छात्र-छात्राएं भी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान सभी सफल विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय दायबिगहा में भी बच्चों के बीच रिजल्ट घोषित किया है। प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार द्वारा बच्चों के बीच परिणाम पत्रक वितरण किया गया।

रामनवमी शोभा यात्रा शांतिपूर्ण सम्पन्न, अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था में निकाली गयी शोभा यात्रा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

वारिसलीगंज। रामनवमी के पावन अवसर पर वारिसलीगंज नगर में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा श्रद्धा, उल्लास और अनुशासन के माहौल में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। पूरे शहर में "जय श्री राम" के गगनभेदी उद्घोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और नगर के प्रमुख मार्ग भगवा रंग में रंगे नजर आए। शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में रामभक्त शामिल हुए। विभिन्न अखाड़ों एवं समितियों द्वारा आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं, जिनमें भगवान श्री राम के जीवन से जुड़े प्रसंगों का जीवंत चित्रण किया गया। विशेष रूप से प्रभु श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की झांकी लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। श्रद्धालु झांकियों के साथ चलकर भक्ति में सराबोर दिखे।

जुलूस निर्धारित मार्गों से होते हुए शहर के प्रमुख चौक-चौराहों का भ्रमण करता रहा। जगह-जगह स्थानीय लोगों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। नगर का माहौल पूरी तरह उत्सवमय रहा और हर वर्ग के लोगों ने इसमें बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में पुलिस प्रशासन की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। जुलूस के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती, गश्ती दल की सक्रियता एवं वरीय अधिकारियों की सतत निगरानी के कारण कहीं भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई। थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने सतर्कता और संयम का परिचय देते हुए भीड़ को नियंत्रित किया और यातायात व्यवस्था को भी सुचारू बनाए रखा।वरीय पुलिस पदाधिकारी एवं स्थानीय प्रशासन की उपस्थिति में आम लोगों ने भी पुलिस के इस सहयोगी रवैये की सराहना की। वहीं, एनडीए कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धालुओं की सेवा हेतु विभिन्न स्थानों पर जलपान स्टॉल लगाए गए। भीषण गर्मी को देखते हुए खीरा, तरबूज एवं शीतल पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई, जिससे जुलूस में शामिल लोगों को काफी राहत मिली। कार्यकर्ताओं ने पूरे समर्पण भाव से सेवा कार्य में भाग लिया। समग्र रूप से वारिसलीगंज की रामनवमी शोभा यात्रा आस्था, सामाजिक एकता और प्रशासनिक कुशलता का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरी। यह आयोजन केवल धार्मिक उत्साह का प्रतीक रहा, बल्कि आपसी सौहार्द और अनुशासन का भी सशक्त संदेश देने में सफल रहा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

संक्षिप्त समाचार

ज्वेलर्स स्टाफ से लूट की कोशिश, पिस्टल तानी, बाइक सवार 3 बदमाशों ने किया ओवरटेक

नालंदा। नालंदा में हथियारबंद बदमाशों ने मुन्नालाल महेशलाल आर्य ज्वेलर्स के स्टाफ से लूट की कोशिश की। कर्मचारी किसी काम से बस पकड़ने के लिए रामचंद्रपुर बस स्टैंड जा रहे थे। जैसे ही वे काशी तकिया गली पहुंचे, एक बाइक पर सवार 3 हथियारबंद बदमाशों ने ओवरटेक किया और बैग छीनने की कोशिश की। स्टाफ ने बदमाशों का मुकाबला किया और उन्हें पकड़ने की कोशिश की। खुद को घिरता देख एक बदमाश ने पिस्टल तान दी और गोली चलाने की कोशिश की। जिसके बाद स्थानीय लोग जुटने लगे। तीनों अपराधी अपनी बाइक, एक कट्टा और कारतूस मौके पर ही छोड़कर भाग गए। घटना लहेरी थाना क्षेत्र के काशी तकिया गली की है।

बैग में थे कागजात, अपराधियों को थी नगदी की तलाशः घटना के संबंध में ज्वेलर्स के प्रोपराइटर सुभाष कुमार ने बताया कि कर्मचारियों को बैंक और निजी काम से पटना भेजा जा रहा था। अपराधियों को लगा कि बैग में बड़ी मात्रा में कैश या सोना-चांदी हो सकता है, जबकि बैग में केवल जरूरी कागजात थे। उन्होंने आक्रोश जताते हुए कहा कि शहर में अपराधियों का मनोबल इस कदर बढ़ गया है कि अब व्यापारी सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं।

राष्ट्रपति के आगमन को लेकर सख्त सुरक्षा का दावाः नालंदा में 31 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आ रही हैं। महामहिम के आगमन को लेकर पूरा जिला प्रशासन और पुलिस महकमा हाई अलर्ट पर होने का दावा कर रहा है। सुरक्षा व्यवस्था के बीच दिनदहाड़े लूट की कोशिश की गई है। शहर के व्यस्त इलाके में दिनदहाड़े हुई इस घटना से स्थानीय लोगों और व्यवसायियों में दहशत का माहौल है। लोग पुलिसिया गश्ती और वीआईपी सुरक्षा के दावों पर सवाल उठा रहे हैं।

गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही हैः लहेरी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि बदमाशों ने बैग छीनने का प्रयास किया था, जिसमें केवल कागजात थे। भागने के क्रम में उनकी बाइक और हथियार (कट्टा-कारतूस) बरामद कर लिए गए हैं। वाहन नंबर के आधार पर बदमाशों को चिह्नित कर लिया गया है और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

जीवन प्रमाणीकरण के लिए कल तक मौका, नहीं कराया तो पेंशन बंद हो जाएगी

1.70 लाख से ज्यादा लाभुकों का लाइफ सर्टिफिकेट लंबित

गयाजी। गयाजी में सामाजिक सुरक्षा पेंशन वाले हजारों लोगों के सामने अब बड़ा संकट खड़ा हो सकता है। जीवन प्रमाणीकरण की अंतिम तारीख 31 मार्च तय है, लेकिन अब तक बड़ी संख्या में लाभुक यह प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए हैं। जिले में हालात यह हैं कि करीब 1 लाख 70 हजार 641 पेंशनधारियों का जीवन प्रमाणीकरण अभी भी लंबित है। ऐसे में अगर समय रहते यह काम नहीं हुआ तो अगले महीने से उनकी पेंशन अटक सकती है और भागदौड़ से जुड़ी तमाम परेशानियां बढ़ सकती हैं। प्रशासन की ओर से साफ कर दिया गया है कि 31 मार्च के बाद सिर्फ उन्हीं लोगों को पेंशन मिलेगी, जिन्होंने जीवन प्रमाणीकरण से जुड़ी कागजी कार्रवाई पूरी करवा ली है। यह प्रक्रिया 22 दिसंबर 2025 से ही कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) के जरिए मुफ्त में चल रही है, लेकिन इसके बावजूद बड़ी संख्या में लोग अब तक नहीं पहुंच पाए हैं।

गांव-गांव में छूट रहे लोगः सबसे ज्यादा लंबित मामले गया सदर, टिकारी, मानपुर और बोधगया जैसे प्रखंडों में हैं। गया सदर में 20 हजार 990, मानपुर में 10 हजार 148 और टिकारी में 10 हजार 378 पेंशनधारी अब भी प्रमाणीकरण से बाहर हैं। बोधगया में भी 10 हजार 434 लोग इस सूची में शामिल हैं। इसके अलावा बाराचट्टी, बेलागंज, वजीरगंज, शेरघाटी, खिजरसराय जैसे प्रखंडों में भी हजारों लाभुकों ने अभी तक प्रक्रिया पूरी नहीं की है। बुजुर्ग और दिव्यांगों के लिए अलग व्यवस्था प्रशासन का कहना है कि अति वृद्ध और दिव्यांग पेंशनधारियों को राहत दी गई है। अगर फिंगरप्रिंट से प्रमाणीकरण नहीं हो पा रहा, तो आईरिस स्कैन से किया जा सकता है। इतना ही नहीं, जो लोग बिस्तर से उठ नहीं सकते, उनके लिए डोर-टू-डोर जाकर जीवन प्रमाणीकरण कराने का निर्देश दिया गया है। इसके बावजूद कई जगहों पर यह सुविधा जमीन पर पूरी तरह नहीं दिख रही।

फ्री सेवा, फिर भी वसूली की शिकायतः कई मामलों में आधार कार्ड या बायोमैट्रिक अपडेट नहीं होने की वजह से भी प्रमाणीकरण अटक रहा है। ऐसे लोगों को आधार केंद्र जाकर तुरंत अपडेट कराने को कहा गया है। जिनका आधार नहीं बना है, उन्हें भी जल्द से जल्द बनवाने का निर्देश दिया गया है। सरकार ने इस प्रक्रिया को पूरी तरह मुफ्त रखा है, लेकिन कुछ CSC केंद्रों पर पैसे वसूलने की शिकायतें भी सामने आई हैं। प्रशासन ने साफ किया है कि अगर किसी ने पैसे लिए तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा है। अंतिम मौका, वरना पेंशन बंद अब वक्त बहुत कम बचा है। जिन लोगों ने अभी तक जीवन प्रमाणीकरण नहीं कराया है, उनके पास सिर्फ एक दिन का मौका बचा है। बुजुर्गों के परिजनों की यह लापरवाही सीधे वृद्धों की जेब पर असर डाल सकती है। जिले में इतनी बड़ी संख्या में लंबित मामले यह भी दिखा रहे हैं कि जागरूकता और व्यवस्था दोनों स्तर पर अभी काफी काम बाकी है। यही वजह है कि पेंशनधारी जीवन प्रमाणीकरण का काम पूरा नहीं करवा पा रहे हैं।

गया जंक्शन पर वन्यजीव तस्करी का भंडाफोड़, 28 जिंदा कछुए बरामद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

गया। गया रेलवे स्टेशन पर सोमवार को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेल पुलिस (जीआरपी) की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वन्यजीव तस्करी के एक प्रयास को विफल कर दिया। तलाशी अभियान के दौरान 28 जीवित कछुए बरामद किए गए, जिन्हें बाद में वन विभाग के हवाले कर दिया गया। यह कार्रवाई 'ऑपरेशन विलेप' के तहत की गई, जिसमें आरपीएफ, सीपीडीएस टीम और जीआरपी के जवान शामिल थे। आरपीएफ थाना अध्यक्ष बनारसी यादव के अनुसार, वरीय अधिकारियों के निर्देश पर उप निरीक्षक मुकेश कुमार के नेतृत्व में टीम स्टेशन पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान प्लेटफॉर्म संख्या 2 पर खड़ी गाड़ी संख्या 13010 देहरादून-हावड़ा डाउन दून एक्सप्रेस के एक सामान्य कोच में संदिग्ध सामान दिखाई दिया। जांच के दौरान कोच संख्या ई.आर.-247139 में एक पिट्ठू बैग और एक प्लास्टिक का झोला लावारिस हालत में मिला। संदेह के आधार पर जब बैग और झोले की तलाशी ली गई, तो उनके भीतर जूट के बोरों में 28 जीवित कछुए पाए गए। यह देखकर टीम तुरंत सतर्क हो गई और सभी कछुओं को सुरक्षित कब्जे में लेकर बैग जब्त कर लिया गया। कछुए वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत संरक्षित श्रेणी में आते हैं, इसलिए मामले की सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई। कुछ ही देर में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर सभी कछुओं को अपने संरक्षण में ले लिया। अधिकारियों के मुताबिक, इन कछुओं की अवैध तस्करी कर अन्य राज्यों में भेजे जाने की आशंका थी, जिसे समय रहते रोक दिया गया। विशेषज्ञों का कहना है कि कछुए पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में इनकी तस्करी न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि पर्यावरण के लिए भी गंभीर खतरा है। इस कार्रवाई को वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक बड़ी सफलता माना जा रहा है, जिससे तस्करों के नेटवर्क पर भी अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

गयाजी में रामनवमी का झंडा उखाड़ने पर सख्त कार्रवाई

पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

गयाजी। गयाजी में सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश को पुलिस ने समय रहते नाकाम कर दिया। पानी टंकी पर लगे रामनवमी के झंडे को उखाड़ने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। घटना छकरबंधा थाना क्षेत्र के छकरबंधा गांव की है। 28 मार्च को गांव के स्कूल के पास पानी टंकी पर लगा झंडा किसी ने उखाड़ दिया है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखते ही एक व्यक्ति भागने लगा। जवानों ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पकड़े गए व्यक्ति ने पूछताछ में अपना नाम समतुलह अंसारी बताया। वह छकरबंधा का ही रहने वाला है।

माहौल खराब करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगीः इस मामले में वादी के लिखित आवेदन पर छकरबंधा थाना में कांड संख्या 08/26 दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि धार्मिक उन्माद फैलाने और माहौल खराब करने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसएसपी कार्यालय की ओर से स्पष्ट संदेश दिया गया है कि इस तरह की घटनाएं समाज में तनाव पैदा करती हैं। पुलिस ऐसे मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। स्थानीय स्तर पर भी पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। किसी भी भड़काऊ गतिविधि से दूर रहें। आपसी भाईचारा बनाए रखें।

मगध यूनिवर्सिटी में 25 अप्रैल को एलुमनी मीट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

गयाजी। मगध विश्वविद्यालय में 25 अप्रैल को एलुमनी मीट का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार के राज्यपाल सैयद अता हसनैन करेंगे। राज्यपाल सचिवालय से इसकी आधिकारिक सहमति भी यूनिवर्सिटी को मिल गई है। कार्यक्रम को लेकर यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से तैयारियां तेज कर दी गई है।

कैंपस में लगातार बैठकों का दौर चल रहा है। हर स्तर पर यूनिवर्सिटी की कोर टीम की ओर से प्लानिंग हो रही है। जनसंपर्क पदाधिकारी ने बताया कि कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही और कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम के मार्गदर्शन में काम चल रहा है। एलुमनी मीट को सफल बनाने के लिए कई समितियां बनाई गई हैं। हर समिति को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है।

1 अप्रैल को होगी अहम बैठकः कार्यक्रम की कमान समन्वयक प्रो. डॉ. निभा सिंह के हाथ में है। उनके नेतृत्व में तैयारियों की नियमित समीक्षा हो रही है। किस दिन क्या होगा, कौन जिम्मेदार होगा। इसकी पूरी रूपरेखा तैयार की जा रही है। इसी सिलसिले में 1 अप्रैल को एक अहम बैठक बुलाई गई है। यह बैठक शिक्षा विभाग के राधाकृष्णन सभागार में होगी। इसकी अध्यक्षता खुद कुलपति करेंगे। सभी समितियों के सदस्य शामिल होंगे।

अब तक का सबसे बड़ा आयोजनः विश्वविद्यालय प्रशासन का दावा है कि इस बार का एलुमनी मीट अब तक का सबसे बड़ा आयोजन होगा। पुराने छात्र-छात्राओं को जोड़ने और संस्थान की पहचान मजबूत करने पर फोकस है। कुल मिलाकर, 25 अप्रैल का यह आयोजन मगध विश्वविद्यालय के लिए प्रतिष्ठा का विषय बन गया है। प्रशासन इसे सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता है।

अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

नवादा। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विगत बैठक की कार्यवाही के अनुपालन की समीक्षा के साथ-साथ विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

जिला कल्याण पदाधिकारी श्री प्रकाश प्रियरंजन द्वारा अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत दिनांक 28.03.2026 तक इस अधिनियम के तहत कुल 270 कांड दर्ज किए गए हैं, जिनमें 261 मामलों में स्वीकृति प्रदान की गई है तथा 224 मामलों में मुआवजा राशि का भुगतान किया जा चुका है। 3 मामलों में पीड़ितों द्वारा मुआवजा लेने से इंकार किया गया है तथा 2 पीड़ित घर से बाहर हैं।पेंशन भुगतान के संबंध में बताया गया कि कुल 51 पेंशनधारियों को फरवरी माह तक पेंशन का भुगतान सुनिश्चित कर दिया गया है।

वहीं, थाना से प्राप्त प्रतिवेदन एवं न्यायालय में उपस्थिति के आधार पर कुल 73 पीड़ितों को यात्रा भत्ता एवं दैनिक भरण-पोषण की राशि उनके खातों में हस्तांतरित की जा चुकी है।

इसके अतिरिक्त, विभागीय पोर्टल पर दिनांक 28.03.2026 तक कुल 1627 कांड दर्ज हैं, जिनमें से 1574 मामलों में पीड़ितों/आश्रितों को प्रथम किस्त की अनुतोष राशि का भुगतान किया जा चुका है।

इसके साथ ही मैनुअल स्कैवेंजर रोजगार निषेध एवं पुनर्वास अधिनियम के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय निगरानी समिति की भी समीक्षा की गई। जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि सीवरेज वर्करों का नियमित चिकित्सीय परीक्षण कराया जा रहा है तथा संबंधित सभी कार्यपालक पदाधिकारी इस विषय में संवेदनशील हैं। इस पर जिला पदाधिकारी ने नगर परिषद नवादा, वारिसलीगंज, हिसुआ एवं नगर पंचायत रजौली के कार्यपालक पदाधिकारियों को समय-समय पर चिकित्सीय जांच सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि नगर परिषद नवादा, वारिसलीगंज, हिसुआ एवं नगर पंचायत रजौली में सीवर टैंक की सफाई हेतु एक-एक वाहन उपलब्ध कराया गया है। जिला पदाधिकारी ने आवश्यकतानुसार अतिरिक्त वाहनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर अपर समाहर्त्ता, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), विधायक रजौली के प्रतिनिधि, थानाध्यक्ष अनुसूचित जाति/जनजाति थाना नवादा, सामाजिक कार्यकर्ता एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

52 ग्राम पंचायतों में आधार सेवा उपलब्ध कराने को लेकर समीक्षात्मक बैठक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

नवादा। जिला पंचायत राज पदाधिकारी,श्री नवीन कुमार पांडेय द्वारा सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जिले के 52 ग्राम पंचायतों में प्रथम चरण में आधार सेवा प्रारंभ करने के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने बताया कि प्रथम चरण में 52 ग्राम पंचायतों में आधार सेवा प्रारंभ की जाएगी, जहां कंप्यूटर एवं प्रिंटर की व्यवस्था पूर्व में की जा चुकी है। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर आम नागरिकों को आधार से संबंधित सेवाएं सुलभ एवं सुलभता पूर्वक उपलब्ध कराना है।

उक्त 52 ग्राम पंचायतों की सूची निम्नलिखित हैः-

अकबरपुर प्रखंड (5) – माखर, मलिकपुर नेमदारगंज, पंचरुखी, पांती, फतेहपुर

गोविन्दपुर प्रखंड (3) – बनिया बिगहा, सुघड़ी, विशुनपुर

हिसुआ प्रखंड (4) – हादसा, छत्तीहर, सोनसा, कैथिर

काशीचक प्रखंड (1) – बेलार

कौआकोल प्रखंड (3) – देवनगढ़, पहाड़पुर, महोडर

मेसकौर प्रखंड (2) – तेतरिया, रसलपुर

नारदीगंज प्रखंड (3) – हंडिया, मसौढा, परमा

नरहट प्रखंड (4) – शेखपुरा, बभनौर, सैदपुर गोवासां, कोनिवर

नवादा प्रखंड (5) – भगवानपुर, सोनसिहारी, ओरैना, समाय, कादिरगंज

पकरीबरावां प्रखंड (3) – ज्यूरी, डुमरावां, ढोढा

रजौली प्रखंड (5) – लेंगुरा, फरका बुजुर्ग, हरदिया, सवैयाटांड़, जोगियामारन

रोह प्रखंड (5) – मरूई, रोह, छनौन, कुंज, मोरमा

सिरदला प्रखंड (6) – सांझ मझगांवा, बांधी, बड़गांव, खानपुरा, चौकिया, ऊपरडीह

वारिसलीगंज प्रखंड (3) – हाजीपुर, चकवाय, ठेरा।

बैठक के दौरान सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि एक सप्ताह के भीतर संबंधित ग्राम पंचायतों में आधार सेवा प्रारंभ करना सुनिश्चित करें। इसके लिए ग्राम पंचायतों में उपलब्ध राशि से अन्य आवश्यक उपकरणों की खरीद शीघ्र कर ली जाए।

सिलाव में अपराधियों का तांडव, बीच सड़क पर ताबड़तोड़ फायरिंग

वीआईपी मूवमेंट से पहले पुलिस के दावों पर सवाल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

नालंदा। नालंदा में रविवार को बीच सड़क पर अपराधियों ने हथियार लहराते हुए जमकर फायरिंग की। इसका वीडियो भी सामने आया है। जिसने वीवीआईपी मूवमेंट से पहले सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। घटना सिलाव थाना क्षेत्र के मस्जिद रोड की है। वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि दो युवक हाथ में हथियार लिए सड़क के बीचों-बीच खड़े हैं। ये बदमाश न केवल बेखौफ होकर हवाई फायरिंग कर रहे हैं, बल्कि किसी व्यक्ति को लक्ष्य कर गंदी-गंदी गालियां भी दे रहे हैं। शाम के वक्त हुई गोलीबारी से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सड़क पर चल रहे राहगीर अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर दुकानों और घरों में छिपते नजर आए। अपराधियों के हौसले इतने बुलंद थे कि उन्हें न तो कानून का भय था और न ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की परवाह।

गिरफ्तारी के लिए की जा रही छापेमारीः सिलाव थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अब तक तीन उपद्रवियों की पहचान कर ली गई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस विवाद की मुख्य वजह क्या थी और अपराधी किस पर हमला करने के इरादे से वहां पहुंचे थे।

पुलिस के दावों पर सवालः राष्ट्रपति के दौरे को लेकर पूरा जिला हाई अलर्ट पर है और चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। ऐसे संवेदनशील समय में सिलाव जैसे व्यस्त इलाके में हुई इस फायरिंग ने स्थानीय लोगों के बीच दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। लोग अब पुलिस के उन दावों पर सवाल उठा रहे हैं जिनमें अपराध नियंत्रण और चाक-चौबंद सुरक्षा की बात कही जा रही थी। फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है और दावा कर रही है कि जल्द ही सभी आरोपी सलाखों के पीछे होंगे।

भगवान महावीर की 2625वीं जयंती पर भव्य आयोजन, डीजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

नालंदा। भगवान महावीर की 2625वीं जन्म जयंती के पावन अवसर पर उनकी जन्मभूमि कुंडलपुर में दो दिवसीय 'कुंडलपुर महोत्सव-2026' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। भगवान महावीर की जन्मस्थली के रूप में विख्यात कुंडलपुर के नंधावर्त परिसर और मैदान में आज-कल 31 मार्च को आस्था-संस्कृति का संगम देखने को मिलेगा। उत्सव का शुभारंभ सुबह ध्वजारोहण के साथ हुआ है। इसके बाद एक भव्य रथ यात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा में दिगंबर जैन समाज के पुरुष, महिलाएं और बच्चे अपने हाथों में ध्वज लेकर सम्मिलित हुए हैं। यात्रा के दौरान पूरे नगर में मिष्ठान वितरण किया जाता है। भगवान महावीर के अहिंसामय सिद्धांतों का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। यात्रा के पुनः आयोजन स्थल पर पहुंचने के बाद भगवान महावीर जिनालय में विराजमान श्वेत वर्णी प्रतिमा का दूध, दही, घी और सुगंधित द्रव्यों से भव्य अभिषेक किया जाएगा। विश्व शांति की मंगल कामना के साथ भगवान के मस्तक पर विशेष शांति धारा की जाएगी।

भगवान महावीर की पावन जन्मस्थलीः कुंडलपुर में आयोजित जन्मोत्सव समारोह इस समय श्रद्धालुओं के उत्साह के साथ-साथ एक नए विवाद का केंद्र बन गया है। बिहार में त्योहारों के दौरान डीजे बजाने पर सरकारी पाबंदी के बावजूद, यहां आयोजित रथ यात्रा में डीजे की धमक साफ सुनाई दे रही है।

इस घटना ने प्रशासन की निष्पक्षता और नियमों को लागू करने के तरीकों पर गंभीर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। जयपुर से इस समारोह में शामिल होने आए श्रद्धालु विजय जैन ने बताया कि बिहार में डीजे पर प्रतिबंध की जानकारी होने के बावजूद यहां के उत्सव में डीजे बज रहा है और लोग उस पर झूम रहे हैं। उन्होंने इसे अपना सौभाग्य बताते हुए कहा कि प्रशासन के सहयोग से यहां भगवान महावीर का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। जहां एक ओर राज्य के अन्य हिस्सों में सख्ती है, वहीं यहां प्रशासन की मौजूदगी में ही डीजे के साथ जुलूस निकाला जा रहा है।

स्थानीय लोगों में नाराजगीः दूसरी ओर, प्रशासन के इस 'दोहरे मापदंड' को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। महदीनगर निवासी कपिल दास ने कहा कि रामनवमी के दौरान प्रशासन ने डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन कुंडलपुर की रथ यात्रा में नियमों को ताक पर रखकर डीजे बजाया जा रहा है। प्रशासन एक ही जिले में दो तरह के नियम लागू कर रहा है। एक तरफ जहां धार्मिक जुलूसों में पाबंदी लगाई जाती है, वहीं दूसरी तरफ उसी प्रशासन के संरक्षण में नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। दरअसल, बिहार सरकार ने ध्वनि प्रदूषण और सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए राज्य भर में डीजे के उपयोग को लेकर कड़े निर्देश जारी किए थे, जिसे हालिया रामनवमी के पर्व पर काफी सख्ती से लागू किया गया था। अब कुंडलपुर की इस घटना के बाद स्थानीय लोग और सामाजिक कार्यकर्ता यह सवाल पूछ रहे हैं कि क्या प्रशासन के नियम क्षेत्र और आयोजन के हिसाब से बदल जाते हैं। फिलहाल इस मामले पर स्थानीय पुलिस या जिला प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। महोत्सव का मुख्य आकर्षण शाम को आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। पर्यटन विभाग की ोर से आयोजित इस समारोह में प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी विशिष्ट अतिथियों, के शामिल होने की संभावना है, और उनके द्वारा ही दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया जाएगा। अतिथिगण भगवान के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित कर 'पालना झुलाने' और 'रत्न वृष्टि' की रस्म भी पूरी करेंगे। सांस्कृतिक संध्या को यादगार बनाने के लिए देश के नामचीन कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इस बार प्रसिद्ध जैन भजन गायक सत्य प्रकाश अपनी टीम के साथ भगवान का गुणगान करेंगे। साथ ही, कुमार गौरव संस्थान एवं नालंदा संगीत कला विकास संस्थान, पटना के कलाकारों द्वारा भगवान महावीर के जीवन दर्शन पर आधारित एक विशेष नृत्य नाटिका प्रस्तुत की जाएगी। इसके अतिरिक्त मुख्य कलाकारों में शीर्षा रक्षित, सुमित श्री बाबा, सौम्या मिश्रा, हर्षप्रीत कौर और शशांक एवं ग्रुप द्वारा लोक और शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

अहिंसा का होगा शंखनादः इस महोत्सव के माध्यम से कुंडलपुर की इस पावन धरती से एक बार फिर अहिंसा का शंखनाद पूरे विश्व में किया जाएगा। आयोजन समिति और जिला प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं और आम जनमानस को इस भव्य आयोजन का साक्षी बनने के लिए सादर आमंत्रित किया है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

संक्षिप्त समाचार

काराकाट से फरार शराब तस्कर गिरफ्तार, भैंस चोरी की शिकायत पर जांच शुरू

काराकाट /रोहतास। थाना क्षेत्र में शराबबंदी को लेकर पुलिस का अभियान तेज हो गया है। बेलवाई टोला से एक महीने पहले फरार हुए शराब धंधेबाज को पुलिस ने दबोच लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उधर, चिल्हा गांव में दो भैंसों की चोरी की घटना के बाद पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिस पर जांच चल रही है। थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि मार्च के पहले सप्ताह में बेलवाई टोला में शराब के अवैध धंधे की गुप्त सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने छापेमारी की, जिसमें शराब जब्त की गई, लेकिन आरोपी धंधेबाज खेत के रास्ते से भागने में सफल हो गए थे। लगातार प्रयास के बाद आज सोमवार को बेलवाई टोला से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा, "शराबबंदी के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। कोई भी दोषी बख्शा नहीं जाएगा। दूसरी घटना चिल्हा गांव की है, जहां तिलकधारी पासवान के पुत्र रामाशंकर पासवान के घर से दो भैंस चोरी हो गईं। पीड़ित रामाशंकर ने थाने में तहरीर देकर चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने पुष्टि करते हुए कहा, आवेदन प्राप्त हो चुका है। मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

दो पक्षों मे हुई मारपीट मे सात घायल

कोचस (रोहतास)। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत कंजर में आपसी विवाद को लेकर दो पक्ष में जमकर मारपीट हो गई है। इस मारपीट की घटना में एक पक्ष के सात लोग घायल हो गए हैं। सभी घायलों को कोचस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां चिकित्सकों ने इलाज करते हुए गंभीर की स्थिति देखकर रेफर कर दिया। वहीं घटना को लेकर कोचस थाने में आवेदन देते हुए पीड़िता संगीता देवी पति अंतू चौहान ने गांव के ही हरेंद्र चौहान, धर्मेंद्र चौहान व परसथुआ के सुभाष चौहान पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में पीड़िता ने कोचस थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

गैस की किल्लतो से नाराज लोगो ने की सड़क जाम, यातायात रहा बाधित

कोचस (रोहतास)। गैस की हो रही किल्लत को लेकर आम जनमानस झेल रही है वही जिले के वरीय पदाधिकारी द्वारा आम जनों को यह संतावना दिया जा रहा है कि जिले में गैस की कोई किल्लत नहीं है लेकिन गैस नहीं मिलने के बाद लोग नाराज हो सड़कों पर उतरने को मजबूर हो गए है। कोचस मे रसोई गैस की किल्लत को लेकर उपभोक्ताओं ने गांधी चौक स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 319 को कई घंटो तक जाम रखा। जिससे सड़क पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। बताया जाता है कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में गैस की आपूर्ति बाधित है, जिसके कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही पदाधिकारीयो के सूझबूझ से लोगो को समझा बुझा कर जाम को छुड़वाया गया और यातायात बहाल कराया गया।

दो लाख बावन हजार फाईन के साथ दो लोगों पर बिजली चोरी का प्राथमिकी दर्ज

राजपुर। नासरीगंज बिजली विभाग की टीम द्वारा एसडीओ राजू कुमार के नेतृत्व में सोमवार के क्षेत्र के अमाडी बजार पर बिजली चोरी के विरुद्ध जांच अभियान चलाया गया.इस दौरान दो दुकानदारों को बाईपास करके बिजली चोरी करते पकड़ा गया.जिनके विरूद्ध भारी फाईन के साथ राजपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया.जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष उमुस सलमा ने बताया कि अमाडी गांव निवासीमो निजामुद्दीन के बेटा अनवर अली के विरुद्ध विभाग द्वारा दो लाख बयालीस हजार तीन सौ ग्यारह रूपया एवं नजरे आलम पिता ना मालुम के विरूद्ध नौ हजार नौ सौ तीन रूपया का आर्थिक दण्ड निर्धारित करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया गया है.

बिजली विभाग की ने बकाएदारों के काटे गए कनेक्शन, वसूले 1.38 लाख रुपये

बकायेदारों से वसूली करते बिजली कर्मी

रजौली। रजौली प्रखंड के मलियातरी और लक्ष्मी बिगहा गांव में बिजली विभाग की विशेष टीम ने सघन राजस्व वसूली अभियान चलाकर क्षेत्र के बकाएदारों के खिलाफ सख्त रुख अख्तियार किया है। विभाग द्वारा गठित इस विशेष टीम ने कार्रवाई के दौरान कुल एक लाख अड़तीस हजार रुपये का राजस्व संग्रह किया, वहीं बार-बार चेतावनी के बावजूद बिल जमा न करने वाले 36 उपभोक्ताओं के विद्युत संबंध तत्काल प्रभाव से विच्छेदित कर दिए। वरीय प्रबंधक राकेश कुमार और कार्यालय अधीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में संचालित इस विशेष अभियान में काजल कुमारी, पूजा कुमारी एवं रौशन कुमार ने सक्रिय भूमिका निभाई, जिनके साथ क्षेत्रीय विद्युत कर्मी और मीटर रीडर भी मौके पर मौजूद रहे। इस कार्रवाई से क्षेत्र के बड़े बकाएदारों में हड़कंप मच गया है और विभाग ने स्पष्ट संदेश दिया है कि राजस्व संग्रहण में कोताही बरतने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध आगे भी इसी तरह का कड़ा रुख अपनाया जाएगा।

भाकपा माले का 11वां जिला सम्मेलन प्रारम्भ

वारिसलीगंज। नगर परिषद क्षेत्र के देवातिथय उत्सव मंडपम में कॉमरेड प्रफुल्ल पटेल सभागार व कॉ सुधीर राजवंशी मंच से भाकपा माले का 11वां जिला सम्मेलन शुरू हो गई। जिला सम्मेलन का उद्घाटन घोषी के पूर्व विधायक रामबली सिंह यादव एवं राज्य स्थायी समिति के सदस्य एवं पर्यवेक्षक निरंजन कुमार ने किया। इसके पूर्व गोप गुट के नेता दिनेश प्रसाद ने झंडोत्तोलन किया । इसके बाद संघर्षो में शहीद हुए साथियों को एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। मंच का संचालन भाकपा माले जिला सचिव कॉ भोला राम ने किया। सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार में देश व राज्य में भयंकर ऊर्जा संकट, गैस किल्लत से लोग परेशान हैं। लेकिन केन्द्र की मोदी सरकार की चुप्पी साधे हुए है और बड़े-बड़े पुंजीपतियो को फायदा पहुंचाने में लगे हैं। आज देश में गैस की दिक्कतें हो रही वह भाजपा सरकार जिम्मेवार है। युद्ध के नाम पर गरीबों पर महंगाई थोपी जा रही है। इसके खिलाफ आंदोलन ही एक मात्र रास्ता है। मौके पर कॉ नरेंद्र प्रसाद सिंह, अजीत कुमार मेहता, प्रमोद यादव , सावित्री देवी , सुदामा देवी , अरुण कुशवाहा, मंटु कुमार ,रमेश पासवान, श्रीकांत महतो, मेवालाल राजवंशी के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

चिकसिल बाजार में चोरों की सनसनी, करीब 20 लाख का सोना-चांदी लूट फरार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

रात भर चली हाथ-की-सफाई,

काराकाट /रोहतास। थाना क्षेत्र अंतर्गत चिकसिल बाजार के साहेब दयाल सिंह मार्केट में मां ज्वैलर्स एवं बर्तन दुकान पर सोमवार की अहले सुबह लगभग 3:30 बजे भीषण चोरी की वारदात में दुकानदार करीब 20 लाख रुपये के सामान से हाथ धो बैठे। चोरों ने न केवल शटर तोड़कर दुकान का शीशा और सीसीटीवी कैमरा तोड़ा, बल्कि DVR भी साथ ले गए और रातभर हाथ-की-सफाई से सोना-चांदी व बर्तनों की सफाई कर दी।

सूत्रों के अनुसार चिकसिल बाजार के इस ज्वैलर्स एवं बर्तन दुकान को सोनबरसा गांव निवासी स्वर्गीय हरिहर प्रसाद के पुत्र मिंटू प्रसाद लगभग 20 वर्षों से चला रहे हैं। पीड़ित दुकानदार मिंटू प्रसाद का कहना है कि चोरों ने सबसे पहले शटर को काटा, सीसीटीवी कैमरा तोड़कर डीवीआर भी निकाल लिया और इसके बाद रात भर हाथ-की-सफाई करते हुए पूरे सामान की लूट कर दी। उन्होंने दुख भरी आवाज़ में कहा कि रात में जब दुकान बंद करके घर लौटा तो सुबह सूचना मिली कि आपकी दुकान में चोरी हो चुकी है वापस आकर देखा तो सामान इधर-उधर बिखरा और सारा सामान चोरी हो चुका था। मैं पूरी तरह से बर्बाद हो गया हूं।

आवेदन के आधार पर दुकान मालिक ने कुल लगभग 20 लाख रुपये के सामान की चोरी होने की बात कही है, जिनमें लगभग 4 किलोग्राम चांदी के जेवर, 105 ग्राम सोने के गहने, लगभग 1 लाख 70 हजार रुपये नकद तथा कई मूल्यवान बर्तन शामिल हैं। दुकान स्वामी मिंटू प्रसाद ने घटना की सूचना मार्केट मालिक के साथ मिलकर काराकाट थाना में दी। सुबह पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची, मुआयना किया और थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज करने की गुहार लगाई।

थाना प्रभारी विवेक कुमार ने बताया कि चोरी की जांच की जा रही है, शिकायत दर्ज की गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अपराध की गहनता को देखते हुए एफएसएल टीम को सूचना दी गई है, जिसकी रिपोर्ट और आगे की जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय व्यापारियों में चोरी की इस घटना से भय का माहौल है और रात्रि गश्त व सुरक्षा व्यवस्था सुधारने की मांग उठ रही है।

पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय अपराधी गिरोह के सात सदस्यों को किया गया गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

सासाराम/रोहतास। पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय अपराधी गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में 16 आपराधिक कांडों का उद्वेदन हुआ है, जबकि 19 मामलों में इनकी संलिप्तता पाई गई है। एसपी रौशन कुमार ने नगर थाना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि यह गिरोह लंबे समय से शाहाबाद क्षेत्र में सक्रिय था। गिरोह के सदस्य मोबाइल झपटमारी, ट्रक से लूटपाट, चोरी और छिनैती जैसी वारदातों को अंजाम देते थे। उन्होंने बताया कि गिरोह के लगभग 160 से अधिक सदस्यों की पहचान पुलिस द्वारा की जा चुकी है। ये अपराधी सासाराम समेत अन्य शहरों में किराए के मकानों में रहकर घटनाओं को अंजाम देते थे।

बीते नवरात्रि के दौरान पुलिस गश्ती के क्रम में नवरत्न बाजार से दो संदिग्धों को पकड़ा गया था। पूछताछ और जांच के दौरान पूरे गिरोह का पर्दाफाश हुआ। पुलिस ने सात अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से दो की गिरफ्तारी भभुआ जिले से हुई है। अन्य सदस्यों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

बिहार स्थापना दिवस में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया गया सम्मानित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

वारिसलीगंज । प्रखंड अंतर्गत मकनपुर पंचायत के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय मसूदा में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। बिहार स्थापना दिवस, 2026(20 मार्च से 24 मार्च) के मौके पर आयोजित राज्य स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं में से चित्रांकन प्रतियोगिता में अनुराग कुमार (12th) ने राज्य स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया, क्विज प्रतियोगिता में सागर कुमार (11th) छठे स्थान पर रहें। वहीं जिला स्तर पर गणित ओलंपियाड में बालक वर्ग में नीतीश कुमार (11th), एवं बालिका वर्ग में सोहानी कुमारी (9th) ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं जिला का नाम रौशन किया। उन चारों छात्र-छात्राओं को विद्यालय स्तर पर सम्मानित किया गया। इस संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक डॉ. बॉबी कुमारी ने एवं संचालन वरीय शिक्षक विनोद कुमार ने किया।प्रधानाध्यापक डॉ. बॉबी कुमारी ने छात्रों से नियमित विद्यालय आने को कहा ताकि उनके अंदर छुपी प्रतिभा को पहचानने और निखारने में अपेक्षित सहयोग किया जा सके। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व जिला परिषद सदस्य श्री मति मीना देवी ने संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय में छात्रों का भविष्य पलता है इसलिए भेदभाव से मुक्त होकर कार्य करना एक शिक्षक का कर्तव्य होता है। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य के पति पप्पू चौधरी, समाज सेवी सुंदर प्रसाद, पंचम लाल,पूर्व जिला पार्षद मीना देवी जितेंद्र कुमार यादव, जितेंद्र चौधरी, सोनू कुमार आदि मौजूद रहे तथा इस मौके पर विद्यालय की ओर से प्रमोद कुमार निराला, राणा कुमार,संतोष कुमार शर्मा, सुखदेव पाल, मनोज कुमार यादव, कुणाल कुमार, आयुषी, निर्मला कुमारी, पूजा कुमारी, मकेश्वर नाथ और योगेंद्र महथा आदि शिक्षक मौजूद थे।

जनता की आवाज़ सीधे एसपी तक, पुलिस कार्यालय में लगा फरियादियों का जनता दरबार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

डेहरी/रोहतास। आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनने और त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस अधीक्षक, रोहतास रौशन कुमार ने पुलिस कार्यालय डेहरी में जनता दरबार लगाया। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याएं सीधे एसपी के समक्ष रखीं।

पुलिस अधीक्षक ने हर एक मामले को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए स्पष्ट कहा कि जनता की शिकायतों का निष्पक्ष और समयबद्ध निष्पादन हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त लहजे में चेतावनी दी कि लापरवाही या टालमटोल किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जनता दरबार में जमीन विवाद, आपसी रंजिश, मारपीट और अन्य सामाजिक समस्याओं से जुड़े कई मामले सामने आए, जिन पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। फरियादियों ने भी अपनी समस्याएं सीधे उच्च अधिकारी तक पहुंचने पर संतोष जताया और इस पहल की सराहना की। इस पहल से एक बार फिर यह संदेश गया कि रोहतास पुलिस आम जनता की सुरक्षा और न्याय के प्रति पूरी तरह संवेदनशील और प्रतिबद्ध है।

रोहतास में एन.डी.आर.एफ (NDRF) द्वारा CBRN आपदा पर मॉक ड्रिल एवं अभ्यास का सफल आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

सासाराम /रोहतास। सोमवार को जिला पदाधिकारी महोदया श्रीमती उदिता सिंह (भा.प्र.से.) के कुशल निर्देशन में रोहतास जिले में आपदा तैयारियों को सुदृढ़ करने हेतु एक महत्वपूर्ण अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। 9वीं बटालियन एन.डी.आर.एफ (NDRF) के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य बिंदु निम्नलिखित हैं:

DRDA सभागार में प्रशिक्षणः डीआरडीए (DRDA) सभागार, रोहतास में CBRN (Chemical, Biological, Radiological, and Nuclear - रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और परमाणु) आपदाओं से निपटने हेतु एक विस्तृत मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

सदर अस्पताल में मॉक एक्सरसाइजः सासाराम स्थित सदर अस्पताल में आपातकालीन स्थिति के दौरान त्वरित कार्रवाई और घायलों के उपचार हेतु व्यावहारिक अभ्यास (Mock Exercise) किया गया।

प्रतिभागीः इस संयुक्त अभ्यास में जिले के विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी, चिकित्सा कर्मी और संबंधित कर्मचारी सक्रिय रूप से सम्मिलित हुए।

उद्देश्यः इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य जिले में किसी भी प्रकार की रासायनिक या परमाणु आपदा की स्थिति में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना और राहत एवं बचाव कार्यों की दक्षता को परखना है। जिला प्रशासन, रोहतास आपदा प्रबंधन के प्रति पूर्णतः संवेदनशील और तत्पर है।

पूरे बिहार में एलपीजी प्लांट, रोहतास अब भी खाली-रोजगार और सप्लाई पर बड़ा सवाल

रोहतास उपेक्षित क्यों एलपीजी प्लांट के बिना गैस संकट और बेरोजगारी की दोहरी मार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

सासाराम रोहतास | रोहतास जिले की तस्वीर एक ऐसे क्षेत्र की बन गई है जहां मूलभूत सुविधा होने के बावजूद व्यवस्था की कमी साफ झलकती है। पूरे बिहार में एलपीजी गैस के बॉटलिंग प्लांट स्थापित हैं, लेकिन रोहतास आज भी इससे वंचित है। नतीजा यह है कि यहां के लोगों को गैस के लिए दूसरे जिलों पर निर्भर रहना पड़ता है और समय पर सिलेंडर मिलना भी एक चुनौती बन गया है।

राज्य में Indian Oil Corporation, Bharat Petroleum Corporation Limited और Hindustan Petroleum Corporation Limited के कई प्लांट सुचारू रूप से चल रहे हैं। इन प्लांटों से दूसरे राज्यों तक गैस की आपूर्ति हो रही है, लेकिन विडंबना यह है कि रोहतास जिले के लोग आज भी इंतजार में हैं।

ग्रामीण इलाकों में हालात ऐसे हैं कि गैस बुकिंग के बाद भी दिनों तक डीपी नंबर नहीं आता। रसोई ठप पड़ जाती है, महिलाएं परेशान होती हैं और लोग मजबूरी में पुराने साधनों का सहारा लेने को विवश हो जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर रोहतास में एक एलपीजी बॉटलिंग प्लांट स्थापित हो जाए, तो यह सिर्फ एक सुविधा नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए बदलाव की शुरुआत होगी। इससे कैमूर, औरंगाबाद, चंदौली, पलामू और गढ़वा जैसे आसपास के जिलों को भी सीधा लाभ मिलेगा।

सबसे बड़ा सवाल रोजगार को लेकर है। एक प्लांट खुलने से करीब 500 से अधिक लोगों को सीधे रोजगार मिलने की संभावना है। इसमें अधिकारी, कर्मचारी, हेल्पर और ड्राइवर तक शामिल होंगे। ऐसे में यह सिर्फ गैस की समस्या का समाधान नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य को संवारने का भी एक बड़ा मौका है।

अब सवाल यह उठता है कि जब हर जिले में सुविधा पहुंचाने की बात होती है, तो रोहतास को अब तक क्यों नजरअंदाज किया जा रहा है। क्या यहां के लोग इस सुविधा के हकदार नहीं हैं या फिर यह जिला सिर्फ वादों तक ही सीमित रह जाएगा।

स्थानीय ग्रामीणों ने सरकार, सांसद और विधायक से अपील की है कि इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए रोहतास में एलपीजी बॉटलिंग प्लांट स्थापित कराने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि जिले को भी उसका हक मिल सके।

जिला जनसंपर्क कार्यालय में परिचारी श्रीमती आशा कुमारी सिन्हा को दी गयी भावभीनी विदाई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

नवादा। जिला जनसंपर्क कार्यालय, नवादा में सेवानिवृत्ति के अवसर पर परिचारी श्रीमती आशा कुमारी सिन्हा को भावभीनी विदाई दी गई।उल्लेखनीय है कि श्रीमती आशा कुमारी सिन्हा की नियुक्ति जिला जनसंपर्क कार्यालय, नवादा में दिनांक 17 मई 2019 को हुई थी। इस प्रकार उन्होंने लगभग 6 वर्ष 10 माह तक पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए कार्यालय को अपनी महत्वपूर्ण सेवाएँ प्रदान कीं। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए प्रभारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री अमरनाथ कुमार ने कहा कि श्रीमती आशा कुमारी सिन्हा ने अपने सेवाकाल के दौरान अनुशासन, समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने अपने कार्यों के माध्यम से न केवल कार्यालय की कार्यप्रणाली को सुदृढ़ किया, बल्कि अपने सरल एवं सहयोगी स्वभाव से सभी के बीच विशेष स्थान बनाया। उन्होंने कहा कि उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। श्री हेमन्त कुमार ने अपने संबोधन में उनके कर्तव्यनिष्ठ आचरण, विनम्र व्यवहार एवं कार्यालयीन कार्यों के प्रति उनकी गंभीरता की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यालय को ऐसे ही समर्पित कर्मियों की आवश्यकता होती है। उन्होंने उनके उज्ज्वल एवं सुखद भविष्य की कामना की। श्री शशि कुमार ने कहा कि जिस निष्ठा, लगन एवं उत्साह के साथ उन्होंने अपने सेवाकाल को पूर्ण किया है, उसी सकारात्मकता के साथ वे अपने आगामी जीवन में भी परिवार के बीच सुख-शांति एवं आनंद के साथ समय व्यतीत करें तथा स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन जिएँ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डाटा एंट्री ऑपरेटर रजनी कुमारी ने उनके कार्यकाल को अत्यंत सराहनीय बताते हुए कहा कि उन्होंने सदैव अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करते हुए कार्यालय की गरिमा को बनाए रखा। वहीं कार्यपालक सहायक श्री कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने अपने सेवाकाल के दौरान न केवल कार्यालयीय कार्यों को कुशलतापूर्वक संपन्न किया, बल्कि अपने सरल स्वभाव एवं कार्यनिष्ठा से सभी का स्नेह एवं सम्मान भी अर्जित किया। उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। इस अवसर पर श्री शशि कुमार, श्री हेमन्त कुमार, डाटा एंट्री ऑपरेटर रजनी कुमारी, कार्यपालक सहायक श्री कमलेश कुमार सिंह, फोटोग्राफर/वीडियोग्राफर श्री सत्यम कुमार, वाहन चालक श्री रणवीर कुमार सहित कार्यालय के अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन वाले छात्रों को किया सम्मानित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

राजपुर। होम एक्जामिनेशन में बेहतर प्रदर्शन करने वाले भलुआही उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छात्र छात्राओं को सोमवार को सम्मानित किया गया. जानकारी देते हुए स्कूल के प्रधानाध्यापक नीला देवी ने बताया कि वर्ग एक से आठ तक के छात्रों को आगे की कक्षाओं में प्रवेश हेतु वार्षिक परीक्षा लिया गया था.परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को उनके रिपोर्ट कार्ड सहित कलम कॉपी समेत अन्य उपहार प्रदान करते हुए सम्मानित कर उत्साह वर्धन किया गया.

मौके पर गांव के समाजसेवी संतोष पांडेय,स्कूल अध्यक्ष प्रेमलता देवी, शिक्षक अशोक कुमार सेठ, नजान इलाही, कुमारी शबनम अभिभावक टुन्न पाण्डेय, अजय पाण्डेय, ओम प्रकाश पाण्डेय, सुरेंद्र राम समेत अन्य मौजूद रहे.

संक्षिप्त समाचार

705 लीटर कोडीन कफ सिरप जब्त

अररिया। अररिया पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। अररिया आरएस थाना पुलिस ने हड़िया चौक के पास से एक पिकअप वाहन से भारी मात्रा में कोडीन युक्त कफ सिरप बरामद किया है। जब्त किए गए कफ सिरप की कुल मात्रा 705 लीटर है। यह कार्रवाई एसपी जितेंद्र कुमार के निर्देश पर की गई। पुलिस टीम हड़िया चौक के समीप टॉल टैक्स के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पूर्णिया की ओर से आ रहे एक संदिग्ध पिकअप वाहन को रोकने का प्रयास किया गया।

गाड़ी से उतरकर खेतों की ओर भागने लगा ड्राइवरः पुलिस दल को देखते ही चालक ने करीब 100 मीटर पहले वाहन रोक दिया और गाड़ी से उतरकर खेतों की ओर भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया, लेकिन चालक मकई की फसल का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहा। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 45 कार्टूनों में भरी कुल 7050 बोतलें मिलीं। प्रत्येक बोतल 100 मिलीलीटर की थी, जिससे कुल 705 लीटर कोडीन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद हुआ। यह कफ सिरप एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रतिबंधित मादक पदार्थ की श्रेणी में आता है।

एनडीपीएस एक्ट के प्रोटोकॉल के अनुसार विधिवत जब्त कर लिया गयाः बरामद मादक पदार्थ को एनडीपीएस एक्ट के प्रोटोकॉल के अनुसार विधिवत जब्त कर लिया गया है। इस संबंध में अररिया आरएस थाना में काण्ड संख्या-66/26 दर्ज किया गया है। पुलिस अब फरार चालक और पूरे तस्करी नेटवर्क का पता लगाने के साथ ही अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए गहन छानबीन कर रही है। जब्त किए गए सफेद रंग के पिकअप वाहन (रजि. नंबर-BR01GG0498) को भी कब्जे में ले लिया गया है।

प्रतिमा विसर्जन के समय 2 पक्षों में विवाद, रोड जाम

बांका। बांका जिले के रजौन थाना क्षेत्र के जवाईचक गांव में रविवार रात प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो पक्षों में विवाद हो गया। इसके बाद विसर्जन यात्रा में शामिल लोगों ने भागलपुर-हंसडीहा मुख्य सड़क मार्ग को जाम कर दिया। इस विरोध प्रदर्शन के कारण करीब एक घंटे तक सड़क पर आवागमन बाधित रहा और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जानकारी के अनुसार, जवाईचक गांव में रामनवमी के अवसर पर अखंड हरीनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया था। इस दौरान भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण और महादेव सहित विभिन्न देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। संकीर्तन के समापन के बाद रविवार शाम प्रतिमा विसर्जन के लिए शोभायात्रा निकाली गई थी, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण पुरुष और महिलाएं शामिल थीं।

शोभायात्रा के दौरान डीजे की धुन पर लोग नृत्य कर रहे थेः बताया जा रहा है कि विसर्जन शोभायात्रा के दौरान डीजे की धुन पर लोग नृत्य कर रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद शुरू हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। इस घटना में कुछ लोगों को हल्की चोटें भी आईं। विवाद के बाद, आक्रोशित महिलाओं और पुरुषों ने जवाईचक गांव के पास भागलपुर-हंसडीहा मुख्य सड़क मार्ग पर प्रतिमाएं रखकर सड़क जाम कर दीं और विरोध प्रदर्शन करने लगे। घटना की सूचना मिलते ही एसआई मनोज मेहता पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। विसर्जन यात्रा में शामिल लोगों ने पुलिस से न्याय की मांग की। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद लोगों को समझा-बुझाकर स्थिति शांत की और सड़क से प्रतिमाएं हटवाकर यातायात बहाल कराया।

डांस करते समय एक-दो राउंड फायरिंग भी की गईः विसर्जन यात्रा में शामिल लोगों ने आरोप लगाया है कि डांस करते समय एक-दो राउंड फायरिंग भी की गई, जिससे विवाद की स्थिति बनी। हालांकि, घटना के वास्तविक कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। फिलहाल, किसी भी पक्ष की ओर से थाने में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। थाना अध्यक्ष राजरतन ने बताया कि पुलिस द्वारा मामले में जांच पड़ताल जारी है।

रसोई गैस की पर्याप्त उपलब्धता

अररिया। अररिया जिले में घरेलू रसोई गैस की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। जिला आपूर्ति कार्यालय के अनुसार, 17 मार्च से 29 मार्च 2026 के बीच जिला नियंत्रण कक्ष में कुल 196 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 165 का सफलतापूर्वक निपटारा कर दिया गया है। शेष 31 मामलों पर कार्रवाई जारी है। लंबित शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए संबंधित गैस एजेंसियों के एरिया मैनेजरों को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। इसी क्रम में, जिला प्रशासन ने जिले की 13 गैस एजेंसियों पर अचानक छापेमारी की। इस दौरान एजेंसियों के स्टॉक रजिस्टर, वितरण व्यवस्था और उपभोक्ताओं को सिलेंडर उपलब्ध कराने की प्रक्रिया की गहन जांच की गई। प्रशासन ने पाया कि सभी एजेंसियां नियमों के अनुसार कार्य कर रही थीं और कोई अनियमितता नहीं मिली।

जिले में कुल 55 गैस एजेंसियां कार्यरतः जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 55 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं। घरेलू गैस की आपूर्ति मांग से अधिक है और वितरण सुचारू रूप से चल रहा है। शहरी क्षेत्रों में बुकिंग के बाद 25 दिनों के भीतर और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के भीतर डिलीवरी सुनिश्चित की जा रही है। प्रशासन ने कालाबाजारी और जमाखोरी की किसी भी घटना पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। जिला नियंत्रण कक्ष 24 घंटे सक्रिय है। उपभोक्ता किसी भी समस्या या शिकायत के लिए दूरभाष संख्या 06453-222309 पर संपर्क कर सकते हैं। अनुमंडल स्तर पर भी अलग-अलग नियंत्रण कक्ष कार्यरत हैं। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे घबराएं नहीं, गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और आपूर्ति व्यवस्था मजबूत है।

केवल अधिकृत एजेंसियों से ही गैस सिलेंडर बुक करेंः भविष्य में भी छापेमारी अभियान जारी रहेगा ताकि पारदर्शी और समयबद्ध वितरण सुनिश्चित हो सके। उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि वे केवल अधिकृत एजेंसियों से ही गैस सिलेंडर बुक करें और डिलीवरी के समय सही वजन तथा रसीद की जांच अवश्य करें। यह कदम जिले में गैस आपूर्ति को और अधिक सुगम बनाने तथा उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए उठाया गया है।

बाबूपुर घाट पर युवक डूबा

भागलपुर। भागलपुर में सोमवार को गंगा स्नान करने के दौरान एक युवक पानी में डूब गया। काफी कोशिश के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला। तलाश की जा रही है। घटना सबौर थाना क्षेत्र के बाबूपुर गंगा घाट की है। लापता युवक की पहचान गजरेली निवासी प्रमोद यादव के बेटे के तौर पर हुई है। प्रत्यक्षदर्शी विनय कुमार ने बताया कि 100 से ज्यादा ग्रामीणों के साथ स्नान करने के लिए बाबूपुर घाट पर पहुंचे थे। तभी यह हादसा हुआ। उसे बचाने की कोशिश की गई, लेकिन वो गहरे पानी में चला गया।

रेस्क्यू में जुटी टीमः लापता युवक को दो बच्चे हैं। दोनों इपने पिता के साथ पहुंचे थे। तभी बच्चों के सामने ही पिता गंगा में लापता हो गए फिलहाल घटना के बाद से बच्चे का रो-रोकर बुरा हाल है। रेस्क्यू टीम तलाश कर रही है।

सामाजिक विज्ञान और गणित में छात्रों को खूब अंक मिले

भागलपुर। परीक्षा परिणाम में छात्रों का प्रदर्शन काफी बेहतर रहा है। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने 90-95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। सामाजिक विज्ञान, गणित में सबसे अधिक छात्र -छात्राओं को अंक आए हैं। टॉप टेन में 18 छात्र-छात्राओं को इन दो विषय में 99 अंक मिले हैं। वहीं हिन्दी व संस्कृत में भी 80 से अधिक अंक मिले हैं। बिहपुर हाई स्कूल की छात्रा प्रिया कुमारी को सामाजिक विज्ञान में 99 अंक मिले हैं। डीईओ राजकुमार शर्मा ने बताया कि बेहतर परिणाम के पीछे छात्रों की मेहनत के साथ-साथ शिक्षकों का मार्गदर्शन और अभिभावकों का सहयोग अहम रहा है, जो शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव का संकेत देता है।

छात्रों के मेहनत का परिणामः मैट्रिक में इस वर्ष छात्र -छात्राएं को भाषा, गणित, सामाजिक विज्ञान विषय में अधिक अंक मिले हैं। यह बच्चों के मेहनत का परिणाम हैं। इसके साथ बिहार बोर्ड में इंटर व मैट्रिक में 50 प्रतिशत ऑब्जेक्टिव प्रश्न पूछे जाते हैं। 50 अंक के ऑब्जेक्टिव में 100 अंक का ऑब्जेक्टिव दिया जाता है।

नदी में डूबने से बच्चे की मौत, रविवार से लापता था

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

बांका। बांका जिले के बौंसी थाना क्षेत्र के सांगा पंचायत स्थित बुढ़वा तरी गांव में नदी में डूबने से चार वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। बच्चा रविवार को लापता हो गया था और सोमवार को काफी खोजबीन के बाद उसका शव नदी से बरामद किया गया। गांव निवासी सद्दाम अंसारी का चार वर्षीय पुत्र करीम अंसारी अन्य बच्चों के साथ गांव के पास बहने वाली नदी में नहाने गया था। जब वह काफी देर तक घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। आसपास के लोगों से पूछताछ के बाद भी बच्चे का कोई पता नहीं चला। इसके बाद ग्रामीणों ने नदी किनारे खोजबीन शुरू की और आशंका जताई कि वह नदी में डूब गया है।

बड़ी संख्या में ग्रामीण नदी किनारे पहुंचेः ग्रामीण जमालुद्दीन ने बताया कि इन दिनों नदी के पास जल छाजन का कार्य चल रहा था। इस कारण नदी के पानी को रोक दिया गया था, जिससे जलस्तर सामान्य से काफी अधिक हो गया था। बढ़े हुए जलस्तर के कारण बच्चे की तलाश करना मुश्किल हो रहा था। बच्चे के लापता होने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण नदी किनारे पहुंचे और देर शाम तक उसकी खोजबीन करते रहे, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। देर रात ग्रामीणों ने जेसीबी मशीन की मदद से रोके गए पानी के अस्थायी बांध को काट दिया। इसका उद्देश्य जलस्तर को कम करना और खोजबीन को आसान बनाना था। सोमवार की सुबह जब पानी का स्तर कुछ कम हुआ, तो ग्रामीणों ने फिर से तलाश शुरू की। इसी दौरान नदी से बच्चे का शव बरामद किया गया।

नदी का पानी नहीं रोका गया होता तो यह हादसा नहीं होताः शव मिलने के बाद परिजनों में शोक छा गया। मृतक की मां सोफिया अंसारी का बुरा हाल था। परिजनों ने आरोप लगाया है कि यदि नदी का पानी नहीं रोका गया होता तो यह हादसा नहीं होता। उन्होंने इस घटना को लापरवाही का परिणाम बताया। बताया जाता है कि करीम अंसारी तीन भाइयों में मंझला था। उसके बड़े भाई का नाम रहीम अंसारी और छोटे भाई का नाम जहीम अंसारी (3 वर्ष) है। घटना की सूचना मिलने के बाद सोमवार सुबह प्रशासनिक अधिकारी गांव पहुंचे।मृतक के पिता ने प्रशासन को लिखित आवेदन भी दिया है। बौंसी थाना अध्यक्ष पंकज कुमार झा ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

बाबाजी कुटिया मंदिर में महाअष्टयाम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

अररिया। अररिया शहर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबाजी कुटिया स्थित बजरंगबली मंदिर में इस वर्ष भी भव्य महाअष्टयाम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 07 अप्रैल से शुरू होगा, जिसकी तैयारियां जोरों पर हैं। महाअष्टयाम से पहले, 06 अप्रैल को श्रीरामचरितमानस पाठ का शुभारंभ होगा। मानस पाठ के समापन के तुरंत बाद महाअष्टयाम प्रारंभ हो जाएगा, जो 12 अप्रैल रविवार तक चलेगा। इस दौरान मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया जा रहा है।

जिले की दर्जनों प्रसिद्ध कीर्तन मंडलियां भाग लेंगीः मां खड्गेश्वरी महाकाली के सिद्ध साधक नानु बाबा ने बताया कि इस महाअष्टयाम में जिले की दर्जनों प्रसिद्ध कीर्तन मंडलियां भाग लेंगी। ये मंडलियां भक्तों के लिए आकर्षक धार्मिक झांकियां भी प्रस्तुत करेंगी। पूरे आयोजन के दौरान हरे राम-हरे कृष्ण की गूंज के साथ भजन-कीर्तन का सिलसिला जारी रहेगा। काली मंदिर के सक्रिय कार्यकर्ता अरुण मिश्रा ने बताया कि बाबाजी कुटिया अररिया वासियों के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है। गर्मी के मौसम में भी यहां हजारों भक्त दूर-दूर से पहुंचते हैं। यह आयोजन शांति और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है।

खिचड़ी भंडारा का आयोजन किया जाएगाः महाअष्टयाम के समापन पर रविवार की सुबह भव्य खिचड़ी भंडारा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों भक्त प्रसाद ग्रहण करेंगे।

लिपिक-स्टेनो को निगरानी ने घूस लेते किया गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

भागलपुर। भागलपुर सदर अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय में सोमवार को निगरानी की टीम ने छापेमारी की। लिपिक (किरानी) और एक स्टेनो को 70 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। दरअसल, नाथनगर आपूर्ति कार्यालय में पदस्थापित अभिजीत कुमार से उनकी सेवा संपुष्टि (Service Confirmation) के एवज में 70 हजार रुपए की मांग की गई थी। कई बार अनुरोध करने के बावजूद लिपिक मयंक कुमार और स्टेनो प्रेम कुमार बिना पैसे काम करने को तैयार नहीं हुए, जिसके बाद पीड़ित ने पटना स्थित निगरानी विभाग में लिखित शिकायत दर्ज कराई।

पटना से कार्रवाई के लिए पहुंची टीमः शिकायत के सत्यापन के बाद निगरानी ने जाल बिछाया। पटना से डीएसपी विद्यांचल प्रसाद के नेतृत्व में 9 सदस्यीय विशेष टीम भागलपुर पहुंची। जैसे ही अभिजीत कुमार रिश्वत की राशि लेकर SDM कार्यालय पहुंचे, स्टेनो प्रेम कुमार ने उन्हें पैसे लिपिक मयंक कुमार को देने का इशारा किया। पैसे का लेनदेन होते ही सादे लिबास में तैनात निगरानी टीम ने दोनों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद निगरानी विभाग की टीम ने कागजी कार्रवाई पूरी कर मयंक कुमार और प्रेम कुमार को हिरासत में लेकर पटना चली गई। उन्हें पटना स्थित निगरानी न्यायालय में पेश किया जाएगा, जहां आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

रुपए नहीं देने पर काम पेंडिंग में डाल रखा थाः डीएसपी विद्यांचल प्रसाद ने बताया कि अभिजीत कुमार से सेवा संपुष्टि (Service Confirmation) के नाम पर 70 हजार रुपए की मांग की गई थी। अभिजीत ने सेवा संपुष्टि के लिए आवेदन दिया था, लेकिन पैसे नहीं देने के कारण उनका कार्य लंबित रखा गया। जिसके बाद अभिजीत कुमार ने निगरानी विभाग में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के सत्यापन में मामला सही पाया गया, जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज कर टीम का गठन किया गया और छापेमारी कर दोनों आरोपियों को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया।

नीतीश के इस्तीफे को बताया मर्यादा की मिसाल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



बेगूसराय। बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने विधान विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। भारतीय जनता पार्टी (BJP) ने इसे राजनैतिक शुचिता और मर्यादा की एक नई मिसाल बताया है। प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार ने हमेशा संवैधानिक मानदंडों और राजनैतिक मर्यादाओं का सम्मान किया है। उनका यह इस्तीफा उसी परंपरा की एक कड़ी है। नीतीश कुमार का कद अब राज्य की सीमाओं से ऊपर उठकर राष्ट्रीय राजनीति में और अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि अब वे दिल्ली में रहकर बिहार की मांगों और राज्य के विकास की आवाज को अधिक प्रखरता के साथ उठाएंगे। केंद्र में उनकी सक्रियता से बिहार को विशेष लाभ मिलेगा।

महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण दियाः नीरज कुमार ने यह भी स्पष्ट किया कि एनडीए का जो भी अगला मुख्यमंत्री होगा, वह नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में ही काम करेगा। उनके द्वारा शुरू किए गए विकास कार्यों, सिद्धांतों और नीतियों को आगे बढ़ाना एनडीए की प्राथमिकता रहेगी। नीतीश कुमार ने जंगलराज के अंधेरे को चीरकर विकास का सूरज उगाया था। उनके कार्यकाल को बिहार के कायाकल्प के रूप में देखा जाता है। उन्होंने सत्ता संभालते ही सबसे पहले राज्य में कानून-व्यवस्था को दुरुस्त किया, जिससे जनता में सुरक्षा का भाव पैदा हुआ। बिहार के दूर-दराज के गांवों को मुख्य सड़कों से जोड़कर राज्य की आर्थिक प्रगति की नींव रखी। बेटियों को साइकिल और पोशाक देकर शिक्षा के प्रति जागरूक करना हो या पंचायतों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देकर समाज की मुख्यधारा में लाने का ऐतिहासिक कार्य किया। हर घर बिजली और सात निश्चय योजनाओं के माध्यम से उन्होंने युवाओं और ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार किया। समाज को नशे की लत से बचाने के लिए शराबबंदी लागू की, जिसने लाखों परिवारों को उजड़ने से बचाया। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जीविका मिशन शुरू किया, जो आज देश के लिए एक मॉडल बन चुका है।

सीएम नीतीश कुमार ने हर वर्ग के लिए काम किया हैः नीरज कुमार ने आगे कहा है कि नीतीश कुमार ने केवल बिहार का मुख्यमंत्री बनकर राज नहीं किया, बल्कि उन्होंने सेवा को अधिकार बनाया। स्वास्थ्य केंद्रों को मजबूत करना और हर वर्ग तक विकास की किरण पहुँचाना उनकी प्राथमिकता रही।

इंजीनियर ने रचाई दूसरी शादी, पहली पत्नी का हंगामा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

भागलपुर। भागलपुर में इंजीनियर ने पहली पत्नी को धोखा देकर दूसरी शादी कर ली। जब इसकी जानकारी पहली पत्नी को मिली, तो वह हरियाणा से भागलपुर स्थित अपने ससुराल पहुंच गई और हंगामा करने लगी। दूसरी शादी को लेकर जब महिला ने सवाल किया, तो पति ने साफ कह दिया- "अब तुम्हें साथ नहीं रखेंगे।" पहली पत्नी ने सास-ससुर पर मारपीट का भी आरोप लगाया। हंगामे की सूचना पर डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराने की कोशिश की। इस बीच पुलिस के पहुंचते ही दूसरी पत्नी मौके से फरार हो गई। घटना सन्हौला थाना क्षेत्र की है।

2018 में हुई थी पहली शादीः महिमा गोविंदपुर गांव निवासी अरविंद शर्मा का बेटा शंकर शर्मा (35) मैकेनिकल इंजीनियर हैं। 2018 में उसकी शादी नरेंद्र शर्मा की बेटी काजल शर्मा (27) से हुई थी। काजल का कहना है कि शादी में दहेज के तौर पर 4 लाख रुपए नकद, 3 लाख रुपए का चेक, सोना-चांदी के गहने और घरेलू सामान दिए गए थे। पहली पत्नी ने ये भी आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही शंकर उसे प्रताड़ित करने लगे। उसे मारते पीटते थे।

पति बोला- अब तुम्हारे साथ नहीं रहनाः इंजीनियर शंकर की पोस्टिंग हरियाणा के गुरुग्राम में थी, जहां उनकी पत्नी काजल शर्मा भी उनके साथ रहती थीं। साल 2021 में वह नौकरी के सिलसिले में पत्नी के साथ पटना आ गए, जहां 2024 तक दोनों साथ रहे। इसी दौरान काजल एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपने पिता के गुरुग्राम स्थित घर चली गईं। इसके बाद शंकर ने अपना तबादला कराकर अप्रैल 2024 में हाजीपुर जॉइन कर लिया। बताया जा रहा है कि इसके बाद दोनों के बीच लगातार विवाद होने लगा। आरोप है कि 2025 में शंकर ने चोरी-छिपे किसी दूसरी लड़की से शादी कर ली, जिसकी जानकारी काजल शर्मा को हो गई। जब काजल ने इस बारे में पूछताछ की, तो शंकर ने साफ कह दिया- "अब तुम्हें साथ नहीं रखेंगे।"

दूसरी पत्नी भी भागीः काजल शर्मा ने बताया कि उसके पति शंकर शर्मा ने सन्हौला क्षेत्र की रहने वाली निशा उर्फ नीतू नूतन से गुप्त रूप से विवाह कर लिया था। रामनवमी के दिन वह दूसरी पत्नी को अपने घर भी लेकर आए थे। इसकी जानकारी मिलने के बाद काजल हरियाणा से भागलपुर स्थित अपने ससुराल गोविंदपुर पहुंची। वहां पहुंचते ही ससुर अरविंद शर्मा, सास अनीता देवी और अन्य परिजनों ने उसके और उसकी मां के साथ मारपीट की। काजल के मुताबिक, पुलिस जब घर आई तो इसी दौरान निशा उर्फ नीतू नूतन घर से फरार हो गई।

दहेज के लिए प्रताड़ना, दूसरी शादी और मारपीट का आरोपः घटना के बाद काजल शर्मा ने सन्हौला थाना में अपने पति शंकर शर्मा, ससुर अरविंद शर्मा और सास अनीता देवी के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही उन्हें दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। काजल का कहना है कि उनके रहते हुए ही पति ने दूसरी शादी कर ली और अब उन्हें साथ रखने से इनकार कर रहा है।

बिहार में टीआरई-4 की मांग को लेकर छात्रों की हुंकार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

बेगूसराय। बिहार में शिक्षक बहाली की प्रक्रिया को लेकर अभ्यर्थियों में रोष है। चौथे चरण यानी TRE-4 का विज्ञापन जारी करने की मांग को लेकर बेगूसराय के जीडी कॉलेज परिसर में छात्र-छात्राओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। सरकार की नीति के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बैठक का नेतृत्व बिहार स्टूडेंट यूनियन के अध्यक्ष और छात्र नेता दिलीप कुमार ने किया। दिलीप कुमार ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द ही विज्ञापन जारी नहीं हुआ, तो आने वाले अप्रैल महीने में पटना की धरती पर एक ऐसा आंदोलन होगा, जिसे सरकार कभी भूल नहीं पाएगी। इसलिए तुरंत विज्ञापन जारी किया जाए। दो सालों से शिक्षक बहाली के नियमित विज्ञापन का छात्र इंतजार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री अपनी समृद्धि यात्रा के दौरान हर मंच से टीआरई-4 की बात कर रहे थे। लेकिन हकीकत यह है कि अब तक इसका आधिकारिक विज्ञापन जारी नहीं किया गया है। छात्र-छात्राएं मानसिक तनाव में हैं और सरकार सिर्फ वादों का झुनझुना थमा रही है। तैयारी कर रहे लाखों अभ्यर्थियों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। उम्र सीमा खत्म हो रही है और बेरोजगारी का दंश झेल रहे युवा अब और इंतजार करने के मूड में नहीं हैं। जीडी कॉलेज में हुई इस बैठक में बेगूसराय जिले के अलावा आसपास के इलाकों से भी छात्र जुटे। छात्रों का कहना है कि सरकार बहाली के नाम पर सिर्फ समय काट रही है।

अब निर्णायक लड़ाई के मूड में अभ्यर्थीः दिलीप कुमार ने आगे कहा कि TRE-4 का विस्तृत विज्ञापन तुरंत जारी किया जाए। बहाली की पूरी समय-सारणी घोषित हो। रिक्तियों की संख्या स्पष्ट की जाए ताकि पारदर्शिता बनी रहे। बेगूसराय की यह बैठक तो सिर्फ एक शुरुआत है। हम लोग इसके लिए चरणबद्ध तरीके से आंदोलन कर रहे हैं।

मजदूर का बेटा ओम बना मैट्रिक में थर्ड टॉपर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

बेगूसराय। बिहार मैट्रिक परीक्षा 2026 का रिजल्ट रविवार को जारी कर दिया गया। इस बार 81.79% छात्र स्टूडेंट्स एग्जाम में पास हुए हैं। इसमें 48.66% छात्र और 51.33% छात्राएं सफल रहीं। मैट्रिक रिजल्ट ने बेगूसराय के एक साधारण परिवार में खुशियों का अंबार लगा दिया है। बरौनी प्रखंड के मालती गांव निवासी ओम कुमार ने पूरे बिहार में तीसरा स्थान (488 अंक) हासिल किया है। ओम की यह उपलब्धि इसलिए भी खास है, क्योंकि उनके पिता दीपक कुमार मिश्रा बरौनी डेयरी में एक दैनिक मजदूर के रूप में काम करते हैं। दीपक मिश्रा के लिए यह सफर आसान नहीं था। अपने इकलौते बेटे को बेहतर भविष्य देने के लिए उन्होंने दिन-रात एक कर दिया। ओम बताते हैं कि पिताजी ने मेरी पढ़ाई के लिए लगातार ओवरटाइम किया। कभी भी आर्थिक तंगी को मेरी शिक्षा के आड़े नहीं आने दिया। उनकी मेहनत ही मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा रही। उच्च विद्यालय राजवाड़ा के छात्र ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, कड़े अनुशासन और निरंतरता को दिया है।

सोशल मीडिया से खुद को दूर रखाः भास्कर से खास बातचीत में ओम ने बताया कि मेरा लक्ष्य पहले दिन से स्पष्ट था। स्कूल जाने के साथ-साथ मैंने कभी भी अनुशासन से समझौता नहीं किया। सेंटअप परीक्षा के बाद जब स्कूल की नियमित कक्षाएं बंद हुईं, तो मैंने अपना पूरा ध्यान सेल्फ स्टडी पर केंद्रित कर दिया। मैं रोज सुबह 4 बजे उठ जाता था, क्योंकि उस समय दिमाग सबसे शांत और एकाग्र रहता है। मैंने सोशल मीडिया और फालतू की बातों से खुद को पूरी तरह काट लिया था। मेरा बस एक ही सपना था स्टेट टॉपर बनना।टॉपर्स की सूची में नाम आने के बाद वेरिफिकेशन के लिए 26 मार्च को जब मैं बोर्ड ऑफिस गया तो सभी सब्जेक्ट की विशेषज्ञों ने क्वेश्चन पूछे। एसएसटी में रॉलेट एक्ट और सकल राष्ट्रीय उत्पाद के संबंध में पूछा गया। साइंस में निकट दृष्टि दोष और उसके उपचार, लिंग क्रोमोसोम के संबंध में पूछा गया। गणित में श्रीधराचार्य का सूत्र प्रूव करने, थेल्स थ्योरम, बहुलक के सूत्र और अंग्रेजी में हार्ड वर्ड लिखवा कर टेस्ट लिया गया।

मेरा पूरा परिवार खुश हैः ओम ने आगे कहा कि वहां विशेषज्ञों के पैनल ने कैमरे के सामने उनका इंटरव्यू लिया और अलग-अलग विषयों से जुड़े कठिन सवाल पूछे। आत्म विश्वास के साथ सभी उत्तर दिए। मुझे प्रथम स्थान की उम्मीद थी, लेकिन तीसरा स्थान पाकर भी मैं और मेरा परिवार बेहद खुश हैं। मेरी नजरें अब एक और बड़े लक्ष्य पर टिकी है। भविष्य में UPSC परीक्षा पास कर एक प्रशासनिक अधिकारी बनना चाहते हैं। मैं सिस्टम की उन खामियों को दूर करना चाहता हूं, जो आज भी समाज में मौजूद हैं। मेरा सपना यूपीएससी क्रैक कर देश की सेवा करना है।

बटे की पढ़ाई के लिए मैंने खूब मेहनत कियाः ओम के पिता दीपक कुमार मिश्रा बरौनी डेयरी में एक दैनिक मजदूर के रूप में कार्यरत हैं। बेटे की इस ऐतिहासिक सफलता पर उनकी आंखों में खुशी के आंसू हैं। दीपक मिश्रा ने अपनी भावनाओं को साझा करते हुए कहा कि मैं एक साधारण मजदूर हूं, रोज की मेहनत से घर चलाता हूं। मेरा एक ही सपना था कि जो कठिनाइयां मैंने झेली हैं, वो मेरा बेटा नहीं झेले। लोग कहते थे कि मजदूरी करके बेटे को बड़ा अफसर कैसे बनाओगे, लेकिन मैंने कभी हार नहीं मानी।

पूर्व रेलवे

खुली निविदा सूचना सं.: टीआरडी–डब्ल्यूसी–टी–2025–26–28, दिनांकः 27.03.2026, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा अपेक्षित निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस है और निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा केस सं. :टीआरडी–डब्ल्यूसी–टी–2025–26–28, कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल में साइबर सुरक्षा के कार्यान्वयन के साथ अण्डाल–सांईथिया और अण्डाल सीतारामपुर (बीबीआई सेक्शन होकर) में पुराने हो चुके एससीएडीए सिस्टम का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य :** रु. 1,51,81,646.17, **बयाना राशिः** रु. 2,25,900/–, **कार्य की समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 06 (छह) माह। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधताः** खुलने की तिथि से 60 दिन। **खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 04.05.2026 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।
ASN-412/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

खुली निविदा सूचना सं.: टीआरडी–डब्ल्यूसी–टी–जीएसयू–2025–26–01, दिनांक: 26.03.2026, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा अपेक्षित निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस है और निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा केस सं. :टीआरडी–डब्ल्यूसी–टी–जीएसयू–2025–26–01, कार्य का नाम:** निम्नलिखित टीआरडी कार्य (क) आसनसोल मंडल–तुलसीटांड़ में अप लूप, (ख) आसनसोल मंडल–छोटा अमबोना –अप द्वितीय लूप का प्रावधान, (ग) आसनसोल मंडल–तपसी–डीडी–2 तक/से सीधे रिसेप्शन/डिस्पैच सुविधाओं के साथ स्टेशन यार्ड की रिमॉडलिंग, (घ) आसनसोल मंडल–सोनाचारा में आइसोलेशन के साथ पूरी लंबाई में लूप। **निविदा मूल्य :** रु. 3,97,16,374.65, **बयाना राशिः** रु. 7,94,300/–, **कार्य की समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधताः** खुलने की तिथि से 45 दिन। **खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 30.04.2026 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।
ASN-410/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

संक्षिप्त समाचार

बिहिया में ट्रेन से गिरने से युवक की गई जान

आरा। आरा तियर थाना क्षेत्र के अंगरूआ गांव निवासी 35 वर्षीय युवक अनिल कुमार यादव की ट्रेन हादसे में मौत हो गई है। मृतक युवक कृष्णा सिंह के पुत्र थे। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अनिल कुमार अपने बीमार पिता के लिए दवा लेने हेतु शुक्रवार को पटना गए थे। शनिवार की देर रात वे पटना से वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान जब उनकी ट्रेन बिहिया स्टेशन के समीप पहुंची, तो महथीन माई स्थान के पास वे अनियंत्रित होकर ट्रेन से नीचे गिर गए। इस दुर्घटना में गंभीर रूप से चोटिल होने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना आरा जीआरपी (रेलवे पुलिस) को मिली, जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया। जीआरपी ने अनिल के परिजनों को इस घटना की जानकारी दी। खबर मिलते ही परिजन आरा जीआरपी पहुंचे, जहा उन्होंने शव की शिनाख्त की। आरा जीआरपी ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव का पोस्टमार्टम आरा सदर अस्पताल में कराया। अनिल की मौत के बाद उनकी पत्नी केशरी देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। आपको बता दे कि उनकी शादी रोहतास जिले के खैराहा गांव में हुई थी। अनिल के असमय चले जाने से उनके दो मासूम बच्चों—5 वर्षीय पुत्र शिवम और 7 वर्षीय पुत्री शिवानी के सिर से पिता का साया उठ गया है।

छापेमारी में अंग्रेजी शराब के साथ पांच गिरफ्तार

आरा। नवादा थाना पुलिस ने जगदेव नगर और बिहारी मिल के समीप की गई छापेमारी में अंग्रेजी शराब के साथ पांच व्यक्तियो को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पीएसआई अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्ती पर थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि बिहारी मिल पेट्रोल पंप के पास कुछ लोग शराब का सेवन और भंडारण कर रहे हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की और मौके से पांच लोगों को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके पास से उत्तर प्रदेश निर्मित 8 पीएम अंग्रेजी शराब के टेट्रा पैक बरामद किया। पकड़े गए व्यक्तियो की पहचान विनोद पासवान, मनंजय कुमार, पप्पू कुमार, शंकर कुमार और गुड्डू गोसाई के रूप में हुई है।

जय श्रीधर बाबा महोत्सव में दो गोला चैता का आयोजन

बक्सर। जिले में श्री रामनवमी के पावन अवसर पर जय श्रीधर बाबा महोत्सव के तहत भव्य सांस्कृतिक आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गई है। नगर के श्री गौरी शंकर मंदिर परिसर, सोहनी पट्टी म आगामीं 31 मार्च को दिन मंगलवार को शाम 7 बजे से दो गोला चैता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंगे। आयोजन समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, कार्यक्रम में प्रसिद्ध व्यास प्रभुनाथ तिवारी एवं सुदर्शन यादव अपनी प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भक्तिमय माहौल में सराबोर करेंगे। चैता गायन के माध्यम से भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को पारंपरिक और सांस्कृतिक रूप में मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका है। इनमें रिन्कू चौधरी, गोलू चौधरी, कन्हैया पटेल, दिवाकर पटेल, बुचन शर्मा, मुकेश चौधरी एवं अशोक चन्द्रवंशी सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और मंदिर परिसर को सजाने की तैयारियां भी जोरों पर हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन समाजसेवी राजेश यादव द्वारा किया जाएगा। आयोजन समिति में बब्लू चौधरी अध्यक्ष की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि दशरथ चौधरी, जितेन्द्र कुमार, कमलेश शर्मा, गुड्डू वार्ड पार्षद, प्रदीप शर्मा एवं मो० रिजवान भी आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

डॉ. दानिश रिजवान ने तेजस्वी यादव और कांग्रेस अध्यक्ष सहित कई दिग्गजों पर दर्ज कराई शिकायत

आरा। रविवार को हम पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ दानिश रिजवान ने सूबे के दिग्गज नेताओं के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए भोजपुर के साइबर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। डॉ रिजवान ने बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और महुआ के पूर्व विधायक मुकेश रौशन सहित कई अन्य नेताओं और सोशल मीडिया चैनलों पर उनके खिलाफ बड़ी साजिश रचने का गंभीर आरोप लगाया है। डॉ दानिश रिजवान के द्वारा साइबर थानाध्यक्ष को सौंपे गए आवेदन के अनुसार यह पूरा मामला एक वीडियो से जुड़ा है, जो करीब 9 साल पुराना है। डॉ रिजवान का कहना है कि 29 मार्च 2026 की शाम उन्हें उनके शुभचिंतकों और पत्रकारों से सूचना मिली कि राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स पर उनका एक वीडियो वायरल किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब उन्होंने खुद फेसबुक और अन्य प्लेटफार्म्स को देखा, तो पाया कि उनके 9 साल पुराने एक वीडियो के साथ छेड़छाड़ कर उसे फर्जी तरीके से पेश किया जा रहा है। उनके अनुसार इस वीडियो के माध्यम से विपक्षी नेता सरकार से उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की मांग कर रहे है। शिकायत पत्र में डॉ रिजवान ने इस बात का भी खुलासा किया कि उक्त वीडियो सबसे पहले 2017 में वायरल हुआ था। उस समय भोजपुर के तत्कालीन एसपी अवकाश कुमार की अनुशंसा पर तत्कालीन जिलाधिकारी संजीव कुमार ने न केवल उन्हे नोटिस जारी किया था, बल्कि उनके शस्त्र (हथियार) का लाइसेंस भी रद्द कर दिया था। डॉ दानिश ने स्पष्ट किया कि मामला अदालत में गया और न्यायालय के आदेश के बाद ही उनके शस्त्र लाइसेंस को दोबारा बहाल (पुनर्जीवित) किया गया था। उनका तर्क है कि जिस मामले में उन्हें कानूनी रूप से राहत मिल चुकी है, उसे 9 साल बाद फिर से उछालना एक गहरी राजनीतिक साजिश का हिस्सा है। डॉ दानिश रिजवान ने अपनी शिकायत में कहा कि उन्हें अल्पसंख्यक समाज का होने के कारण निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि तेजस्वी यादव, मुकेश रौशन और अन्य आरोपी आपस में साठगांठ कर जालसाजी के जरिए न केवल उनकी सामाजिक छवि को धूमिल करना चाहते है, बल्कि उन्हें इतना मानसिक तनाव दे रहे है कि वह आत्महत्या जैसा कदम उठाने को मजबूर हो जाए।

राज्यस्तरीय रैंक में सात परीक्षार्थी

बक्सर। बिहार बोर्ड की कक्षा दसवीं का परिणाम घोषित होते हीं जिले के छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई। मिठाई खिलाने का दौर शुरू हो गया। बता दे की राज्य की टॉप 10 की सूची में जिले के 7 छात्र-छात्राओं का दबदबा रहा है। यह सभी छात्र-छात्रा ग्रामीण परिवेश से हैं तथा इनमें से कई सुदूरवर्ती इलाके के हैं। जिले के राजपुर प्रखंड की काकरिया गांव की उच्च माध्यमिक विद्यालय खुराना की छात्रा अनूपा कुमारी राज्य में तीसरा रैंक प्राप्त की है। उसे 97.6 प्रतिशत कुल 488 अंक प्राप्त हुए हैं। अनूपा ने बताया कि वह आगे पढ़ाई कर जेईई इंजीनियर बनना चाहती है। बेटी की सफलता पर गर्व करते हुए उसके पिता नित्यानंद सिंह यादव ने बताया कि वह पढ़ने में काफी मेधावी रही है तथा सरकारी विद्यालय में ही पढ़ाई की है। वह रात में 6-7 घंटे तक रात में पढ़ती थी। पढ़ाई इतना करती थी कि उसे मना करना पड़ता था कि अब पढ़ाई ना करो आराम करो। डॉक्टर बनकर समाजसेवा करना चाहती है सिमरन सिमरन के पिता सोनू मालाकार मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। सिमरन का सपना डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना है। इसके लिए वह आगे नीट परीक्षा की तैयारी करेगी। उसकी इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि मेहनत और लग्न के दम पर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। मैट्रिक के बोर्ड परीक्षा में जिला में टाप 10 में +2 एस जे के उच्च विद्यालय की छात्रा कल्पना कुमारी ने 8 वीं रैंक हासिल किया। यदि पिछले 5 वर्षों के परीक्षा परिणाम को देखें तो लड़कियां लड़कों पर भारी पड़ती आई है। जो समाज के लिए शुभ संकेत है। हालांकि लड़कों को भी सोचना पड़ेगा आखिर वे पीछे क्यों रह जाते हैं। इधर सभी मेधावी छात्र-छात्राओं की सफलता पर उनके परिजनों, अभिभावकों और शिक्षकों में खुशी की लहर है। +2 एस जे के उच्च विद्यालय कैथना के प्रधानाध्यापक प्रेम शंकर पाल ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी। बक्सर की बेटियों की यह उपलब्धि न केवल जिले बल्कि पूरे बिहार के लिए गर्व की बात है।

बढ़ती गर्मी और संभावित हीट वेव से निपटने की तैयारी तेज

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

◆ डीएम ने दिए विभिन्न विभागों को सख्त निर्देश

बक्सर। बक्सर में बढ़ती गर्मी और संभावित हीट वेव के मद्देनजर जिला पदाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय सभाकक्ष में हुई इस बैठक में विभिन्न विभागों को लू से बचाव और राहत के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए गए। नगर विकास विभाग को सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल (पियाऊ) की व्यवस्था करने और जागरूकता संबंधी अलर्ट प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, खराब चापाकलों की युद्ध स्तर पर मरम्मत तथा शहरी आश्रय स्थलों पर पेयजल और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को भी कहा गया।

आइसोलेशन वार्ड और कूल रूम बनाने के निर्देश भी दिए: स्वास्थ्य विभाग को सभी अस्पतालों में लू प्रभावित मरीजों के इलाज के लिए विशेष इंतजाम करने के निर्देश दिए गए। इसमें ओआरएस (ORS), आईवी फ्लूड और जीवन रक्षक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना शामिल है। आवश्यकता पड़ने पर आइसोलेशन वार्ड और कूल रूम बनाने के निर्देश भी दिए गए। शिक्षा विभाग को स्कूलों का संचालन सुबह की पाली में करने, बच्चों के लिए पेयजल और ओआरएस की व्यवस्था करने तथा हीट वेव से बचाव की जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए गए। आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी पंखा, पेयजल और जागरूकता सामग्री उपलब्ध कराने को कहा गया है।

सुबह और शाम के समय काम कराने के निर्देश दिए गए: ग्रामीण और श्रम विभाग को मनरेगा (MNREGA) तथा अन्य मजदूरों के कार्य समय में बदलाव कर उन्हें सुबह और शाम के समय काम कराने के निर्देश दिए गए। कार्यस्थलों पर पेयजल, शेड और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा गया है। इसके अतिरिक्त, पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था, परिवहन संचालन को सीमित करने, बिजली के ढीले तारों की मरम्मत करने और व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी जारी किए गए। जिला पदाधिकारी ने सभी विभागों को समन्वय स्थापित कर हीट वेव एक्शन प्लान के तहत प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसका उद्देश्य आमजन को भीषण गर्मी से सुरक्षित रखना है।

ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

आरा। दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर रविवार को ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। दिल्ली में काम करता था। होली की छुट्टी में घर आया था। मृतक की पहचान तीयर के अंगरुआं गांव निवासी कृष्णा सिंह का पुत्र अनिल कुमार यादव(36) के तौर पर है। घटना आरा स्टेशन के पश्चिम साइड अप लाइन की है। परिजन ने बताया कि अनिल के पिताजी का आईजीएमएस से इलाज चल रहा है। उनके बहनोई नंद किशोर पटना में रहते हैं। बिहिया से ट्रेन पकड़कर दवा लेने गया था। पटना में बहनोई ने दवा खरीदकर दे दिया। साथ जंक्शन तक आए। टिकट कटाकर घर फोन करके कहा कि मैंने दवा दिला दिया है। कुछ देर में बात ट्रेन पर बैठ जाएंगे।

खोजबीन के दौरान रेल पुलिस से मिली जानकारी: शाम करीब चार बजे अनिल कुमार यादव ने घर पर फोन करके कहा कि मैं ट्रेन पर बैठ गया हूं। लेकिन काफी देर होने के बाद भी घर नहीं लौटे। जिसके बाद परिवार के सदस्य खोजबीन करने लगे। इस दौरान बिहिया स्टेशन पर आरपीएफ पुलिस से सूचना मिली कि एक व्यक्ति की मौत ट्रेन से कटकर हुई है। सूचना पाकर परिजन आरा रेल थाना पहुंचे। शव को देखकर उनकी पहचान की।

घर में मचा कोहराम: सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक अपने तीन भाई और तीन बहन में पांचवें स्थान पर था।

बारात में हर्ष फायरिंग, 2 लोग घायल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

◆ युवक के प्राइवेट पार्ट के पास लगी गोली, डॉक्टर ने ऑपरेशन करके बुलेट निकाला

आरा। भोजपुर के रतनाढ़ गांव में रविवार देर रात दरवाजे पर बारात लगने के दौरान हर्ष फायरिंग की गई। इस दौरान गोली लगने से एक युवक समेत 2 लोग घायल हो गए। परिजनों ने आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया। घटना गड़हनी थाना क्षेत्र की है। घायलों में रोहतास जिले के अमियावर गांव निवासी मो. इसराइल अंसारी के पुत्र मो. जहांगीर अंसारी और नासरीगंज थाना क्षेत्र के पोखराहा गांव निवासी मो. सागीर अंसारी के पुत्र मो. मजहर अंसारी(11) शामिल है। दोनों को पैर और हाथ में गोली लगी है। दोनों बराती पक्ष से आए हुए थे।

फायरिंग के बाद भगदड़ मच गई: घायल जहांगीर अंसारी ने बताया कि रोहतास के पोखराहां गांव से बारात रतनाढ़ गांव निवासी अब्दुल कलाम के घर आया हुआ था। जैसे ही बारात गांव के समियाना में पहुंची तो डीजे के पास कुछ लोग ताबड़तोड़ हर्ष फायरिंग कर रहे थे। एक युवक गोली लोड कर रहा था। तभी गोली फायरिंग हो गई और जांघ के प्राइवेट पार्ट के पास लग गई। बुलेट लगने के बाद मैं खून से लथपथ होकर गिर गया। इसी बीच दूसरी फायरिंग में मजहर के हाथ में गोली जा लगी। इसके बाद मौके पर भगदड़ मच गई।

दोनों की हालत पहले से बेहतर: ऑन ड्यूटी डॉक्टर सौरभ ने बताया कि जहांगीर को गोली उसके प्राइवेट पार्ट के समीप लगी थी,काफी ज्यादा खून का रिसाव हो गया था। एक बड़ा ऑपरेशन कर गोली को निकाल दिया गया है। जबकि मजहर को गोली हाथ में लगी थी। बारूद के छिंटे चेहरे पर लगा है। दोनों की हालत पहले से बेहतर है। ऑब्जरवेशन में रखकर इलाज किया जा रहा है। वहीं, इस संबंध में गड़हनी थानाध्यक्ष कमलजीत ने बताया कि बारात के दौरान हर्ष फायरिंग की जा रही थी। उसी दौरान दो लोगों को गोली लगी है। एक युवक का नाम सामने आ रहा है।

हथियारबंद बदमाशों ने युवक को मारी गोली

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

आरा। भोजपुर में रविवार देर शाम फेसबुक पर हुए गाली-गलौज को लेकर हथियारबंद बदमाशों ने घर पर चढ़कर युवक को गोली मार दी। बुलेट दाहिने हाथ के कलाई के ऊपर लगी है। इलाज के लिए सदर अस्पताल में एडमिट कराया गया है। घायल की पहचान पैगा गांव वार्ड नंबर-14 निवासी अमित सिंह(25) के तौर पर हुई है। घटना बड़हरा थाना क्षेत्र की है। भाई सुमित कुमार सिंह ने बताया कि परशुराम सिंह नामक व्यक्ति ने उनके मामा कौशल सिंह के साथ फोटो खींचवाया था। जिसे लेकर दो दिन पहले फेसबुक पर दोनों ने एक-दूसरे को गाली-गलौज किया था। हालांकि उसके बाद बात खत्म हो गई थी। शनिवार को गांव में ही स्थित गुमटी पर था। तभी परशुराम सिंह ने उनके साथ मारपीट की गई थी। इस मामले में स्थानीय थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

जमीन पर कब्जा करना चाहता है: सुमित सिंह ने आगे बताया कि रविवार देर शाम उसका भाई अमित सिंह अपने दरवाजे पर था। तभी परशुराम सिंह अपने अन्य लोगों के साथ दरवाजे पर आ धमका और फायरिंग करने लगा। इस दौरान उनके भाई अमित सिंह को गोली लग गई। पिता के मौत होने के बाद उसके पाटीदार परशुराम सिंह दो बिघा जमीन पर कब्जा जमाना चाहते हैं। बराबर जान से मारने की धमकी दी जाती थी।

पुलिस अपने स्तर से छानबीन कर रही है: अमित सिंह के भाई सुमित कुमार सिंह ने परशुराम सिंह, गुड्डू सिंह, सुमन सिंह सहित उनके साथ रहे अन्य लोगों पर गोली मारने और दो राउंड फायरिंग करने का आरोप लगाया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

रोड एक्सीडेंट में युवक की हुई मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

◆ परिवार ने सीसीटीवी फुटेज की मांग की, पोस्टमार्टम से इनकार

बक्सर। बक्सर जिले के औद्योगिक थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में युवक नितीश कुमार तिवारी (28) की मौत हो गई। काली मंदिर के पास एक अज्ञात वाहन ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी। मृतक गोगौरा गांव का निवासी था। परिजनों ने इसे सामान्य हादसा मानने से इनकार करते हुए हत्या की आशंका जताई है। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। घायल नितीश कुमार को तुरंत बक्सर सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचे।

तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी: मृतक के पिता अवधेश तिवारी ने बताया कि नितीश अपने पैतृक गांव गोगौरा से स्कूटी पर सवार होकर बक्सर स्थित अपने घर लौट रहा था। काली मंदिर के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। नितीश की शादी नौ महीने पहले हुई थी। परिजनों ने आरोप लगाया है कि यह सामान्य सड़क हादसा नहीं, बल्कि सुनियोजित हत्या है। उन्होंने मांग की है कि जब तक घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों का फुटेज नहीं दिखाया जाता, तब तक वे शव का पोस्टमार्टम नहीं होने देंगे। इस मांग को लेकर परिजनों ने सदर अस्पताल में हंगामा भी किया।

परिवार के सदस्य तुरंत अस्पताल पहुंचे: नितीश के दादा, जो सेना से सेवानिवृत्त हैं, ने उसके मोबाइल पर फोन किया। पुलिस ने फोन उठाया और उन्हें हादसे की सूचना दी। इसके बाद परिवार के सदस्य तुरंत अस्पताल पहुंचे, जहां नितीश का शव रखा हुआ था। बताया जाता है कि नितीश ट्रांसपोर्टिंग का काम करता था और अपने दो भाइयों में सबसे बड़ा था। परिवार की जिम्मेदारी भी उसी के कंधों पर थी। उसकी असमय मौत से पूरे परिवार का सहारा छिन गया है।

घटना स्थल के सीसीटीवी फुटेज की जांच कराई जाएगी: मामले को लेकर औद्योगिक थानाध्यक्ष सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों को समझा-बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। साथ ही उन्हें आश्वासन दिया गया है कि घटना स्थल के सीसीटीवी फुटेज की जांच कराई जाएगी और सच्चाई सामने लाई जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है, लेकिन इस घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या यह वाकई एक हादसा था या इसके पीछे कोई साजिश छिपी है? इस सवाल का जवाब अब जांच के बाद ही सामने आएगा। वहीं, एक खुशहाल परिवार की दुनिया उजड़ने से पूरे इलाके में शोक की लहर है।

भाजपा की विचारधारा ही कार्यकर्ताओं की संपत्ति

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

बक्सर। भारतीय जनता पार्टी एक गतिशील, प्रगतिशील पार्टी के रूप में अपनी पहचान और स्थान स्थापित कर ली है। भारतीय जनता पार्टी ने ओमप्रकाश भुवन जिला अध्यक्ष बक्सर के नेतृत्व में जिले भर में कार्यकर्ता प्रशिक्षण महाअभियान चला रही है। भाजपा अपने आधार स्तंभ को मजबूत रखते हुए अपने कार्यकर्ताओं के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के माध्यम से वैचारिक रूप से मजबूत करती रही है।अपने विचारधारा के बल पर ही शुन्य से शिखर तक की यात्रा की है। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा की विचारधारा ही कार्यकर्ताओं की असली संपत्ति और पूंजी है। प्रशिक्षण महाअभियान के तहत रविवार को जिले के चार मंडलों में केसठ, चौगाई, कोरानसराय तथा ब्रह्मपुर ग्रामीण मे प्रशिक्षण महाअभियान चलाया गया। प्रशिक्षण महाअभियान में रामकुमार सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष, धर्मेंद्र पाण्डेय (वर्ग प्रमुख) धनन्जय त्रिगुण, निर्भय राय, अरविंद पासवान, शिवनारायण, सुखदेव राय, विन्धयाचल सिंह शामिल रहे।

कार्यकर्ताओं को मिला संगठन और तकनीकी मार्गदर्शन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

कोईलवर। स्थानीय कोईलवर प्रखंड के खनगांव में रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 हुआ। उद्घाटन पूर्व सांसद और भाजपा नेत्री मीना सिंह ने किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती, कार्य विस्तार, विकास कार्यों और सरकार की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्र के दौरान जिला प्रवक्ता बिमलेश सिंह ने पार्टी के इतिहास और विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। संतोष चंद्रवंशी ने कार्य विस्तार की रणनीतियों पर चर्चा की, जबकि अशोक शर्मा ने सरकार की उपलब्धियों एवं बूथ प्रबंधन के महत्व को समझाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोईलवर दक्षिणी मंडल अध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य सबिता सिंह ने और संचालन जिला महामंत्री ममता सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान मनीष प्रभात ने सोशल मीडिया, एआई नमो ऐप और सरल ऐप के प्रभावी उपयोग की तकनीकी जानकारी दी। जिला महामंत्री ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर पर संगठन को सशक्त बनाना और कार्यकर्ताओं की भूमिका को अधिक प्रभावी बनाना था।

नीतीश के नेतृत्व में मजबूत सरकार चल रही है

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

आरा। भोजपुर में बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री संजय सिंह टाइगर ने राज्य और राष्ट्रीय राजनीति को लेकर बड़ा बयान दिया है। मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रही चर्चाओं पर कहा कि हर व्यक्ति और पार्टी से जुड़े कार्यकर्ता अपने नेता को ऊंचे पदों पर देखना चाहते हैं। जहां तक मुख्यमंत्री का सवाल है, फिलहाल बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार सुचारू रूप से चल रही है। एनडीए के सभी घटक दलों के बीच बेहतर तालमेल है। अगर आगे कोई स्थिति बनती है तो सभी मिलकर सामूहिक निर्णय लेंगे। पश्चिम बंगाल की राजनीति पर कहा कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार से वहां की जनता अब ऊब चुकी है। राज्य में तुष्टीकरण की नीति, कानून-व्यवस्था की खराब स्थिति और टीएमसी कार्यकर्ताओं की गुंडागर्दी से आम लोग परेशान हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन राज्य स्तर पर नहीं हो पा रहा है। किसी भी राज्य के विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक होता है। पश्चिम बंगाल में विकास की गति धीमी होने का एक बड़ा कारण यही है।

बंगाल में बीजेपी की सरकार बनेगी: संजय सिंह टाइगर ने यह भी कहा कि राज्य की जनता बदलाव चाहती है और आने वाले समय में वहां तृणमूल कांग्रेस की सरकार जाने वाली है। बिना बदलाव के पश्चिम बंगाल का तेज़ी से विकास संभव नहीं है। उन्होंने दावा किया कि इस बार राज्य में सत्ता परिवर्तन तय है और भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने की संभावना है।

आधुनिक व्यवस्थाओं की सराहना: दरअसल, रविवार को शहर के गिरजा मोड़ स्थित Restaurant का भव्य उद्घाटन बिहार सरकार के मंत्री और आरा विधायक संजय सिंह टाइगर ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद मंत्री ने रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया और वहां की आधुनिक व्यवस्थाओं की सराहना की। इस मौके पर रेस्टोरेंट के मालिक सुरेंद्र कुमार ने मंत्री सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों, आम लोगों और पत्रकारों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या के साथ लोगों की खान-पान की पसंद तेजी से बदल रही है। ऐसे में शहर के बीचों-बीच आधुनिक सुविधाओं से लैस रेस्टोरेंट का खुलना एक सकारात्मक पहल है, जहां लोगों को स्वादिष्ट और लजीज व्यंजन उपलब्ध होंगे। वहीं, रेस्टोरेंट के मैनेजर सुधांशु राठौर ने बताया कि वे पिछले तीन वर्षों से आरा शहरवासियों को अपने व्यंजन उपलब्ध करा रहे हैं। यह उनका दूसरा ब्रांच है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे एक बार नए ब्रांच में जरूर आएं और पहले की तरह अपना स्नेह बनाए रखें। रेस्टोरेंट में विशेष छूट भी दी जा रही है।

संक्षिप्त समाचार

पुनपुन नदी में महिला ने लगाई छलांग, स्थानीय लोगों की तत्परता से बची जान

शोर सुनकर दौड़े ग्रामीण, काफी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाली गई महिला

मसौढ़ी। पटना-डोभी राष्ट्रीय राजमार्ग 22 स्थित पुनपुन रोड पुल के नीचे सोमवार की दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक महिला ने अचानक पुनपुन नदी में छलांग लगा दी। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया और मौके पर भीड़ जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला के नदी में कूदते ही लोगों ने शोर मचाया, जिसे सुनकर स्थानीय ग्रामीण तुरंत घटनास्थल की ओर दौड़े। लोगों ने बिना देर किए साहस दिखाते हुए महिला को बचाने का प्रयास शुरू कर दिया। इसी बीच घटना की सूचना पुलिस को भी दी गई। काफी मशक्कत और प्रयास के बाद स्थानीय लोगों की मदद से महिला को सुरक्षित नदी से बाहर निकाल लिया गया। समय रहते बचाव होने के कारण उसकी जान बच गई। इसके बाद महिला को पुनपुन थाना लाया गया, जहां पुलिस ने प्राथमिक पूछताछ की और उसके परिजनों को सूचना दी। पुनपुन थाना प्रभारी बेबी कुमारी ने बताया कि महिला पटना के अगमकुआं थाना क्षेत्र की रहने वाली है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि घरेलू विवाद के कारण वह मानसिक तनाव में थी, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने महिला को समझाकर शांत कराया और उसके परिजनों को बुलाकर उनके सुपुर्द कर दिया। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों की सतर्कता और तत्परता की सराहना की जा रही है, जिनकी वजह से एक बड़ा हादसा टल गया।

पातेपुर थाने का दारोगा अरेस्ट, विजिलेंस ब्यूरो ने 15,000 रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

हाजीपुर। वैशाली में भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने सख्त कार्रवाई करते हुए पातेपुर थाना में तैनात दारोगा (सब-इंस्पेक्टर) अखिलेश सिंह को 15,000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ अरेस्ट कर लिया। इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। निगरानी विभाग के डीएसपी सत्येंद्र राम के अनुसार, परिवादी चंदन कुमार ने लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि पातेपुर थाना में मामले के अनुसंधानकर्ता (आईओ) अखिलेश सिंह केस डायरी लिखने और मामले के निपटारे के बदले 15,000 की रिश्वत मांग रहे थे। शिकायत के सत्यापन के बाद आरोप सही पाए गए, जिसके बाद निगरानी विभाग ने एक विशेष टीम का गठन किया। डीएसपी सत्येंद्र राम के नेतृत्व में 10 सदस्यीय टीम ने सोमवार को जाल बिछाया और जैसे ही दारोगा ने परिवादी से रिश्वत की रकम ली, टीम ने मौके पर ही उन्हें दबोच लिया। कार्रवाई में सुनील कुमार सिंह, रवि कुमार और रितेश कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी भी शामिल थे। गिरफ्तारी के बाद निगरानी टीम ने पातेपुर थाना परिसर में ही आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी की। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी दारोगा को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए पटना स्थित निगरानी की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा। निगरानी डीएसपी ने दो टूक कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त किसी भी सरकारी कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में विभाग की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

165 चोरी मोबाइल बरामद, ऑपरेशन मुस्कान के तहत 40 लाख से अधिक के फोन मालिकों को सौंपे

हाजीपुर। वैशाली पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से चोरी और गुम हुए कुल 165 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। इन मोबाइलों की कुल कीमत 40 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। यह कार्रवाई वैशाली जिले के हाजीपुर में की गई। मोबाइल बरामद होने की सूचना मिलने पर जिले के अलग-अलग इलाकों से 165 लोग एसपी कार्यालय पहुंचे। लंबे समय से खोए अपने फोन वापस मिलने पर लोगों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। वैशाली के पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग ने एसपी कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सभी लोगों को बारी-बारी से उनके मोबाइल फोन सौंपे। इस दौरान लोगों ने पुलिस की कार्यशैली की सराहना की और धन्यवाद भी दिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ऑपरेशन मुस्कान के तहत तकनीकी टीम की मदद से इन मोबाइल फोन को ट्रैक कर बरामद किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन को उनके वास्तविक मालिकों तक पहुंचाना है। वैशाली पुलिस की इस पहल से लोगों का पुलिस पर भरोसा मजबूत हुआ है। यह दर्शाता है कि सतर्क पुलिसिंग और तकनीक के सही इस्तेमाल से आम जनता को बड़ी राहत मिल सकती है।

मैट्रिक में फेल छात्रा ने सुसाइड की कोशिश की, बच्ची को परिजनों ने फंदे से उतारा, गंभीर हालत में पटना रेफर

हाजीपुर। वैशाली के सदर थाना क्षेत्र के आस्तीपुर गांव में मैट्रिक परीक्षा में फेल होने के बाद एक 15 वर्षीय छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। गंभीर हालत में उसे हाजीपुर सदर अस्पताल से पटना पीएमसीएच रेफर किया गया है। घटना तब सामने आई जब छात्रा की बहन ने उसे फांसी पर लटका देखा और शोर मचाया। शोर सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और छात्रा को फंदे से नीचे उतारा। सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने घायल छात्रा को आनन-फानन में हाजीपुर सदर अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया। घायल छात्रा की पहचान आस्तीपुर गांव निवासी 15 वर्षीय करिश्मा कुमारी के रूप में हुई है। डायल 112 के पुलिसकर्मी विजय कुमार राघव ने बताया कि उन्हें शाम करीब 6:30 बजे कॉल मिली थी कि मैट्रिक में फेल होने के कारण एक लड़की ने फांसी लगा ली है। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया।

युवक का अपहरण, 24 घंटे में बरामद, बकाया पैसे के विवाद में भागलपुर के 3 आरोपी गिरफ्तार

हाजीपुर। वैशाली पुलिस ने अपनी तत्परता का परिचय देते हुए एक अपहृत युवक को 24 घंटे के भीतर सुरक्षित बरामद कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। यह अपहरण पैसे के लेनदेन के विवाद को लेकर किया गया था। वैशाली एसपी विक्रम सिहाग ने बताया कि 27 मार्च को एनएच 22 पर स्थित सराय थाना को सूचना मिली थी कि कुछ अज्ञात लोगों ने कार सवार एक युवक का अपहरण कर लिया है। युवक की कार एनएच पर लावारिस हालत में खड़ी मिली थी। सूचना मिलते ही सराय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कार की जांच की। जांच में पता चला कि कार मुजफ्फरपुर के मनियारी थाना क्षेत्र निवासी सत्यम परासर की है। पुलिस ने सत्यम के परिजनों से संपर्क किया, जिसके बाद मामले की जानकारी सामने आई। पुलिस को पता चला कि सत्यम का पैसे को लेकर कई लोगों से विवाद चल रहा था। इसी बीच, सत्यम की पत्नी को व्हाट्सएप कॉल पर एक मैसेज आया, जिसमें बकाया 5 लाख रुपये देने या सत्यम की हत्या करने की धमकी दी गई थी। इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने गहन छानबीन शुरू की। वैशाली पुलिस की टीम भागलपुर पहुंची। भागलपुर से पुलिस ने सत्यम को सुरक्षित बरामद कर लिया और इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान रवि कुमार, अभिषेक कुमार और आशीष कुमार के रूप में हुई है। इनमें से दो आरोपी भागलपुर के निवासी हैं, जबकि आशीष झारखंड का रहने वाला है। एसपी ने बताया कि आरोपियों का सत्यम पर 1 लाख रुपये बकाया था। बार-बार पैसे मांगने पर भी सत्यम भुगतान नहीं कर रहा था, जिससे परेशान होकर आरोपियों ने अपहरण की यह साजिश रची। एसपी विक्रम सिहाग ने लोगों से अपील की कि यदि किसी का पैसा कहीं फंसा हुआ है, तो वे पुलिस की मदद लें और कानून को अपने हाथ में न लें। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से पीड़ित भी आरोपी बन जाते हैं। एसपी ने इस उपलब्धि के लिए सराय थानाध्यक्ष संजीव कुमार को सम्मानित करने की भी बात कही।

बांकीपुर सीट खाली, नितिन नवीन ने विधायक पद छोड़ा - राष्ट्रीय जिम्मेदारी पर रहेगा पूरा फोकस

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

पटना। बिहार की राजनीति में एक अहम घटनाक्रम सामने आया है, जहां भाजपा के वरिष्ठ नेता नितिन नवीन ने बांकीपुर विधानसभा सीट से अपने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है। उनका इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने स्वीकार कर लिया, जिससे लंबे समय से उनके प्रतिनिधित्व वाली यह सीट अब खाली हो गई है।

बताया जाता है कि नितिन नवीन ने अपना इस्तीफा पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी को सौंपा था। इसके बाद इसे औपचारिक प्रक्रिया के तहत विधानसभा अध्यक्ष को भेजा गया, जहां इसे मंजूरी मिल गई। खुद नितिन नवीन ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि वे बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित सदस्य पद से त्यागपत्र दे रहे हैं। दरअसल, हाल ही में पार्टी नेतृत्व ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। साथ ही वे राज्यसभा के लिए भी निर्वाचित हो चुके हैं। संवैधानिक नियमों के मुताबिक, किसी भी व्यक्ति के लिए एक साथ दो विधायी पदों पर बने रहना संभव नहीं है, ऐसे में उनका यह इस्तीफा पहले से तय प्रक्रिया का हिस्सा माना जा रहा है।

दो दशक तक बांकीपुर पर मजबूत पकड़: नितिन नवीन का राजनीतिक आधार पटना का बांकीपुर क्षेत्र रहा है। वे करीब 20 वर्षों तक लगातार इस सीट का प्रतिनिधित्व करते रहे और पांच बार विधायक चुने गए। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ विकास कार्यों पर भी

खास ध्यान दिया। यही वजह रही कि बांकीपुर को भाजपा का मजबूत गढ़ माना जाने लगा। स्थानीय कार्यकर्ताओं के बीच उनकी पकड़ और सक्रियता ने उन्हें जमीनी नेता के रूप में स्थापित किया। चुनावी जीत का यह लंबा सिलसिला उनके जनाधार को दर्शाता है।

सरकार में रहते हुए बुनियादी ढांचे पर जोर: राज्य सरकार में मंत्री रहते हुए नितिन नवीन ने कई महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी संभाली। पथ निर्माण विभाग में रहते हुए उन्होंने सड़क नेटवर्क के विस्तार और कनेक्टिविटी सुधारने पर फोकस किया। वहीं नगर विकास एवं आवास विभाग के दौरान शहरी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू की गईं। उनके कार्यकाल में लिए गए फैसलों का असर राज्य के कई हिस्सों में देखा गया, खासकर सड़क और शहरी ढांचे के क्षेत्र में।

राष्ट्रीय राजनीति में बढ़ी भूमिका: पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में उनकी नियुक्ति को उनके राजनीतिक कद में बड़ी बढ़ोतरी के रूप में देखा जा रहा है। संगठन और सरकार—दोनों में अनुभव रखने वाले नितिन नवीन को अब राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी दी गई है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि उनके इस नए दायित्व के बाद बिहार की राजनीति में भी नए समीकरण बन सकते हैं।

उपचुनाव पर टिकी निगाहें: नितिन नवीन के इस्तीफे के बाद बांकीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव की स्थिति बन गई है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा इस सीट से किसे उम्मीदवार बनाती है और विपक्ष किस रणनीति के साथ चुनावी मैदान में उतरता है। इस पूरे घटनाक्रम को बिहार की राजनीति में एक अहम बदलाव के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है, जहां एक ओर राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व मजबूत हो रहा है, वहीं राज्य में नए राजनीतिक समीकरण आकार ले सकते हैं।

फतुहा में पत्रकार के घर लाखों की चोरी, पूजा के दौरान सूना मिला घर बना निशाना

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

पटना। फतुहा थाना क्षेत्र के सोनारू गांव में एक स्थानीय पत्रकार के घर में चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने बंद पड़े मकान को निशाना बनाते हुए नकदी और आभूषण समेत करीब तीन लाख रुपये की संपत्ति पार कर दी। घटना को लेकर इलाके में दहशत का माहौल है। पीड़ित सुधीर कुमार सिंह ने सोमवार को फतुहा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उनके अनुसार, यह वारदात उस समय हुई जब परिवार के सभी सदस्य पूजा-अर्चना के लिए घर से बाहर गए हुए थे। जानकारी के मुताबिक, रविवार रात घर लौटने के बाद सुधीर कुमार सिंह अपने कमरे में आराम करने चले गए और उन्हें किसी तरह की हलचल का अहसास नहीं हुआ। सोमवार सुबह जब वे बगल के कमरे में पहुंचे, तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। इस पर उन्हें शक हुआ और उन्होंने वैकल्पिक रास्ते से अंदर जाने का फैसला किया। खिड़की के जरिए कमरे में प्रवेश करने पर उन्होंने देखा कि अलमारी का ताला

टूटा हुआ है और पूरा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा है। चोरों ने सोने-चांदी के गहनों के साथ नकदी पर भी हाथ साफ कर दिया। पीड़ित के अनुसार, चोरी गए सामान में सोने की चेन, मंगलसूत्र, जियुतिया, झुमका, टॉप्स, लॉकेट और चांदी के पायल शामिल हैं। इसके अलावा करीब 20 हजार रुपये नकद भी चोरी हुए हैं। कुल नुकसान का अनुमान लगभग तीन लाख रुपये लगाया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से फिंगरप्रिंट और अन्य वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए। फतुहा थाना के अपर थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने का दावा किया जा रहा है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है और रात के समय गश्ती बढ़ाने की मांग की जा रही है।

मंथन कला परिषद द्वारा नाट्य कार्यशाला का हुआ आयोजन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

खगौल। मंथन कला परिषद खगौल द्वारा प्राथमिक विद्यालय सैदपुरा खगौल में दो दिवसीय नाट्य कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य कला, संस्कृति एवं समृद्ध विरासत सेविद्यार्थियों को परिचित कराना तथा उनमें रचनात्मक अभिव्यक्ति के प्रति रुचि विकसित करना था। कार्यक्रम के दौरान रोहन राज ने छात्र-छात्राओं को अभिनय की बारीकियों,संवाद संप्रेषण की तकनीक तथा भारतीय कला-संस्कृति की विविधताओं पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में लोक गायक श्यामाकांत साह ने बिहार की समृद्ध लोक परंपराओं पर आधारित गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसमें नाल वादक रंजित दास ने संगत कर प्रस्तुति को और भी प्रभावशाली बना दिया। मंथन कला परिषद की टीम द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति, स्वच्छता जागरूकता, 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', शिक्षा अभियान तथा लोक परंपरा से जुड़े गीतों ने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं

शिक्षक-शिक्षिकाओं को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय सैदपुरा की प्राचार्य श्रीमती वंदना जी ने सभी कलाकारों एवं आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों को मनोरंजन के साथ-साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक जागरूकता प्रदान करते हैं तथा उनमें कला और संस्कृति के प्रति रुचि विकसित करते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।

पटना हाईकोर्ट अस्पताल में आधुनिक सुविधाओं का विस्तार, अब एक ही छत के नीचे बेहतर इलाज

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

पटना। पटना हाईकोर्ट परिसर स्थित सरकारी अस्पताल अब आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस होकर नए रूप में सामने आया है। सोमवार को चीफ जस्टिस संगम कुमार साहू ने अस्पताल में अत्याधुनिक उपकरणों और विस्तारित सेवाओं का उद्घाटन किया। इस पहल का उद्देश्य न्यायिक व्यवस्था से जुड़े लोगों के साथ-साथ आम नागरिकों को भी बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। अस्पताल में पहले से ही डॉक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की टीम तैनात है, जो जजों, अधिवक्ताओं और आम लोगों का इलाज करती है। अब नई सुविधाओं के जुड़ने से इलाज की गुणवत्ता और भी बेहतर होने की उम्मीद है। अस्पताल के आधुनिकीकरण में फिजियोथेरेपी विभाग को विशेष प्राथमिकता दी गई है। यहां 18 नई आधुनिक मशीनें

और एडवांस थेरेपी उपकरण लगाए गए हैं। इससे दर्द से जूझ रहे मरीजों और सर्जरी के बाद पुनर्वास की जरूरत वाले लोगों को काफी राहत मिलेगी। इसके साथ ही हृदय रोगियों के लिए ईसीजी मशीन की सुविधा भी शुरू की गई है, जिससे दिल से जुड़ी बीमारियों की समय पर जांच संभव होगी और इलाज में तेजी आएगी। अस्पताल में अब आंखों की जांच और उपचार के लिए आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अलावा एक्स-रे के लिए अलग कक्ष और मशीन की व्यवस्था की गई है। मरीजों को बाहर भटकने की जरूरत कम करने के लिए अस्पताल में ही पैथोलॉजिकल जांच की सुविधा शुरू की गई है, जिससे बीमारियों का सटीक और त्वरित निदान संभव होगा। अस्पताल प्रबंधन ने मरीजों को आर्थिक राहत देने के लिए मुफ्त दवा वितरण प्रणाली को और मजबूत किया है। निर्देश दिए गए हैं कि सभी जरूरी दवाएं अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें, ताकि मरीजों को बाहर से दवा खरीदने की आवश्यकता न पड़े। इस पूरे आधुनिकीकरण अभियान में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. उमेश प्रधान और डॉ. सुधांशु कुमार सिंह की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। उनकी पहल और प्रयासों के कारण अस्पताल में नई सुविधाओं का विस्तार संभव हो सका। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में जज, वरिष्ठ अधिवक्ता और न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने अस्पताल में हुए इस बदलाव की सराहना करते हुए इसे स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में एक अहम कदम बताया। कुल मिलाकर, नई सुविधाओं के साथ पटना हाईकोर्ट का यह अस्पताल अब एक सशक्त और आधुनिक चिकित्सा केंद्र के रूप में उभर रहा है, जिससे बड़ी संख्या में लोगों को सीधे लाभ मिलने की उम्मीद है।

भाजपा स्थापना दिवस पर मिशन विस्तार, बूथ से गांव तक चलेगा विशेष अभियान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

पटना। भारतीय जनता पार्टी ने इस बार अपने स्थापना दिवस को केवल औपचारिक आयोजन तक सीमित न रखकर इसे संगठन विस्तार के बड़े अभियान में बदलने की रणनीति बनाई है। बिहार इकाई ने इसके लिए व्यापक तैयारी शुरू कर दी है, जिसमें राज्यभर में एक साथ कई स्तरों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी कड़ी में प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने वर्चुअल माध्यम से प्रदेश, जिला और मंडल स्तर के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में कार्यक्रमों की रूपरेखा, जिम्मेदारियों के बंटवारे और लक्ष्य आधारित गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा हुई।

संगठन महामंत्री भिखू भाई दलसानिया और प्रदेश महामंत्री राधामोहन शर्मा समेत कई वरिष्ठ नेता भी इसमें शामिल हुए। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि इस बार स्थापना दिवस कार्यक्रमों का मुख्य लक्ष्य उन युवाओं तक पहुंच बनाना है, जो अब तक राजनीति से दूर रहे हैं। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि गैर-राजनीतिक परिवारों के युवाओं को जोड़कर संगठन को नई ऊर्जा दी जा सकती है। कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया कि वे घर-घर संपर्क कर पार्टी की नीतियों, उपलब्धियों और विचारधारा की जानकारी दें, ताकि नए वर्गों में भाजपा के प्रति विश्वास बढ़े।

कार्यक्रमों को लेकर बूथ स्तर तक विस्तृत योजना तैयार की गई है। 5 से 7 अप्रैल के बीच पार्टी कार्यालयों को सजाया जाएगा, जबकि 6 अप्रैल को राज्यभर में 'विकास यात्रा' निकालने की योजना है। इस दौरान कार्यकर्ता अपने घरों पर पार्टी का ध्वज फहराएंगे और इसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर साझा कर अभियान को व्यापक बनाएंगे। स्थापना दिवस के मौके पर हर बूथ पर छोटे-छोटे कार्यक्रम आयोजित कर प्राथमिक और सक्रिय सदस्यों की भागीदारी

सुनिश्चित की जाएगी। 8 और 9 अप्रैल को जिला स्तर पर सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित होगा। इसमें संगठन की मजबूती, आगामी चुनावों की तैयारी और जनाधार बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की जाएगी। इन सम्मेलनों में वरिष्ठ नेता कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देंगे। 7 से 12 अप्रैल तक 'गांव बस्ती चलो अभियान' चलाया जाएगा, जिसे इस पूरे कार्यक्रम का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है। इसके तहत हर विधानसभा क्षेत्र में बड़ी संख्या में गांवों में पहुंचकर जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा।

इस दौरान स्वच्छता अभियान, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान और स्थानीय नागरिकों से संवाद जैसे कार्यक्रम होंगे। साथ ही सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को आम लोगों तक पहुंचाने पर विशेष जोर रहेगा। कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन के लिए प्रदेश स्तर पर एक विशेष टीम गठित की गई है। इसमें राधामोहन शर्मा, पवन जायसवाल, पिंकी कुशवाहा, सत्यपाल नरोत्तम और राजीव रंजन को जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही राज्य को 13 हिस्सों में विभाजित कर क्षेत्रवार प्रभारियों की नियुक्ति की गई है, ताकि हर कार्यक्रम की निगरानी और क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। कुल मिलाकर भाजपा इस बार स्थापना दिवस को संगठन विस्तार, जनसंपर्क और राजनीतिक मजबूती के बड़े अवसर के रूप में इस्तेमाल करने की तैयारी में है, जिसका असर आने वाले समय में राज्य की राजनीति पर भी देखने को मिल सकता है।

पटना यूनिवर्सिटी में नीतीश के कार्यक्रम में हंगामा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना यूनिवर्सिटी में एकेडमिक भवन और प्रशासनिक भवन का उद्घाटन करने पहुंचे। इस दौरान छात्र नेताओं ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान छात्रों ने पटना DM चोर है और डिप्टी CM गो बैक के नारे भी लगाए। CM के पहुंचने से पहले भी छात्र नेता नारेबाजी कर रहे थे। पटना यूनिवर्सिटी छात्र संघ के अध्यक्ष शांतनु शेखर का कहना है कि इस कार्यक्रम के बारे में हमें कोई जानकारी नहीं दी गई थी। यहां तक कि कुलपति को भी इसके लिए निमंत्रण नहीं दिया गया है। हंगामे के चलते CM ने 7 से 8 मिनट में अपना कार्यक्रम खत्म किया और वहां से निकल गए। इस दौरान मुख्यमंत्री कैंपस में जहां-जहां गए छात्रनेता उनके पीछे-पीछे जाते रहे।

VC से छात्रों ने कहा, आप

अपने लिए खड़े होइए सर, हमलोग आपके साथ हैं। यूनिवर्सिटी को हम बीजेपी का कार्यालय नहीं बनने देंगे। छात्रों का कहना है VC को CM से मिलने नहीं दिया गया। वो गए, लेकिन उनको बिना मिले भेज दिया गया।

ताला लेकर पहुंचे थे छात्र संघ अध्यक्ष: पटना स्टूडेंट छात्र संघ के अध्यक्ष शांतनु कॉलेज गेट पर ताला लगाने के लिए पहुंचे थे, लेकिन उन्हें ताला लगाने से रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि मैं विश्वविद्यालय का अध्यक्ष चुनकर आया हूं और मैं छात्रों के हित में अपनी बातें आज यहां पर रखूंगा। इस दौरान उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने भी छात्रों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वो नहीं माने। डीएम त्यागराजन ने भी उन्हें समझाने की कोशिश की है। छात्रों ने उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा और शिक्षा मंत्री को भी घेर लिय।

नीतीश कुमार के समर्थन में भी नारेबाजी: कुछ छात्र नीतीश कुमार के समर्थन में भी नारेबाजी करते दिखे। देखो-देखो कौन आया, शेर आया-शेर आया के नारे लगे। बिहार का मुख्यमंत्री कैसा हो नीतीश कुमार जैसा हो के भी नारे लगे। कुछ छात्र हाथ में पोस्टर लिए खड़े दिखे। इस पर लिखा था- हम छात्रों का अभिमान। इस पर नीतीश की फोटो लगी थी।

147.29 करोड़ की योजना का उद्घाटन: बता दें कि पटना यूनिवर्सिटी के नए प्रशासनिक और एकेडमिक भवन (कला संकाय) का CM ने आज उद्घाटन किया है। यह दोनों भवन 147.29 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुए हैं। प्रशासनिक भवन G+8 और एकेडमिक भवन G+9 है। इसके उद्घाटन के बाद नए प्रशासनिक ब्लॉक में पटना यूनिवर्सिटी का मुख्यालय शिफ्ट हो जाएगा।

संक्षिप्त समाचार

विद्युतकर्मी की दुर्घटना पर श्रमिक संघ आक्रोशित, उच्चस्तरीय जांच और सख्त कार्रवाई की मांग

रांची। झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने कांके सबडिवीजन में कार्यरत विद्युतकर्मी मो. शमी आलम के साथ 29 मार्च को हुई गंभीर दुर्घटना पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग उठाई है। श्रमिक संघ के प्रतिनिधिमंडल के साथ अजय राय ने सोमवार को विद्युत आपूर्ति क्षेत्र, रांची के महाप्रबंधक (तकनीकी) को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो संघ आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन के माध्यम से संघ ने कई अहम मांगें रखीं। इनमें दुर्घटना की जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति का गठन, दोषी पदाधिकारियों और संबंधित एजेंसी पर कड़ी कार्रवाई, घायल कर्मी के समुचित और निःशुल्क इलाज की व्यवस्था, पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता और उचित मुआवजा प्रदान करना तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सख्त सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करना शामिल है। संघ के अनुसार, घायल मो. शमी आलम जेएमडी एजेंसी के माध्यम से आउटसोर्सिंग के तहत कार्यरत थे। वर्तमान में उनका इलाज रांची स्थित देवकमल हॉस्पिटल में चल रहा है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। अजय राय ने इस घटना को विभागीय लापरवाही का उदाहरण बताते हुए कहा कि हाल के दिनों में इस तरह की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जो कार्यस्थलों पर सुरक्षा मानकों की गंभीर अनदेखी को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी लापरवाही से विद्युतकर्मियों का जीवन खतरे में पड़ रहा है और इस दिशा में तत्काल प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है।

सड़क हादसे में प्रधानाध्यापक की मौत

पूर्वी सिंहभूम। पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका थाना क्षेत्र अंतर्गत टाटा–हाता मुख्य मार्ग पर तिरिलडीह के समीप रविवार देर रात एक सड़क हादसे में 59 वर्षीय शिक्षक वीर प्रताप मुर्मू की मौत हो गई। वे गंगाडीह पंचायत स्थित मध्य विद्यालय नागा के प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत थे। उनकी अचानक हुई मौत से शिक्षा विभाग और क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना रविवार देर रात की है। वीर प्रताप मुर्मू अपने पैतृक गांव राजनगर थाना क्षेत्र के पुपडीह (बाड़ेडीह) से मोटरसाइकिल से लौट रहे थे। वे वर्तमान में करनडीह के पुड़िहासा में रह रहे थे। लौटने के दौरान तिरिलडीह के पास उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना की सूचना पोटका थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अवस्था में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पोटका पहुंचाया गया। हालांकि, चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही अस्पताल परिसर में परिजनों, सहकर्मियों और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सभी का रो-रोकर बुरा हाल था। बताया जाता है कि वीर प्रताप मुर्मू एक मिलनसार और कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक थे, जिनका क्षेत्र में अच्छा सम्मान था। उनके निधन से विद्यालय परिवार के साथ-साथ पूरे इलाके में गहरा दुख व्याप्त है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। वहीं, प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का कारण बाइक का अनियंत्रित होना बताया जा रहा है, हालांकि पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुटी हुई है।

चाईबासा प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में शामिल नहीं होंगे राहुल गांधी

पश्चिमी सिंहभूम। पश्चिमी सिंहभूम जिले के गुईरा स्थित ट्राइबल रिसर्च एंड ट्रेनिंग सेंटर (टीआरटीसी) में झारखंड और ओडिशा के कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्षों के लिए आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन 31 मार्च को होगा। हालांकि, समापन समारोह में कांग्रेस नेता राहुल गांधी अब शामिल नहीं हो पाएंगे। कांग्रेस के जिला प्रवक्ता त्रिशानु राय के अनुसार, सोनिया गांधी की तबीयत खराब होने के कारण राहुल गांधी का चाईबासा दौरा फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। पहले यह संभावना जताई जा रही थी कि कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी शामिल हो सकते हैं, लेकिन इसे लेकर अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस प्रशिक्षण शिविर में झारखंड और ओडिशा के कांग्रेस जिला अध्यक्षों को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और मंत्रियों द्वारा संगठन को मजबूत करने, नेतृत्व क्षमता विकसित करने और जनता के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 10 दिनों तक चले इस शिविर का उद्देश्य पार्टी को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाना और नए नेतृत्व को तैयार करना है, ताकि भविष्य में संगठन को और मजबूती मिल सके।

रेलवे ट्रैक किनारे युवक का कटा शव बरामद

पूर्वी सिंहभूम। गोविंदपुर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह रेलवे लाइन के किनारे कान्हा स्वीट्स के पास एक युवक का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया। शव की स्थिति देखकर आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जुट गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह जब लोग अपने दैनिक कार्यों के लिए निकले तो उन्होंने रेलवे ट्रैक के पास शव देखा, जिसके बाद तुरंत इसकी सूचना गोविंदपुर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। आसपास के क्षेत्र को घेरकर साक्ष्य जुटाए गए और घटना से जुड़े हर पहलू की बारीकी से पड़ताल की जा रही है। मृतक की पहचान सुमित के रूप में हुई है, जो गोविंदपुर थाना क्षेत्र के गदरा इलाके का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस को घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर एक हीरो होंडा मोटरसाइकिल (संख्या जेएच05सीडी9980) मिली, जिससे मृतक की पहचान सुनिश्चित करने में मदद मिली। प्रारंभिक तौर पर यह माना जा रहा है कि सुमित किसी कारणवश रेलवे ट्रैक के पास पहुंचा और इसी दौरान ट्रेन की चपेट में आ गया। हालांकि, पुलिस अभी इसे सिर्फ हादसा मानकर नहीं चल रही है। खुदकुशी या किसी अन्य संदिग्ध परिस्थिति की संभावना को भी ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की कोशिश कर रही है।

रिश्वत कांड में रेलवे अधिकारी हिमांशु शेखर से सीबीआई की पूछताछ

एजेंसी। रांची

रांची रेल मंडल में सामने आए रिश्वत कांड की जांच तेज हो गई है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने रेलवे के मुख्य वाणिज्यिक निरीक्षक हिमांशु शेखर को रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। विशेष सीबीआई अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उसे तीन दिनों के रिमांड पर सौंपने का आदेश दिया था। न्यायालय के निर्देश के अनुसार, सीबीआई की टीम सोमवार को हिमांशु शेखर को बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल से अपने कार्यालय लेकर आई, जहां उससे गहन पूछताछ जारी है। सीबीआई ने उसे 25 मार्च की शाम ठेकेदार अजय त्यागी से 50 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद जांच एजेंसी ने मामले से जुड़े अन्य अधिकारियों से भी पूछताछ की। इसी क्रम में तत्कालीन सीनियर मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक (डीसीएम) शुचि सिंह से करीब तीन घंटे तक पूछताछ की गई। हालांकि बाद में उन्हें छोड़ दिया गया, लेकिन जांच के लिए उनका मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया है, जिसकी जांच जारी है। सीबीआई ने 26 मार्च को आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की मांग की थी। अदालत ने सुनवाई के लिए 28 मार्च की तारीख तय की और तब तक उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बाद में 28 मार्च को हुई सुनवाई में अदालत ने तीन दिनों की रिमांड मंजूर कर ली। इस बीच, मामले की जांच में नाम आने के बाद रेल प्रशासन ने शुचि सिंह को उनके पद से हटा दिया है। उन्हें अब पीओ-आरसीटी के पद पर तैनात किया गया है, जबकि श्रेया सिंह को नया सीनियर डीसीएम बनाया गया है। हालांकि, रेलवे प्रशासन ने इस बदलाव को सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया बताया है। सीबीआई फिलहाल इस पूरे मामले में रिश्वतखोरी के नेटवर्क और इसमें शामिल अन्य संभावित लोगों की भूमिका की गहन जांच कर रही है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में इस मामले में और बड़े खुलासे हो सकते हैं।

एआई सेवक है, मालिक नहीं : सरयू राय

एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम

जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि एआई एक उपयोगी साधन है,लेकिन इसे कभी भी मानव का मालिक या मार्गदर्शक नहीं बनने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि एआई को सेवक की तरह इस्तेमाल करना ही समझदारी है,क्योंकि यदि इसे निर्णयकर्ता बना दिया गया तो यह समस्याओं का कारण बन सकता है। सोमवार को साकची स्थित एक डिजिटल शिक्षण संस्थान के उद्घाटन के अवसर पर संबोधित करते हुए सरयू राय ने तकनीकी युग में एआई की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज का समय तकनीकी विकास का है और ऐसे में बच्चों को एआई की सही जानकारी देना बेहद जरूरी है। जब विद्यार्थी एआई को समझेंगे, तभी वे अपनी क्षमता को और बेहतर ढंग से विकसित कर पाएंगे। उन्होंने बताया कि इस डिजिटल संस्थान में विद्यार्थियों को एआई की विशेषताओं और उसके उपयोग के बारे में विस्तार से पढ़ाया जाएगा। इसके लिए रांची स्थित Institute of Science and Management के साथ समझौता किया गया है, जिसके तहत साकची में इस संस्थान को एक अध्ययन केंद्र के रूप में शुरू किया गया है। सरयू राय ने यह भी कहा कि एआई को लेकर समाज में जितनी चर्चा हो रही है,उससे कई बार लोगों में अनावश्यक भय पैदा हो जाता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि एआई को केवल एक औजार या इंस्ट्रूमेंट के रूप में देखें और उसके उपयोग में दक्ष बनें,ताकि इसका लाभ समाज और शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर तरीके से मिल सके।

हजारीबाग की घटना को लेकर भाजपा ने उपायुक्त कार्यालय पर किया प्रदर्शन, कठोर सजा की मांग

एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम

हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ में 12 वर्षीय बच्ची के साथ हुई दरिंदगी और हत्या की घटना ने पूरे झारखंड को झकझोर दिया है। इस घटना के विरोध में सोमवार को जमशेदपुर में भारतीय जनता पार्टी की ओर से उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया,जिसमें जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा दास साहू केंद्र में रहीं। डीसी कार्यालय के सामने आयोजित धरना के दौरान विधायक पूर्णिमा दास साहू बच्ची की दर्दनाक घटना को याद कर भावुक हो उठीं और उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। उनका यह दृश्य वहां मौजूद लोगों को भी गहरे तक प्रभावित कर गया। भाजपा महिला मोर्चा के नेतृत्व में साकची स्थित पार्टी कार्यालय से शुरू हुआ यह विरोध मार्च शहर की सड़कों से होते हुए उपायुक्त कार्यालय तक पहुंचा। प्रदर्शनकारियों के हाथों में तख्तियां और बैनर थे, जिन पर 'बेटी को न्याय दो' और 'दोषियों को फांसी दो' जैसे नारे लिखे थे। पूरे रास्ते गूंजते नारों ने घटना को लेकर लोगों के गुस्से को साफ जाहिर किया। मा साहू ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड में बेटियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। उन्होंने कहा कि यह घटना सिर्फ एक परिवार की त्रासदी नहीं,बल्कि पूरे समाज के लिए शर्मनाक है। उन्होंने सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए पूछा कि आखिर कब तक ऐसी घटनाएं होती रहेंगी और कब बेटियों को सुरक्षित माहौल मिलेगा। विधायक ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना जताते हुए 50 लाख रुपये के मुआवजे, मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों को फांसी जैसी कठोर सजा देने की मांग की। उन्होंने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि अगर जल्द न्याय नहीं मिला तो महिलाएं सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेंगी। प्रदर्शन में भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव सिन्हा समेत कई नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। अंत में उपायुक्त के माध्यम से राज्य सरकार को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई, दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने की मांग की गई।

ठक्कर बापा मध्य विद्यालय बनेगा मॉडल स्कूल

एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम

बिष्टुपुर स्थित ठक्कर बापा मध्य विद्यालय, धातकीडीह को जल्द ही मॉडल स्कूल के रूप में विकसित होगा। इस संबंध में राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया गया है। यह जानकारी जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने दी। सोमवार को सरयू राय की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें छात्र संसद के सदस्य और अभिभावक भी शामिल हुए। बैठक में विद्यालय के समग्र विकास को लेकर विस्तार से चर्चा हुई और सर्वसम्मति से इसे मॉडल स्कूल बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान कहा गया कि मॉडल स्कूल बनने से न केवल विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि अधिक से अधिक छात्रों का नामांकन भी बढ़ेगा और विद्यालय की पहचान भी मजबूत होगी। इसके लिए राज्य सरकार को विस्तृत प्रस्ताव भेजा जाएगा। इसके अलावा विद्यालय परिसर के विकास से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण फैसले भी लिए गए। स्कूल के सामने स्थित मैदान को बच्चों के खेलकूद के लिए उपयुक्त बनाने पर सहमति बनी। साथ ही विद्यालय में संचालित यूआरसी कार्यालय के लिए अलग रास्ता तैयार करने का निर्णय लिया गया,ताकि बाहरी लोगों की आवाजाही से पढ़ाई में किसी प्रकार की बाधा न हो। वर्तमान में इस कारण पठन-पाठन प्रभावित हो रहा है। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने विद्यालय के विकास को प्राथमिकता देने पर जोर दिया और जल्द से जल्द प्रस्ताव को आगे बढ़ाने की बात कही।

हजारीबाग में नाबालिग के साथ दरिंदगी पर उच्च न्यायालय ने लिया स्वतः संज्ञान, डीजीपी, एसपी और गृह सचिव को जवाब तलब

एजेंसी। रांची

हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड के कोसुंभा गांव में 12 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या मामले को झारखंड उच्च न्यायालय ने गंभीरता से लिया है। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य के डीजीपी, गृह सचिव एवं एसपी हजारीबाग को नोटिस जारी कर उन्हें जवाब दाखिल करने को कहा है। खंडपीठ ने मामले को सुनवाई के लिए मुख्य न्यायाधीश के पास भेज दिया है। सुनवाई के दौरान अदालत के समक्ष यह बात लाई गई कि यह मामला दिल्ली के निर्भया कांड की तरह है। इसमें बच्ची के प्राइवेट पार्ट के साथ भी अमानवीय व्यवहार किया गया है। अदालत ने कहा कि यह घटना घृणित और मानवता को शर्मसार करने वाली है। अदालत के समक्ष उक्त घटना से संबंधित पेपर की कटिंग प्रस्तुत की गई, जिसे अदालत ने गंभीर मामला मानते हुए तुरंत झालसा सचिव एवं हजारीबाग एसपी को वर्चुअल तलब किया। अदालत को बताया गया कि बच्ची के साथ रेप और मर्डर की घटना 24 मार्च को हुई। 25 मार्च को घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई। देर से प्राथमिकी दर्ज करने को उच्च न्यायालय ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया। कोर्ट में वर्चुअल उपस्थित हजारीबाग एसपी से खंडपीठ ने पूछा कि अब तक इस मामले में क्या अनुसंधान हुआ है? मामले में साइंटिफिक जांच की गई है या नहीं? इस पर उनकी ओर से बताया गया कि अनुसंधान जारी है। मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपित को पकड़ने की कोशिश की जा रही है। जिस पर अदालत ने गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि 6 दिन से अधिक का समय बीत गया और आरोपित को अब तक गिरफ्तार क्यों नहीं किया? मृतक बच्ची के कपड़े एवं अन्य साक्ष्य फॉरेंसिक के लिए भेजे गए हैं या नहीं? 5 दिन की देरी से फॉरेंसिक जांच प्रभावित हो सकती है। अदालत ने कहा कि अगर समाचार पत्रों के माध्यम से यह घटना सामने नहीं आती तो अदालत के समक्ष इसकी जानकारी नहीं हो सकती थी।

खूंटी जिले में बंद का व्यापक असर, ग्रामीण क्षेत्रों में भी दिखा प्रभाव

एजेंसी। खूंटी

रामनवमी महोत्सव के दौरान मुरहू में दो समुदायों में हुई झड़प के बाद पुलिस द्वारा हिंदू समुदाय के कुछ लोगों की गिरफ्तारी के विरोध और गिरफ्तार लोगों को बिना शर्त रिहा करने की मांग को लेकर केंद्रीय रामनवमी महासमिति के आह्वान पर आहूत खूंटी जिला बंद के पहले दिन सोमवार को बंदी का जबरदस्त असर देखा गया। खूंटी जिला मुख्यालय के अलावा तोरपा, कर्रा, रनिया, मुरहू और अड़की प्रखंड क्षेत्र में बंद पूरी तरह प्रभावी रहा। सुबह से ही दुकानों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में सुबह से ताले लटके रहे। वाहनों को बंद से मुक्त रखा गया है। इसके कारण सभी मार्गों पर वाहनों का परिचालन सामान्य रहा। बंद को देखते हुए प्रशासन भी अलर्ट मोड में है।

झारखंड के सात जिलों में 31 को बारिश और ओलावृष्टि को लेकर ऑरेंज अलर्ट

रांची। झारखंड के सात जिलों में 31 मार्च को गर्जन के साथ बारिश होने और 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने एवं ओलावृष्टि की संभावना व्यक्त की गई है। यह जानकारी मौसम विभाग ने सोमवार को दी। विभाग ने बताया कि उपर्युक्त जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने राज्य के दक्षिणी और इससे सटे मध्यवर्ती जिलों में गर्जन के साथ वज्रपात होने की संभावना भी विभाग ने व्यक्त की है। इन जिलों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है। इधर, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 38.2 डिग्री और सबसे कम तापमान गुमला में 17.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

रांची में 9 से 11 अप्रैल तक राष्ट्रीय मक्का अनुसंधान बैठक, 250 से अधिक वैज्ञानिक होंगे शामिल

एजेंसी। रांची

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) और भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में मक्का से संबंधित अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना की राष्ट्रीय समूह की बैठक 9 से 11 अप्रैल तक बीएयू परिसर में आयोजित की जाएगी। आयोजन सचिव और बीएयू के आनुवंशिकी एवं पौधा प्रजनन विभाग की अध्यक्ष डॉ. मणिगोपा चक्रवर्ती ने सोमवार को बताया कि इस बैठक में देशभर के 37 विश्वविद्यालयों में कार्यरत वैज्ञानिकों के साथ-साथ भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अधिकारी भी भाग लेंगे। कुल मिलाकर करीब 250 विशेषज्ञ इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि बैठक के उद्घाटन सत्र में भारत सरकार के कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सचिव सह आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. मांगीलाल जाट मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं, बीएयू के कुलपति डॉ. एससी दुबे और आईसीएआर के उप महानिदेशक (फसल विज्ञान) डॉ. डीके यादव इस सत्र की अध्यक्षता करेंगे। इस तीन दिवसीय बैठक में मक्का की खेती के क्षेत्र, उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही जलवायु परिवर्तन के अनुकूल (क्लाइमेट स्मार्ट) मक्का किस्मों के विकास पर भी मंथन होगा।

समाहरणालय,गढ़वा
email – electiongarhwa1950@gmail.com
(जिला निर्वाचन शाखा)

अति अल्पकालीन निविदा –सह– कोटेशन आमंत्रण

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, –सह– सचिव मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक – 415 दिनांक – 13.03.2026 के आलोक में जिला स्तर पर पदस्थापित उप निर्वाचन पदाधिकारी के उपयोग हेतु Mahindra Bolero Neo वाहन ड्राईवर सहित, वाह्य स्त्रोत से लिया जाना है।

इच्छुक वाहय स्त्रोत संस्था/व्यक्ति दिनांक – **01.04.2026** से दिनांक **15.04.2026** तक कार्यालय अवधि में जिला निर्वाचन शाखा गढ़वा, कमरा संख्या – 227 (प्रथम तल) समाहरणालय गढ़वा में अपना कोटेशन विहित प्रपत्र में जमा कर सकते हैं। निर्धारित अवधि तक प्राप्त कोटेशन दिनांक 16.04.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे खोला जाएगा।

नियम एवं शर्तें/आवेदन प्रपत्र गढ़वा जिला के अधिकारिक वेबसाईट garhwa.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है।

ह0/–जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR 376329 (Election)25-26*D

Request for Proposal (RFP)
Office of the District Agriculture Officer, Latehar
latehardao@rediffmail.com, **Address:- Office of the District Agriculture Officer, Kinamarh, Latehar.**
Tender Ref. No. ..... Date.....

The Office of the District Agriculture Officer Latehar invites proposals from reputed and technically qualified agencies having experience in **Supplying of Required Materials**. The scope of this RFP includes Rate Contract for Supply & Installation of Biogas Plant Equipment at Kinamarh Agriculture Farm of District- Latehar

The selected agency shall be responsible for providing the required materials as mentioned in the given annexure. Quantity of items may vary as per the requirement.

Sl.	Information	Details
1	Name of the work	2nd call Supply & Installation of Biogas Plant Equipment at kinamarh Agriculture Farm of District- Latehar.
2	Date of Publication of RFP for Rate Contract	**30.03.2026**
3	Tender Fee	2000.00 online at http://jharkhandtenders.gov.in
4	Last date and time of Submission of Bid	13.04.2026 5:00 PM
5	EMD Fee	50000.00 online at http://jharkhandtenders.gov.in
6	Pre-Bid Meeting	02.04.2026 at 11:00 AM
6	Technical Opening for bidders	15.04.202611:00 AM
7	Financial Opening of selected bidders	After Technical Evaluation
8	Bid opening Place	Agriculture office, Latehar
9	Contact details	latehardao@rediffmail.com

TENDER NOTICE

NOTICE INVITING TENDER FOR RATE CONTRACT FOR SUPPLY & INSTALLATION OF BIOGAS PLANT EQUIPMENT AT KINAMARH AGRICULTURE FARM OF DISTRICT- LATEHAR

The Office of the District Agriculture Officer Latehar, invites bids (**online tender**) through the official website of **Latehar District Administration** and **Jharkhand procurement portal-** https://jharkhandtenders.gov.in from reputed & genuine **Manufacturers/ Importers/ Authorized Dealers/ Distributors** who are interested and eligible to supply **equipment** at various locations of Latehar District.

Interested parties are requested to refer to the official tender documents for detailed specifications, terms, and conditions.

- The tender shall be submitted in two stage and two parts, viz., technical bid and financial bid. All the pages of bid being submitted must be signed stamped by authorised signatory and sequentially numbered by the bidder irrespective of nature of content of the documents before uploading. As of now, only the technical bid is uploaded as first stage Out of the technically eligible bidders, the agency submitting the lowest financial bid will be awarded the project.
- **Pre-Bid Meeting** will be organized to address any clarifications related to the tender. All interested bidders are requested to participate in the meeting. The Meeting will be organized at District Agriculture Office, Latehar & The virtual pre-bid session shall be held on the same day, meeting link can be obtained via email - latehardao@rediffmail.com
- The bidders are required to regularly check the website to know about any/all such corrigendum(s) as only these bids, taking care of such corrigendum(s) shall be considered for finalisation of the tender.
- The bid without EMD will be summarily rejected.

District Agriculture Officer Latehar

PR 376287 Agriculture(25-26)D

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

संक्षिप्त समाचार

आज का भारतीय संगीत किसी एक दायरे तक सीमित नहीं: शांतनु गंगाने

मुंबई, एजेंसी। भारत की विविध संगीत विरासत का जश्न मनाने वाले मंच, कोक स्टूडियो भारत ने अपने चौथे सीजन का आगाज़ पहले ट्रैक 'ऐ अजनबी' के साथ कर दिया है। यह गाना उस एहसास के बारे में है जो कभी पुराना नहीं होता— और वह है तड़प। आदित्य रिखारी की सुरीली और सहज आवाज़, लोक संगीत के उस्ताद कुतले खान की रूहानी गायकी और रैवाटॉर के शानदार प्रोडक्शन के साथ तैयार यह गाना दो अलग-अलग दौरों के बीच की बातचीत जैसा है। यह उस प्यार को बयां करता है जो कभी चिट्ठियों में लिखा जाता था और उस प्यार को भी जो आज के दौर में अनसेंट (ना भेजे गए) मैसेज में दबा रहता है। कोका-कोला इंडिया और साउथ वेस्ट एशिया के आईएमएक्स (एकीकृत विपणन अनुभव) प्रमुख, शांतनु गंगाने ने कहा,आज का भारतीय संगीत किसी एक दायरे तक सीमित नहीं है। श्रोता अब लोक संगीत, इंडी, इलेक्ट्रॉनिक और कई अन्य शैलियों के बीच सहजता से जुड़ते हैं। ऐ अजनबी के साथ, कोक स्टूडियो भारत अलग-अलग पीढ़ियों, संस्कृतियों और संगीत की ध्वनियों को एक साथ जोड़ रहा है। हम इस सीजन की शुरुआत बेहद प्रतिभाशाली और युवाओं की पसंद आदित्य रिखारी के साथ करने को लेकर रोमांचित हैं। उनकी लोकप्रियता और लोक उस्ताद कुतले खान की पारंपरिक जड़ों का यह मेल कोक स्टूडियो भारत के मूल भाव का उत्सव है। डीजे रैवाटॉर ने इन दो अलग-अलग दुनियाओं को एक संगम पर लाने में कमाल का काम किया है, जो कोक स्टूडियो भारत सीजन 4 की एक शानदार शुरुआत है।

कलर्स का 'डॉ. आरंभि' एक्स 'मन्नत हर खुशी पाने की' महासंगम

मुंबई, एजेंसी। दोनों सबसे पसंदीदा फैमिली ड्रामा अब एक साथ लौट रहे हैं! डॉ. आरंभि और 'मन्नत हर खुशी पाने की आई' कलर्स पर एक धमाकेदार महासंगम लेकर आ रहे हैं, जिसमें भरपूर होगा स्पेक्टेकल, इमोशन और ज़बरदस्त टकराव। इस खास क्रॉसओवर में दिखेगा कि जब एक महिला दूसरी महिला का साथ देती है, तो कहानी में कैसे बड़ा मोड़ आता है। इस एपिसोड में आरंभि (ऐश्वर्या खरे) अपनी दुनिया से आगे बढ़कर मानत (आयेशा सिंह) की उथल-पुथल भरी जिंदगी में कदम रखती हैं जहां महत्वाकांक्षा की कीमत चुकानी पड़ती है, ताकत कई रूपों में छिपी होती है और जीने के लिए हिम्मत चाहिए। सहजता और सहानुभूति से जुड़ी ये दोनों महिलाएं सिर्फ जवाबों के लिए नहीं, बल्कि अपने विश्वासों के लिए लड़ती हैं। सलूजा मैन्शन में विक्रांत (अदनान खान) और याशिका (लीना जुमानी) का भव्य संगीत समारोह शुरू होता है। जो रात संगीत और जश्न से सजी थी, वह जल्द ही भावनाओं के प्रेशर कुकर में बदल जाती है। मानत एक ही मकसद लेकर आती है अर्जू की असली पहचान उजागर करना। वह साहसिक कदम उठाते हुए उसका ड्रिंक स्पाइक करती है, जो या तो उसका राज खोल देगा या पूरी तरह उल्टा पड़ सकता है। जैसे-जैसे गुस्सा बढ़ता है और रिश्तों की वफादारी टूटने लगती है, आरंभि सामने आती है और मानत का मज़बूती से साथ देती है। वह हर कदम पर मानत को सपोर्ट करती है और सच को सामने लाने में मदद करती है।

रोहिताश्व गौर का दिल छू लेने वाला जन्मदिन, को-स्टार्स परिवार के साथ खास जश्न

मुंबई, एजेंसी। अभिनेता रोहिताश्व गौर ने इस साल अपना जन्मदिन भाबीजी घर पर है 2.0 के सेट पर बड़े ही खास अंदाज़ में मनाया। एक सामान्य कामकाजी दिन हंसी, दोस्ती और कृतज्ञता से भरे यादगार जश्न में बदल गया। अपनी शानदार कॉमिक टाइमिंग और लोकप्रिय किरदार के लिए जाने जाने वाले रोहिताश्व को उनके को-स्टार्स और क्रू ने सरप्राइज देकर उनका दिन खास बना दिया। सेट, जो आमतौर पर रिहर्सल और शूटिंग में व्यस्त रहता है, उस दिन मुस्कान, शुभकामनाओं और केक कटिंग के साथ खुशियों से भर गया। अपने अनुभव को साझा करते हुए, मनमोहन तिवारी उर्फ रोहिताश्व गौर ने कहा, जन्मदिन हमेशा खास होते हैं, लेकिन भाबीजी घर पर है 2.0 के सेट पर इसे मनाना बेहद अनोखा रहा। यह शो मेरे लिए सिर्फ काम नहीं, बल्कि दूसरा घर है।

2 करोड़ वाहन पार: अटल सेतु अब अलीबाग से जुड़ेगा, कोस्टल कॉरिडोर की तैयारी तेज

मुंबई, एजेंसी। देश के सबसे लंबे समुद्री पुल अटल सेतु ने एक और बड़ा माइलस्टोन पार कर लिया है। अब इसे अलीबाग से जोड़ने की तैयारी चल रही है। परियोजना पूरी होने पर मुंबई और अलीबाग की दूरी महज डेढ़ घंटे में सिमट कर रह जाएगी। इस पुल से अब तक 2 करोड़ से अधिक वाहनों का आवागमन हो चुका है। पिछले शनिवार को 2,00,00,316वां वाहन इस पुल से गुजरा, जो एमएमआर क्षेत्र की कनेक्टिविटी के लिहाज से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

राज्य सरकार ने अटल सेतु को सीधे अलीबाग से जोड़ने का प्रस्ताव रखा है। सिडको ने इस पर काम शुरू कर दिया है। नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, जेएनपीए और कोंकण इलाके के साथ एक आसान रोड कनेक्टिविटी बनाने की कोशिश है।

उल्वे इलाके में लगभग 7 किमी लंबी छह लेन की कोस्टल रोड बनाई जा रही है। इस रूट के अगले चरण में द्रोणागिरी के रास्ते रेवास-करंजा ब्रिज से जोडने का प्रस्ताव है। इससे अटल सेतु से आगे एक सीधा कोस्टल कॉरिडोर बन जाएगा मैग्रोव जंगल को बचाने के लिए कुछ इलाकों में एलिवेटेड रोड बनाने का प्लान है। इस प्रोजेक्ट की लागत लगभग 1,600 करोड़ रुपये

आंकी गई है। इसे बढ़ाने में लगभग 2,500 से 4,000 करोड़ रुपये खर्च होने की उम्मीद है। 13 जनवरी 2024 को शुरू हुए अटल सेतु पर चलने वाले कुल वाहनों में सबसे अधिक हिस्सेदारी निजी कारों की रही है। अब तक लगभग 1।81 करोड़ निजी कारें इस पुल से गुजरी हैं, जो कुल ट्रैफिक का 91 प्रतिशत से अधिक है। इसके अलावा करीब 5।98 लाख हल्के व्यावसायिक वाहन, मिनीबस और बसों ने पुल का उपयोग किया, जबकि 12।06 लाख मध्यम और भारी वाहनों ने भी इस मार्ग से आवागमन किया। कनेक्शन हो जाता है, तो नवी मुंबई सीधे अलीबाग और आगे कोंकण इलाके से सड़क से जुड़ जाएगा। फेरी बोट पर निर्भरता कम होगी और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। अटल सेतु दक्षिण मुंबई के शिवड़ी को नवी मुंबई के चिरले से जोड़ता है। पहले इस दूरी को तय करने में करीब एक घंटा लगता था, लेकिन पुल इससे शुरू होने के बाद यात्रा का समय घटकर 20 मिनट से भी कम रह गया है। रोजाना आने-जाने वाले हजारों यात्रियों को बड़ी राहत मिली है। इस पुल के शुरू होने से न केवल यात्रा समय कम हुआ है, बल्कि ईंधन की बचत, लॉजिस्टिक्स लागत में कमी और नवी मुंबई क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिला है। विशेषज्ञों के अनुसार अटल सेतु केवल एक पुल नहीं, बल्कि मुंबई महानगर क्षेत्र के विकास की नई धुरी बन चुका है।

पंजाब में सनसनीखेज वारदात, कांग्रेस ब्लॉक प्रधान की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या

लुधियाना , एजेंसी। पंजाब में सनसनीखेज वारदात में कांग्रेस ब्लॉक प्रधान की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी गई। लुधियाना के माछीवाड़ा कस्बे के गांव तखरां के बस स्टैंड पर कांग्रेस ब्लॉक प्रधान परमिंदर तिवारी की हत्या हुई। रविवार शाम 6 :30 बजे ब्लॉक अध्यक्ष परमिंदर तिवारी तक्खरां से हाडियां रोड पर बने क्वार्टर के बाहर कुर्सी पर बैठे थे। अचानक मोटरसाइकिल पर सवार होकर दो अज्ञात लोग आए, जिनमें से एक ने हाथ में पकड़ी कुल्हाड़ी से उनके सिर पर कई वार किए। इस जानलेवा हमले में परमिंदर तिवारी खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़े। उनके कान और सिर पर गंभीर चोट लगी। हमलावर मोटरसाइकिल पर मालवा चौक की तरफ भाग गए। खून से लथपथ अध्यक्ष परमिंदर तिवारी को माछीवाड़ा अस्पताल लाया गया, जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें लुधियाना रेफर कर दिया गया। लुधियाना फोर्टिस अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। ?दिनदहाड़े हुई इस वारदात से सनसनी फैल गई। परमिंदर तिवारी पर हमला करने के बाद बाइक सवार अज्ञात हमलावर जाते समय घटना में इस्तेमाल की गई कुल्हाड़ी मालवा चौक में फैंक गए। यह कुल्हाड़ी पूरी तरह खून से सनी हुई थी। यहां तक कि तिवारी के सिर के मांस के टुकड़े भी घटना स्थल पर बिखरे पड़े थे। घटना की जानकारी मिलते ही माछीवाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंचे और जांच की। हमलावरों की पहचान के लिए पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

कांग्रेस सांसद प्रशांत पडोले सड़क हादसे में घायल, तेज रफ्तार ट्रक ने कार के उड़ाए परखच्चे

नागपुर , एजेंसी। महाराष्ट्र के भंडारा जिले से कांग्रेस सांसद डॉ. प्रशांत पडोले सोमवार सुबह एक सड़क हादसे में घायल हो गए। यह दुर्घटना उस समय हुई जब वे कार से नागपुर एयरपोर्ट जा रहे थे। हादसे में उनके ड्राइवर को भी चोटें आई हैं। दोनों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के मुताबिक, नागपुर के पास एयरपोर्ट रूट पर उनकी कार को एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि, सांसद को गंभीर चोट नहीं आई और वे सुरक्षित बच गए।

हादसे के बाद डॉ. पडोले ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ङ्ग' पर इस हादसे के बारे में जानकारी दी। उन्होंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को टैग करते हुए लिखा, 'जब सांसद ही सुरक्षित नहीं हैं, तो आम जनता का क्या होगा?' सांसद ने यह भी सवाल उठाया कि दुर्घटना के दौरान कार के एयरबैग भी नहीं खुले, जो गंभीर चिंता का विषय है। इस सड़क हादसे में मामूली चोट लगने के बावजूद डॉ. प्रशांत पडोले एयरपोर्ट पहुंचे। जानकारी के अनुसार, वे एक दोपहिया वाहन से लिफ्ट लेकर नागपुर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद वे दिल्ली के लिए रवाना हो गए। यह पहली बार नहीं है जब सांसद पडोले सड़क दुर्घटना का शिकार हुए हैं। इससे पहले सितंबर 2025 में भी नागपुर बायपास के पास उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हुई थी, जिसमें वे मामूली रूप से घायल हुए थे।

दादरी में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा को घेरा, बोले- 5% अहंकारी 95% पीड़ितों का शोषण नहीं कर पाएंगे

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी। पांच प्रतिशत लोग 95 प्रतिशत लोगों का शोषण करके अधिकारों से वंचित करने का काम कर रहे हैं। एक तरफ अहंकारी हैं तो दूसरी तरफ पीड़ित, जो पीड़ित हैं वे पीडीए हैं। सपा ने पीडीए यानी पीड़ितों को एक साथ लाने का काम किया है। यह केवल रैली नहीं बल्कि आह्वान है।आने वाले समय में हम पिछड़ा दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) के लोग मिलकर सरकार बनाने जा रहे हैं। यह बात समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने दादरी स्थित मिहिर भोज डिग्री कॉलेज में समानता भाईचारा सम्मेलन के दौरान कहीं। सम्मेलन में गुर्जरों ने अपनी ताकत दिखाई। 32 जिलों के 140 विधानसभा क्षेत्रों कें गुर्जर शामिल हुए। अखिलेश यादव ने इन सीटों पर पार्टी की पकड़ मजबूत करने के साथ 2027 विधानसभा चुनाव का भी आगाज किया। एक दिन पहले नोएडा एयरपोर्ट उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयानों पर भी पलटवार किया। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट पर हुई जनसभा की पोल बहुत लोगों ने खोल दी। कोई कैमरे से नहीं बच सकता। लोगों की भीड़ जुटाने के लिए दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी को सरकारी कर्मचारियों का सहारा लेना पड़ा। रैली में लोग आए नहीं, लाया गया था। जेवर के एयरपोर्ट को किसी ने एनओसी दिलाने का काम किया था तो वह समाजवादी पार्टी थी। उसी का परिणाम है जो आज यहां एयरपोर्ट बना, जो लोग एयरपोर्ट का उद्घाटन कर रहे थे, वे पहले भी सात एयरपोर्ट का उद्घाटन कर चुके हैं, जिनमें से छह बंद हो गए। उन्हें वादा करना चाहिए कि जिसका उद्घाटन

किया उसे बेचेंगे नहीं। चुटकी लेते हुए कहा कि ऐसा तो नहीं कहीं उद्घाटन ही बेचने के लिए किया गया हो। अखिलेश ने कहा कि जिसने अत्याचार, अन्याय और उत्पीड़न की पीड़ा नहीं झेली है। वह हमदर्दी तो दिखा सकते हैं, लेकिन हमारा दर्द महसूस नहीं कर सकते, जो हमारे घर को गंगाजल से धुलवाने पर हमें हुआ था।अब दौर बदल गया है। अभी समय है, चालबाजी, भेदभाव छोड़ दें। भविष्य उनका नहीं है। शीघ्र ही सत्ता के सिंहासन से भी उतार दिए जाएंगे।

अखिलेश ने कहा सरकार ने 50 करोड़ रुपये के एमओयू साइन किए, लेकिन जमीन पर कुछ नहीं उतरा। रोजगार के लिए नौजवान परेशान हैं। नौकरी भाजपा के एजेंडे में कभी नहीं रही। बाबा भीम राव आंबेडकर के संविधान के तहत जो आरक्षण है वो भी उनके एजेंडे में कभी नहीं रहा। इसलिए सरकारी नौकरी नहीं देते पेपर लीक कराते हैं। कुछ लोग कहते हैं हम नोएडा नहीं आते। अंधविश्वास था उन्हें हम बता देना चाहते हैं कि दोनों लोगों ने मिलकर अपने कार्यकर्ताओं के घर पर चाय नहीं पी होगी, जितनी हमने नोएडा आकर अपने कार्यकर्ताओं के घर पर जाकर चाय पी है। नोएडा के विकास के लिए समाजवादियों का योगदान कोई भूल नहीं सकता। जिस मेट्रो में बैठकर उन लोगों ने उद्घाटन किया था, दिल्ली को नोएडा से जोड़ने वाली, वह समाजवादियों ने बनाई थी। नोएडा में दो एलिवेटेड बनवाए। नोएडा, ग्रेटर नोएडा के बीच मेट्रो चलवाई। नोएडा में सर्वाधिक मुआवजा 850 से 5200 रुपये सपा सरकार ने किया। जब से भाजपा सरकार बनी है, तब से नोएडा, ग्रेटर नोएडा में मुआवजा नहीं बढ़ा। हमारी सरकार ने नोएडा के विकास के लिए एक नहीं, बल्कि कई फैसले लिए और इन लोगों के पास बताने के लिए कुछ नहीं है। संबोधन से पहले उन्होंने गुर्जर सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर गंगाजल से छिड़काव किया। मुख्यमंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि समाजवादियों ने जब भी लड़ाई लड़ी जब दूसरे लोग हमारे इतिहास हमारे सम्राट को भी छीनना चाहते थे। उन्होंने कहा कि 2027 में सरकार बनाइए राधानी लखनऊ में तमाम पीडीए महापुरुषों के योगदान को याद दिलाने के लिए हम रिवर फ्रंट पर प्रतिमा लगवाएंगे।

एनसीपी विलय पर सीएम फडणवीस ने साधी चुप्पी, विधानसभा चुनावों में संभालेंगे बड़ी जिम्मेदारी

मुंबई, एजेंसी। राष्ट्रवादी कांग्रेस के दोनों गुटों के विलय से संबंधित चर्चा के सवालों पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इस संदर्भ में टिप्पणी करने का यह उचित समय नहीं है। डीसीएम सुनेत्रा पवार राष्ट्रवादी की अध्यक्ष हैं। वे ही इस विषय पर अपनी राय स्वयं व्यक्त करेंगी। इसलिए इस मुद्दे पर फिलहाल मेरी कोई टिप्पणी नहीं है। वे नागपुर में आयोजित 69वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट कार्यक्रम में शामिल होने आए थे।

ईरान-इजराइल युद्ध के चलते पेट्रोल, डीजल, गैस की किल्लत के संदर्भ में सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि पेट्रोल की कमी को लेकर किसी को भी अफवाह नहीं फैलानी चाहिए। जब पहले लोगों ने कतारें लगाई थीं, तब भी हमने स्पष्ट कहा था कि हमारे पास पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। इसके बावजूद कुछ लोग अफवाह फैला रहे थे। अब ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। आशा है अब कतारें नहीं लगेंगी।

आयोजन के संदर्भ में उन्होंने कहा कि ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट का इतिहास भी खास है। लगभग 69 वर्ष पहले पहली ड्यूटी मीट नागपुर में ही आयोजित हुई थी और इस वर्ष फिर से नागपुर को यह अवसर मिला है। देशभर के लगभग 29 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से करीब 1,300 पुलिस अधिकारी इस मीट के लिए नागपुर पहुंचे हैं। देशभर में 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। प्रचार की जिम्मेदारी के संदर्भ में फडणवीस ने कहा कि

पार्टी जहां मुझे भेजेगी, मैं वहां जाऊंगा। असम और केरल इन दो राज्यों में मैं चुनाव प्रचार के लिए जाने वाला हूं। अशोक खरात सेक्स स्कैंडल मामले में रूपाली चाकणकर को समन जारी करने के संदर्भ में उन्होंने कहा कि इसकी मुझे फिलहाल कोई जानकारी नहीं है। इस मामले की वर्तमान स्थिति क्या है, यह भी मुझे ज्ञात नहीं है। जांच निष्पक्ष रूप से जारी है। ऐसे मामलों की जानकारी रोजाना नहीं दी जाती। आवश्यकता होने पर ही जानकारी ली जाती है। इसलिए इस मामले की जांच जारी है और उचित समय पर इसकी जानकारी दी जाएगी।

लोधी समाज के इशारे पर बनती-बिगड़ती हैं सरकारें : साक्षी महाराज

कासगंज , एजेंसी। यूपी के कासगंज में आयोजित एक जनसभा के दौरान उन्नाव से भारतीय जनता पार्टी सांसद साक्षी महाराज ने लोधी समाज की सत्ता और संगठन में 'सम्मानजनक भागीदारी' को बढ़ाने की मांग को दोहरायी है। इस दौरान उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि आज हालात ऐसे हैं कि कल्याण सिंह की प्रतिमा लगाने के लिए भी अनुमति लेनी पड़ती है। सीएम पद में भी लोधी समाज की हिस्सेदारी बढ़नी चाहिए।

लोधी समाज की राजनीतिक ताकत का जिक्र करते हुए भाजपा सांसद ने कहा कि उत्तर प्रदेश में लोधी समाज के एक इशारे पर सरकार बनती भी है और गिरती भी है। भाजपा सांसद ने चेतावनी भरे लहजे में कहा, 'हमें विवश मत करो। हम सम्मान से समझौता नहीं करेंगे और न ही स्वाभिमान गिरवी रखेंगे।' प्रधानमंत्री मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' नारे का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इस विकास में लोधी समाज की भी हिस्सेदारी होनी चाहिए।

अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा द्वारा वीरांगना अवंतीबाई लोधी और पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की मूर्तियों के अनावरण के अवसर पर साक्षी महाराज ने कहा कि भाजपा को जन-जन तक पहुंचाने और मजबूत करने में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि पहले भाजपा को शहर के सीमित वर्ग की पार्टी कहा जाता था, लेकिन कल्याण सिंह ने इसे जन-आंदोलन बनाया।

उन्होंने मांग रखी कि समाज को एमएलसी, राज्यसभा,

राज्यपाल और यहां तक कि मुख्यमंत्री पद में भी भागीदारी मिलनी चाहिए। साक्षी महाराज ने कहा, 'हम भीख मांगने वाले नहीं हैं, हम अपनी ताकत और बुद्धि के बल पर जीतते हैं।' उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती और कल्याण सिंह का उल्लेख करते हुए उनके योगदान को याद किया और कहा कि राम मंदिर निर्माण का श्रेय भी कल्याण सिंह को जाता है।

सभा में एटा के पूर्व सांसद राजवीर सिंह ने भी अपने परिवार की राजनीतिक पृष्ठभूमि का जिक्र करते हुए कहा कि तीन पीढ़ियों से जनता की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने चुनावी हार-जीत को लोकतंत्र का हिस्सा बताया। राजवीर सिंह ने प्रतियोगी परीक्षाओं में इंटरव्यू प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए उसमें पारदर्शिता की मांग की।

महाराष्ट्र में खत्म होगा लाल आतंक, खौफ के 4 दशक और अब नक्सलमुक्त होने की दहलीज ! बदली जिले की तस्वीर

गड़चिरोली, एजेंसी। गड़चिरोली जिले में बिते कुछ वर्षो से नक्सलियों पर पुलिस निरंतर हावी रही है। ऐसे में मुठभेडों में नक्सलियों को मार गिराने के साथ ही नक्सलियों को दबोचने में भी पुलिस सफल रही है। वहीं सरकार की आत्मसमर्पण योजना के चलते अनेक नक्सलियों ने पुलिस के शरण में आए। इस बिच केंद्र सरकार ने 31 मार्च की डेडलाइन घोषित करते हुए नक्सलियों का का सफाया करने का ऐलान किया गया था।

जिसके तहत पुलिस ने भी नक्सल विरोधी अभियान को तीव्र किया। इसके चलते जिले में महजन 6 नक्सली बचे हैं। लेकिन उक्त नक्सलियों की भी जिले में कोई हलचल नहीं होने के चलते वे कहीं भूमिगत होने की संभावना व्यक्त हो रही है। इसके चलते 31 मार्च की डेडलाइन समाप्त होने में महज 2 दिनों का समय शेष है। ऐसे में 1 अप्रैल से क्या गड़चिरोली जिला

नक्सलमुक्त होगा, क्या विगत 4 दशक से जिले पर छाया लाल दहशत का साया हटेगा यह सवाल पुछा जाने लगा है।

वनसंपन्न, आदिवासी बहुल गड़चिरोली जिले में करीब 4 दशक पूर्व जिले के दक्षिण छोर से नक्सलियों का प्रवेश हुआ। शुरूआती दिनों में नक्सलियों ने यहां आदिवासियों के अज्ञानता का लाभ उठाकर बहलाना शुरू किया। फिर, धीरे-धीरे अपने लाल आतंक को फैलाना शुरू किया। इस दौरान नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के साथ ही मुखबिरी के आरोप में अनेक बेगुनाह नागरिकों की जाने ली।

इस दौरान पुलिस दल ने वर्ष 2021 से अबतक कुल 99 नक्सलियों को यमलोक पहुंचाया। इसके साथ ही गुप्तचरों को सक्रिय करते हुए नक्सलियों के ठिकानों का पता लगाकर करीब 140 नक्सलियों को दबोचा। इससे नक्सलियों की कमर टूट गई। राह भटके नक्सलियों को सन्मानपूर्वक जीवनयापन के लिए पुलिस ने आत्मसमर्पन योजना शुरू की। इसके मद्देनजर 794 नक्सली पुलिस के शरण में आए है। इसमें वर्ष 2025 से यानी करीब एक से डेढ़ वर्षो में ही 123 नक्सलियों ने आत्मसमर्पन कर खुशहाली का मार्ग अपनाया। इसमें 11 बड़े कैडर के नक्सली भी शामिल है। इसके मद्देनजर नक्सल आंदोलन अपने समाप्ती के कगार पर पहुंच गया। इस बीच बिते दिनों केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 31 मार्च के पूर्व नक्सलियों का सफाया करने का ऐलान किया। वहीं सुरक्षा बलों को इस संदर्भ में निर्देश दिए। जिसके चलते गड़चिरोली जिला पुलिस व कार्यरत केंद्रीय आरक्षित पुलिस बल व राज्य आरक्षित पुलिस बल ने तीव्र नक्सल विरोधी अभियान शुरू किया है। इस बीच 19 मार्च 30 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पन किया था।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन का चुनावी घोषणापत्र- सालाना इनकम में इजाफा, स्वास्थ्य बीमा भी डबल

चेन्नई, एजेंसी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने डीएमके का चुनावी घोषणापत्र जारी कर दिया है। इसके मुताबिक सालाना आय में इजाफा किया गया है। वहीं, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा की रकम को भी दोगुना कर दिया गया है। पहले यह रकम 5 लाख सालाना थी, अब यह बढ़कर 10 लाख होगी। द्रमुक प्रमुख स्टालिन ने चेन्नई में कहा कि महिलाओं को मिलने वाला मासिक अनुदान बढ़ाकर 2,000 रुपए किया जाएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री की नाश्ता योजना को कक्षा 8वीं तक विस्तारित करने का वादा किया गया है। द्रमुक प्रमुख स्टालिन ने चुनावी घोषणापत्र जारी करते हुए कहाकि सरकार ने तमिलनाडु को विकास के मामले में शीर्ष स्थान पर पहुंचाया। इसके अलावा द्रमुक प्रमुख स्टालिन ने कहा, मुफ्त बिजली योजना के तहत किसानों को बिना मीटर वाले आधुनिक पंपसेट दिए जाएंगे, 5 साल में 10 लाख नए घर बनाए जाएंगे। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहाकि छात्राओं के लिए उच्च शिक्षा अनुदान की मासिक राशि 1,000 रुपए से बढ़ाकर 1,500 रुपए की जाएगी। द्रमुक ने 'इल्लाथारसी' नाम के एक कूपन की घोषणा की है। इसके तहत महिलाओं को टीवी जैसे घरेलू सामान चुनने, नया खरीदने या बदलने के लिए 8000 रुपए का कूपन दिया जाएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री स्टालिन ने धान की खरीद दर बढ़ाकर 3500 रुपए प्रति क्विंटल और गन्ने की खरीद दर बढ़ाकर 4500 रुपए प्रति टन करने का वादा किया। चेन्नई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, स्टालिन ने कहाकि तमिलनाडु द्रविड़ीय शासन मॉडल के तहत एक प्रमुख राज्य के रूप में उभरा है। उन्होंने आगे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की सफलता के बारे में बताते हुए कहाकि डीएमके लगातार जनता के समर्थन के साथ सातवीं बार सत्ता में लौटेगा। स्टालिन ने दावा किया कि भारत के किसी अन्य राज्य ने तमिलनाडु की तरह कल्याणकारी योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू नहीं किया है। उन्होंने इसे दूसरों के लिए एक मॉडल के रूप में पेश किया। साथ ही लोगों के कल्याण और विकास पर केंद्रित दीर्घकालिक 10 वर्षीय दृष्टिकोण को भी रेखांकित किया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

विचार-मंथन

संपादकीय

गंभीर अपराध, हल्की धाराएं, सुप्रीम कोर्ट की कठोर टिप्पणी

हरियाणा के गुरुग्राम में एक मासूम बच्ची के यौन उत्पीड़न के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कड़ा संज्ञान लेते हुए पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए।किसी भी आपराधिक वारदात में पीड़ित को न्यायपालिका पर भरोसा होता है कि उसे न्याय जरूर मिलेगा। मगर इंसाफ तभी मिल पाता है, जब मामले की गंभीरता के मद्देनजर जांच-पड़ताल की जाए और अदालत में पुख्ता साक्ष्य प्रस्तुत किए जाएं। यह काम जांच एजंसियों का होता है, लेकिन कई बार ऐसा देखा गया है कि पुलिस या अन्य जांच एजंसियों के अधिकारी संगीन मामलों को भी गंभीरता से नहीं लेते हैं और हल्की धाराओं के तहत मामला दर्ज करते हैं। इसके पीछे या तो जांच अधिकारियों की लापरवाही होती है या फिर किसी बाहरी दबाव की वजह से मामले को कमजोर करने की मंशा छिपी होती है।हरियाणा के गुरुग्राम में पिछले माह एक मासूम बच्ची के यौन उत्पीड़न के मामले में भी पुलिस का ऐसा ही रवैया सामने आया है। इस पर सर्वोच्च न्यायालय ने बुधवार को कड़ा संज्ञान लेते हुए पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए और मामले की निष्पक्ष जांच के लिए एक विशेष जांच दल गठित करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट कहा कि इस मामले में पुलिस का रवैया शर्मनाक और असंवेदनशील रहा है, जो न्यायिक प्रक्रिया के लिए चिंताजनक है।यह बात छिपी नहीं है कि सामान्य आपराधिक घटना में भी प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए पीड़ित पक्ष को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हालांकि कानून में अब शून्य पुलिस प्राथमिकी दर्ज कराने का प्रावधान है, इसके बावजूद अक्सर ऐसी खबरें आती रहती हैं कि घटनास्थल का किसी दूसरे थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने का हवाला देकर पुलिसकर्मी प्राथमिकी दर्ज करन से इनकार कर देते हैं। गुरुग्राम मामले में भी इस तरह की बातें सामने आई हैं।पुलिस ने पाक्सो अधिनियम के तहत दर्ज प्राथमिकी में गंभीर धारा लगाने की बजाय हल्की धारा लगाकर अपराध को कमतर दिखाने की कोशिश की। सर्वोच्च न्यायालय ने बच्ची के बयान पर अपना पक्ष पूरी तरह से बदलने के लिए एक निजी अस्पताल की चिकित्सक को भी फटकार लगाई और कहा कि उनका यह व्यवहार शर्मनाक है।

दुनिया में गहरा रहा जल संकट, आई डरावनी चेतावनी

दुनिया में बढ़ता जल संकट चिंता का विषय बना हुआ है। अगला विश्व युद्ध पानी के लिए लड़े जाने की भविष्यवाणियां तक की जा चुकी हैं। संयुक्त राष्ट्र विश्वविद्यालय के जल, पर्यावरण और स्वास्थ्य संस्थान के शोधकर्ताओं की हाल में आई एक रपट इन चिंताओं को और गंभीर रूप दे रही है। इसमें कहा गया है कि पिछले कई दशकों के दौरान जल के अत्यधिक दोहन, सिमटते भूजल स्रोतों, भूमि क्षरण, बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन से उपजी बाधाओं की वजह से दुनिया अब जल संकट की अवस्था से आगे बढ़कर 'वैश्विक जल दिवालियापन' की स्थिति में कदम रख चुकी है।जब कोई इंसान दिवालिया होता है, तो उसके पास पैसा नहीं बचता, घर तक गिरवी हो जाता है और विश्वसनीयता खत्म हो जाती है। बड़ा सवाल यह है कि अगर दुनिया पानी के लिहाज से दिवालिया हो गई, तो क्या होगा? रपट में शोधकर्ताओं ने जो कुछ कहा है, उसका मतलब यह नहीं कि दुनिया से पानी अचानक खत्म हो जाएगा, बल्कि जिस ढंग से जल का अंधाधुंध दोहन और प्रदूषण बढ़ रहा है, उससे जल व्यवस्था की रीढ़ टूटनी शुरू हो गई है। समूचे विश्व में बहुत पहले से जल संकट की चर्चा होती रही है, मगर इसे एक ऐसे झटके की तरह देखा जाता रहा है, जिससे समय के साथ उबरा जा सकता है। अगर जल संकट के बारे में चेतावनी दी जाती रही है, तो यह भरोसा भी दिलाया जाता रहा है कि फिर से अच्छी बरसात होगी, जल का स्तर सुधर जाएगा और हालात पुन- सामान्य हो जाएंगे।मगर नई रपट ने इस भरोसे पर सवालिया निशान लगा दिया है। रपट में साफ कहा गया है कि विश्व की जल आपूर्ति प्रणाली कई जगहों पर पतन के दौर में पहुंच चुकी है। अनेक क्षेत्रों में पानी की कमी अब स्थायी स्वरूप लेती जा रही है। यह स्थिति केवल पानी की कमी की नहीं, बल्कि व्यवस्था के टूटने की ओर संकेत करती है। ऐसे में अब हमें पानी के बारे में अपने सोचने का ढंग बदलना होगा।

वैश्विक ऊर्जा संकट के इस दौर में भारत के पास एक अवसर भी है, एक ऐसे मॉडल के रूप में उभरने का, जो विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन स्थापित कर सके। यदि भारत ऊर्जा संरक्षण, अक्षय ऊर्जा और तकनीकी नवाचार के समन्वय से आगे बढ़ता है तो वह न केवल अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा कर सकता है बल्कि विश्व के लिए एक प्रेरणा भी बन सकता है।

वैश्विक संकट के बीच मानवता की अंतिम सुरक्षा-रेखा है ऊर्जा संरक्षण

(योगेश कुमार गोयल)

ऊर्जा संरक्षण का एक महत्वपूर्ण आयाम औद्योगिक क्षेत्र भी है। उद्योगों में ऊर्जा दक्षता बढ़ाने से उत्पादन लागत में कमी आती है और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि ऊर्जा संरक्षण को केवल सरकारी नीति या अभियान के रूप में न देखा जाए बल्कि इसे एक सामाजिक संस्कृति के रूप में विकसित किया जाए। आज जब विश्व एक बार फिर भू-राजनीतिक तनावों के दौर से गुजर रहा है और ईरान, अमेरिका तथा इजरायल के बीच टकराव ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को अस्थिर कर दिया है, तब ऊर्जा केवल विकास का साधन नहीं बल्कि अस्तित्व का प्रश्न बन चुकी है। तेल और गैस के दामों में उतार-चढ़ाव, आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान और ऊर्जा स्रोतों पर बढ़ती निर्भरता ने पूरी दुनिया को यह सोचने पर विवश कर दिया है कि क्या आधुनिक सभ्यता ने अपनी बुनियाद अत्यधिक अस्थिर संसाधनों पर खड़ी कर दी है। इस परिप्रेक्ष्य में ऊर्जा संरक्षण केवल एक विकल्प नहीं बल्कि मानवता की सुरक्षा का सबसे सरल, सस्ता और प्रभावी उपाय बनकर उभर रहा है। ऊर्जा आधुनिक जीवन का अभिन्न अंग है, चाहे वह उद्योगों की मशीनें हों, परिवहन के साधन हों, डिजिटल अर्थव्यवस्था हो या घरेलू जीवन की सुविधाएं किंतु विडंबना यह है कि जिस ऊर्जा पर हमारी प्रगति आधारित है, वही अब संकट का कारण बनती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र की 'एनर्जी प्रोग्रेस रिपोर्ट 2024' के अनुसार आने वाले दशक में वैश्विक ऊर्जा मांग में लगभग 25 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है जबकि जीवाश्म ईंधनों के भंडार तेजी से सीमित होते जा रहे हैं। ऐसे में यदि ऊर्जा संरक्षण और दक्षता को प्राथमिकता नहीं दी गई तो भविष्य में ऊर्जा संकट केवल आर्थिक चुनौती नहीं रहेगा बल्कि सामाजिक अस्थिरता और वैश्विक संघर्षों का कारण भी बन सकता है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य इस खतरे को और स्पष्ट करता है। पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव ने तेल आपूर्ति पर अनिश्चितता बढ़ा दी है, जिससे अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें अस्थिर हो रही हैं। भारत जैसे ऊर्जा आयात पर निर्भर देशों के लिए यह स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक है। दरअसल भारत अपनी कुल तेल आवश्यकता का लगभग 85 प्रतिशत आयात करता है। ऐसे में वैश्विक संकट का सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था, महंगाई और आम नागरिक के जीवन पर पड़ता है। पैट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि केवल परिवहन लागत को नहीं बढ़ाती बल्कि खाद्य पदार्थों से लेकर निर्माण सामग्री तक हर क्षेत्र में महंगाई को जन्म देती है। इस परिप्रेक्ष्य में ऊर्जा संरक्षण राष्ट्रीय आर्थिक सुरक्षा का भी एक महत्वपूर्ण आधार बन जाता है। भारत तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्था है और यहां ऊर्जा की मांग निरंतर बढ़ रही है। इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी की 'इंडिया एनर्जी आउटलुक 2024' रिपोर्ट के अनुसार, 2030 तक भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी ऊर्जा उपभोक्ता अर्थव्यवस्था बन जाएगा। ऐसे में यदि ऊर्जा खपत को संतुलित नहीं किया गया तो विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाए रखना कठिन हो जाएगा। यही कारण है कि भारत ने ऊर्जा दक्षता और संरक्षण को अपनी नीति का केंद्रीय तत्व बनाया है। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा लागू ऊर्जा संरक्षण अधिनियम और 'उजाला' जैसे कार्यक्रमों ने यह साबित किया है कि छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े परिणाम दे सकते हैं। 36 करोड़ से अधिक एलईडी बल्बों का वितरण और उससे हुई 48 बिलियन यूनिट बिजली की बचत इस बात का प्रमाण है कि यदि नीति और जनभागीदारी साथ आएं तो ऊर्जा संरक्षण एक जनांदोलन बन सकता है। ऊर्जा संरक्षण का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह किसी नई तकनीक या बड़े निवेश पर निर्भर नहीं है बल्कि यह हमारे दैनिक व्यवहार में छोटे-छोटे बदलावों से ही संभव है। उदाहरण के लिए, अनावश्यक रूप से जलती लाइटों को बंद करना, ऊर्जा-कुशल उपकरणों का उपयोग करना, एयर कंडीशनर का सीमित प्रयोग, सार्वजनिक परिवहन को अपनाना और सौर ऊर्जा जैसे विकल्पों को बढ़ावा देना, ये सभी कदम न केवल ऊर्जा बचाते हैं बल्कि पर्यावरण को भी सुरक्षित रखते हैं। यदि भारत का प्रत्येक परिवार प्रतिदिन केवल एक यूनिट बिजली की बचत करे तो यह देश के लिए ऊर्जा क्रांति के समान होगा। ऊर्जा संरक्षण का संबंध केवल बिजली तक सीमित नहीं है बल्कि यह जल, पर्यावरण और स्वास्थ्य से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। ऊर्जा उत्पादन में जल का व्यापक उपयोग होता है और जल की बर्बादी सीधे ऊर्जा की बर्बादी में बदल जाती है। इसी प्रकार, ऊर्जा के अत्यधिक उपयोग से कार्बन उत्सर्जन बढ़ता है, जो जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापमान वृद्धि का मुख्य कारण है। आज जब दुनिया 1.5 डिग्री सेल्सियस के लक्ष्य को बचाने के लिए संघर्ष कर रही है, तब ऊर्जा संरक्षण इस दिशा में सबसे प्रभावी हथियार साबित हो सकता है। अक्षय ऊर्जा इस संकट का दीर्घकालिक समाधान प्रस्तुत करती है लेकिन इसकी सफलता भी ऊर्जा संरक्षण पर ही निर्भर करती है। सौर, पवन और जैव ऊर्जा जैसे स्रोतों का विस्तार तभी प्रभावी होगा, जब ऊर्जा की कुल मांग को नियंत्रित किया जाए। भारत ने 2030 तक 500 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य निर्धारित किया है, जो न केवल ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है बल्कि वैश्विक जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। ग्रीन हाइड्रोजन मिशन और स्मार्ट ग्रिड जैसी तकनीकें इस दिशा में नई संभावनाएं खोल रही हैं लेकिन इन सबका मूल आधार ऊर्जा का विवेकपूर्ण उपयोग ही है। शहरीकरण के बढ़ते दबाव ने भी ऊर्जा खपत को तेजी से बढ़ाया है। महानगरों में ऊंची इमारतें, एयर कंडीशनिंग सिस्टम और बढ़ती वाहन संख्या ऊर्जा की मांग को कई गुना बढ़ा देती है। ऐसे में हरित भवन निर्माण, सौर पैनलों का उपयोग और सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देना आवश्यक हो जाता है। यदि भवन निर्माण में ऊर्जा दक्षता को प्राथमिकता दी जाए तो बिजली की खपत में 30 से 40 प्रतिशत तक कमी लाई जा सकती है। यह न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी होगा बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। ऊर्जा संरक्षण का एक महत्वपूर्ण आयाम औद्योगिक क्षेत्र भी है। उद्योगों में ऊर्जा दक्षता बढ़ाने से उत्पादन लागत में कमी आती है और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि ऊर्जा संरक्षण को केवल सरकारी नीति या अभियान के रूप में न देखा जाए बल्कि इसे एक सामाजिक संस्कृति के रूप में विकसित किया जाए। विद्यालयों में ऊर्जा शिक्षा को अनिवार्य बनाया जाए, मीडिया के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाई जाए और प्रत्येक नागरिक को यह समझाया जाए कि ऊर्जा की बचत केवल व्यक्तिगत लाभ नहीं बल्कि राष्ट्रीय कर्तव्य है। जब तक ऊर्जा संरक्षण हमारी आदत नहीं बनेगा, तब तक किसी भी नीति या तकनीक का पूर्ण लाभ नहीं मिल सकेगा।

योगी ने 9 साल में युवाओं के लिए ऐसे बदले समीकरण

(अमिताभ सत्यम)

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में युवाओं को केवल खेल तक सीमित नहीं रखा गया, बल्कि उन्हें समाज और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने का भी प्रयास किया गया है।उत्तर प्रदेश में युवाओं की बात अब केवल योजनाओं या घोषणाओं तक सीमित नहीं रही है, बल्कि यह जमीन पर दिखने वाले बदलाव का विषय बन चुकी है। बीते 9 वर्षों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य में एक ऐसा ढांचा खड़ा होता दिख रहा है, जहां मैदान भी है, मेरिट को जगह भी है और आगे बढ़ने के मौके भी लगातार बढ़े हैं। यह बदलाव किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है। खेल के मैदान गांवों तक पहुंचे हैं, भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता आई है, और युवाओं को सामाजिक व राष्ट्रीय गतिविधियों से जोड़ने की संगठित कोशिश हुई है। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश में अब युवा केवल अवसर खोजने वाला वर्ग नहीं, बल्कि अवसरों का उपयोग कर आगे बढ़ने वाला वर्ग बनता दिखाई दे रहा है। ग्रामीण मैदान से तैयार हो रही नई पीढ़ी योगी सरकार ने यह समझा कि प्रतिभा केवल शहरों तक सीमित नहीं होती, बल्कि गांवों में भी उतनी ही क्षमता मौजूद है। इसी सोच के तहत प्रदेश में ग्रामीण स्तर पर खेल अवसंरचना विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया। आज प्रदेश में 125 ग्रामीण स्टेडियम बनकर तैयार हो चुके हैं और 39 स्टेडियमों पर कार्य प्रगति पर है। 117 विकास खंड इनसे आच्छादित हो चुके हैं, जबकि कुछ क्षेत्रों में दो-दो स्टेडियम बनाकर सुविधाओं को और मजबूत किया गया है। इन स्टेडियमों को सक्रिय बनाए रखने के लिए खेल उपकरणों की व्यवस्था और प्रशिक्षकों की तैनाती भी सुनिश्चित की गई है। इससे ग्रामीण युवाओं को अपने ही क्षेत्र में अभ्यास और प्रशिक्षण का अवसर मिल रहा है, जो पहले बड़े शहरों तक सीमित था। युवा सहभागिता से सामाजिक ऊर्जा का निर्माण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में युवाओं को केवल खेल तक सीमित नहीं रखा गया, बल्कि उन्हें समाज और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने का भी प्रयास किया गया है। प्रदेश की 57,695 ग्राम पंचायतों में 53,760 युवक मंगल दल और 52,354 महिला मंगल दल गठित किए जा चुके हैं। इन दलों के माध्यम से युवाओं को स्वच्छता, वृक्षारोपण, नशामुक्ति और रक्तदान जैसी गतिविधियों में भागीदारी के लिए प्रेरित किया जा रहा है। 96,000 से अधिक मंगल दलों को खेल सामग्री उपलब्ध कराई जा चुकी है। इससे युवाओं में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित हो रही है। पारदर्शी भर्ती से बढ़ा युवाओं का भरोसा योगी सरकार के कार्यकाल में रोजगार के क्षेत्र में पारदर्शिता और निष्पक्षता स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिले हैं। विभिन्न आयोगों और भर्ती बोर्डों के माध्यम से 9 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां प्रदान की गई हैं। भर्ती प्रक्रिया को सरल और निष्पक्ष बनाने के लिए समूह 'ख' और 'ग' पदों पर साक्षात्कार की व्यवस्था समाप्त की गई, एकल अवसरीय पंजीकरण लागू किया गया और सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों को रोकने के लिए सख्त कानून लागू किया गया। पीईटी की वैधता तीन वर्ष तक बढ़ाना और आरक्षण के मानकों का पालन सुनिश्चित करना यह दर्शाता है कि व्यवस्था को अभ्यर्थियों के अनुकूल बनाया गया है। योगी आदित्यनाथ सरकार ने खेल को केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि करियर और रोजगार के अवसर के रूप में भी विकसित किया है।

सुडोकू पहेली क्रमांक- 6047

5			6		7			
	4		3		9	8		
3	7							1
4							3	
6	3		1	2	5		9	4
	1							8
8							7	6
		7	2		6		1	
			5		3			9

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 6046

2	8	9	4	7	5	1	3	6
5	7	6	1	8	3	4	2	9
3	1	4	2	9	6	8	5	7
7	6	2	5	1	8	3	9	4
4	5	1	9	3	2	6	7	8
9	3	8	6	4	7	2	1	5
6	9	7	8	2	1	5	4	3
8	2	3	7	5	4	9	6	1
1	4	5	3	6	9	7	8	2

आज का राशिफल

मेष

आज का दिन आपके लिए रचनात्मक और सकारात्मक ऊर्जा से भरा रहेगा। आपका आत्मविश्वास मजबूत रहेगा और आप पूरे उत्साह के साथ अपने कार्यों में जुटे रहेंगे। जरूरतमंद या गरीब लोगों की मदद करने का अवसर भी मिल सकता है। राजनीति से जुड़े लोगों को सम्मान मिल सकता है। अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेकर आगे बढ़ना जरूरी है।

वृष

आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में ज्यादा बेहतर साबित हो सकता है। किसी नए पद या जिम्मेदारी की प्राप्ति से आपका मन प्रसन्न रहेगा और आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई में पूरी एकाग्रता के साथ जुटना होगा, तभी मनचाही सफलता मिलने के योग बनेंगे। किसी विरोधी की बातों में आकर कोई फैसला लेने से बचें।

मिथुन

आज आपके आसपास का माहौल खुशनुमा रहेगा और आप सबको साथ लेकर चलने की कोशिश में सफल होंगे। हालांकि किसी की सलाह पर आंख बंद करके भरोसा करना सही नहीं रहेगा। कोई सहयोगी आपके काम में मदद के लिए आगे आ सकता है। पुराना स्वास्थ्य संबंधी कोई रोग दोबारा उभर सकता है, जिससे थोड़ी चिंता बढ़ेगी। कुछ जरूरी खर्च भी सामने आ सकते हैं जिन्हें टालना मुश्किल होगा।

तुला

आज आपकी नेतृत्व क्षमता में वृद्धि होगी और कार्यक्षेत्र में आपको टीमवर्क के साथ काम करने का अवसर मिलेगा। दांपत्य जीवन में खुशियां बनी रहेंगी। छोटे बच्चों के लिए आप कोई प्यारा सा उपहार भी ला सकते हैं। धन-धान्य में वृद्धि के संकेत हैं, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। तो उसके वापस मिलने की संभावना भी बन रही है।

वृश्चिक

नौकरीपेशा लोगों के लिए आज का दिन काफी अच्छा रहने वाला है। आपको मनपसंद काम मिलने से उत्साह बढ़ेगा और मेहनत के दम पर आप अच्छा मुकाम हासिल कर सकते हैं। कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी, जो आगे चलकर आपके शुभचिंतक साबित हो सकते हैं। कामों में स्पष्टता बनाए रखना जरूरी रहेगा। किसी विरोधी की बातों में आकर निर्णय न लें।

धनु

आज आपके मन में आगे बढ़ने और कुछ नया करने की प्रतिस्पर्धा बनी रहेगी। अपनी मधुर वाणी और विनम्र व्यवहार से आप लोगों का दिल जीतने में सफल रहेंगे। सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेने से आपकी पहचान और सम्मान बढ़ सकता है। हालांकि किसी राजनीतिक या प्रशासनिक मामले को लेकर थोड़ी परेशानी भी आ सकती है। आप किसी लंबी दूरी की यात्रा की योजना बना सकते हैं।

कर्क

आज आपको अपने बढ़ते खर्चों पर नियंत्रण रखने की जरूरत है। साथ ही अपने आसपास मौजूद विरोधियों को पहचानने की भी आवश्यकता है। किसी अजनबी के कहने पर निवेश करने से बचें। संतान की ओर से कोई सुखद समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। यदि आपका कोई सरकारी काम लंबे समय से रुका हुआ था, तो उसके पूरा होने के संकेत हैं।

सिंह

आज का दिन आपके लिए बड़ी उपलब्धियां लेकर आ सकता है। पद और प्रतिष्ठा में वृद्धि होने से आपको काम के नए और बेहतर अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सहयोगी आपका पूरा साथ देंगे। हालांकि अपनी वाणी पर थोड़ा संयम रखना जरूरी होगा और किसी की कही-सुनी बातों पर तुरंत भरोसा न करें। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर हो सकती है।

कन्या

आज का दिन आपके लिए काफी अच्छा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है और पद व प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। वेतन वृद्धि या इंक्रीमेंट की संभावना भी बन सकती है। हालांकि कोई मित्र आपके काम में बाधा डालने की कोशिश कर सकता है, इसलिए सावधान रहें। किसी बड़े काम की शुरुआत के लिए समय अनुकूल है।

मकर

आज का दिन आपके लिए सफलता और संतोष लेकर आएगा। आपके मन में प्रेम और सहयोग की भावना बनी रहेगी, जिससे रिश्तों में मिठास बढ़ेगी। कोई पुराना लेन-देन चुकता करना पड़ सकता है। खर्चों को लेकर बजट बनाकर चलना बेहतर रहेगा, वरना अनावश्यक खर्च बढ़ सकते हैं। परिवार में किसी शुभ या मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो सकती है।

कुंभ

करियर के दृष्टिकोण से आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। लंबे समय से अटका हुआ धन वापस मिलने से राहत मिलेगी। आपकी कोई मनोकामना पूरी होने से खुशी का माहौल रहेगा। आज आपको अपने कामों को जरूरत के अनुसार प्राथमिकता देकर पूरा करना चाहिए। परिवार में यदि किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी, तो वह भी बातचीत के जरिए सुलझ सकती है।

मीन

आज का दिन आपको धैर्य और संयम के साथ आगे बढ़ने की सलाह देता है। कारोबार में किसी बड़े जोखिम से बचना ही समझदारी होगी। अपने कामों में स्पष्टता बनाए रखें और बिना सोचे-समझे कोई कदम न उठाएं। सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। माता-पिता की सेवा करने से आपको मानसिक शांति मिलेगी और उनके आशीर्वाद से आपके काम भी बनेंगे।

वर्ग पहेली 6047

1	2		3	4	5		6
7		■	8			■	
9		10			11	12	
■	13		■	14	■		■
15	■	■	16		17		18
19	20			■	21		
22		■	23	24	■		■
25		■	26			■	■

संकेत: बाएं से दाएं

1. भारत के प्रथम नोबल पुरस्कार विजेता जिनका निधन 7 अगस्त 1941 को हुआ था (8)
7. समय क्षेत्र अंतर, भेदिया, दूत (2)
8. परवरिश करने वाला, पालन-पोषण करने वाला, एक प्रकार की हरी तरकारी (3)
9. पाताल जहां नागों का निवास स्थान है (4)
11. कैच, उचक, झपट्टा (3)
13. उन, वह (2)
16. समसामयिक, सहकालीन, युगपदता (5)
19. चिंता करना, भयभीत होना (4)
21. कत्ल करने वाला (3)
22. कत्ल करने वाला (3)
23. पेंदा, नीचे की सतह (2)
25. तेरा या तेरी (संस्कृत)(2)
26. नया, नूतन, नवीन, नव (3)

ऊपर से नीचे

1. कलाकृति, रचित करना, पुराणानुसार विश्वकर्मा की पत्नी का यह नाम था (3)
2. युद्ध में लड़ते-लड़ते मृत्यु प्राप्त होना (4)
3. अपवित्र, अशुद्ध, अशुचि (3)
4. धरती की वह सीमा जिस पर पानी न हो, सूखी धरती (2)
5. फुटबॉल, हॉकी आदि में विरोधी से गेंद छीनने का प्रयास करना (अंग्रेजी), समस्या का समाधान करना (3)
6. प्रेमकर्ता, प्रेमी, लहर (3)
10. नमक (मराठी), ऋण, कर्ज (अंग्रेजी)(2)
12. प्रतिपदा, पड़वा, पर्वनी (5)
14. देह के बाल, रोआं (2)
15. महाकवि कालीदास की एक प्रसिद्ध कृति (4)
16. प्राचीनकाल से चला आता हुआ क्रम, परंपरागत (4)
17. फिल्म इंडस्ट्री में राजेश खन्ना इस नाम से भी जाने जाते थे, पिता के भाई (2)
18. जल प्राप्ति का कृत्रिम स्त्रोत (2)
20. रचना कर्म, अस्तित्व प्रदान, सृजन (3)
24. प्रेम, प्यार, मुहब्बत (2)

वर्ग पहेली 6046 का हल

ज	मै	का	■	म	■	पु	रू
मा	ला	■	स	म	त	ल	■
■	आं	ख	च	ला	ना	■	ट
अ	च	ल	■	स	जा	व	ट
त	ल	■	आ	न	■	रू	ल
ए	■	■	ना	■	गु	ण	■
व	जू	द	■	मी	■	गां	व
■	ल	र	ज	ना	■	धी	र

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

रोहित ने अपनी सबसे तेज आईपीएल फिफ्टी लगाई

● विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा ● एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाए, मुंबई का सबसे बड़ा रनचेज

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई इंडियंस ने आईपीएल में अपना सबसे बड़ा रन चेज किया। टीम ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 6 विकेट से हरा दिया। वानखेड़े स्टेडियम में रोहित शर्मा ने अपनी सबसे तेज आईपीएल फिफ्टी लगाई। वे किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर भी बने।

रोहित के अब कोलकाता के खिलाफ 1161 रन हो गए हैं। इस जीत के साथ मुंबई ने 14 साल बाद आईपीएल में अपना पहला मैच जीत लिया। टीम ने 2012 में आखिरी बार टूर्नामेंट में ऐसा किया था। तब चेन्नई सुपर किंग्स को हराया था।

मुंबई ने आईपीएल में अपना सबसे बड़ा रनचेज किया –मुंबई इंडियंस ने आईपीएल इतिहास का अपना सबसे बड़ा रनचेज पूरा करते हुए 224 रन का लक्ष्य हासिल किया। इससे पहले टीम का दूसरा सबसे बड़ा चेज 219 रन का था, जो उसने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 2021 में किया था।

सबसे तेज आईपीएल फिफ्टी लगाई – रोहित शर्मा ने ने सिर्फ 23 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। यह आईपीएल में उनकी सबसे तेज फिफ्टी है। इससे पहले उनका सबसे तेज अर्धशतक 25 गेंदों में आया था, जो उन्होंने 2015 के फाइनल में चेन्नई के खिलाफ लगाया था।

रोहित ने 50वीं बार आईपीएल में 50+ स्कोर बनाया – रोहित ने आईपीएल में 50वीं बार 50+ स्कोर बनाया। वे इस सूची में चौथे स्थान पर हैं, जबकि विराट कोहली 72 स्कोर के साथ टॉप पर हैं। उनके बाद डेविड वॉर्नर (66) और शिखर धवन (53) का नंबर आता है।

रोहित किसी टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर – रोहित ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आईपीएल में सबसे ज्यादा 1161 रन बनाए हैं। वे किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। इस सूची में विराट कोहली पंजाब किंग्स (1159) और चेन्नई सुपर किंग्स (1146) के खिलाफ रन बनाकर दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

रहाणे ने मुंबई के खिलाफ छठी बार 50+ स्कोर बनाया – अजिंक्य रहाणे ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ छठी बार 50+ स्कोर बनाया। वे इस लिस्ट में शिखर धवन, क्रिस गेल, मनीष पांडे और विराट कोहली के साथ चौथे स्थान पर हैं, जबकि केएल राहुल 9 अर्धशतकों के साथ टॉप पर हैं। -

कुंबले की आईपीएल टीमों को चेतावनी, रोहित का 2.0 अवतार सभी के लिए चिंता का सबब बनेगा

भारत के पूर्व स्पिनर अनिल कुंबले ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रोहित शर्मा की बैटिंग की जमकर तारीफ की। चचक्रके खिलाफ रोहित ने आईपीएल इतिहास की सबसे तेज फिफ्टी बनाई थी। कुंबले ने कहा कि इस सीजन में रोहित अपने '2.0 अवतार' में आए हैं, जो लीग की दूसरी टीमों के लिए चिंता का सबब बनेगा।कुंबले ने जियोस्टार पर कहा, ऐसा लगता है कि रोहित शर्मा अपने 2.0 अवतार में वापस आ गए हैं, और उनकी पारी से पता चलता है कि वह फिर से छा जाने के लिए तैयार हैं। जिस तरह से उन्होंने मैदान के चारों ओर गेंद को हिट किया, उससे मुझे उनके सुनहरे दौर की याद आ गई। वरुण चक्रवर्ती, सुनील नरेन और ब्लेसिंग मुजरबानी जैसे गेंदबाजों के खिलाफ छक्के मारना आसान नहीं होता, लेकिन रोहित ने इसे आसान बना दिया। यह एक शानदार पारी थी, बिल्कुल वैसी ही जैसी हमने वानखेड़े में देखी है, जहां वह पहली ही गेंद से गेंदबाजों पर हावी हो जाते हैं। छक्के मारना आसान लग रहा था, और भले ही बाउंड्री छोटी थीं, लेकिन उनके शॉट सीधे स्टैंड्स में जा रहे थे। यह पारी दिखाती है कि रोहित पूरी तरह से तैयार हैं और उनका यह नया रूप सभी आईपीएल टीमों के लिए चिंता का सबब बनेगा।

नरेन सबसे ज्यादा आईपीएल मैच खेलने वाले विदेशी – सुनील नरेन आईपीएल में सबसे ज्यादा 190 मैच खेलने वाले विदेशी खिलाड़ी हैं। उनके बाद कीरोन पोलार्ड (189) दूसरे स्थान पर हैं, जबकि एबी डिविलियर्स और डेविड वॉर्नर 184-184 मैच के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

मुंबई इंडियंस 300 आईपीएल मैच खेलने वाली पहली आईपीएल टीम – मुंबई इंडियंस 300 आईपीएल मैच खेलने वाली पहली टीम बन गई। इंग्लिश टीम समरसेट और पाकिस्तान ने टी-20 में सबसे ज्यादा 303-303 मैच खेले हैं।

टेलर-कैटरीना की जोड़ी ने जीता मियामी ओपन महिला डबल्स का खिताब

मियामी । अमेरिका की टेलर टाउनसेंड और चेक गणराज्य की कैटरीना सिनियाकोवा ने मियामी ओपन महिला डबल्स का खिताब अपने नाम किया। टेलर–कैटरीना की जोड़ी ने फाइनल मुकाबले में इटली की सारा एरानी और जैस्मीन पाओलिनी की जोड़ी को 7–6 (0), 6–1 से हराया। इस जीत के साथ टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा 'सनशाइन डबल' पूरा करने वालीं साल 2019 के बाद पहली जोड़ी बन गई हैं। साल 2019 में यह खास उपलब्धि एलिस मर्टेनस और आर्यना सबालेंका की जोड़ी ने हासिल की थी। टेलर टाउनसेंड और कैटरीना

सिनियाकोवा की जोड़ी सनशाइन डबल पूरा करने वाली छठी महिला जोड़ी बनी है। इससे पहले यह मुकाम जाना नोवोत्ना और हेलेना सुकोवा (1990), लिसा रेमंड और रेने स्टब्स (2002), लिसा रेमंड और सामंथा स्टोसुर (2006, 2007), मार्टिना हिंगिस और सानिया मिर्जा (2015), एलिस मर्टेनस और आर्यना सबालेंका (2019) की जोड़ी हासिल कर चुकी हैं। नथासा जेवरवा (1997), हिंगिस (1999), और बेथानी माटेक–सैंड्स (2016) ने अलग–अलग पार्टनर के साथ एक ही साल में दोनों टूर्नामेंट जीते हैं। टाउनसेंड और सिनियाकोवा ने एक साथ यह अपना पांचवां खिताब जीता है, जिसमें दो ग्रैंड स्लैम (2024 विंबलडन और 2025 ऑस्ट्रेलियन ओपन) शामिल हैं। इस जीत के बाद टाउनसेंड और सिनियाकोवा डबल्स रेस में एक स्थान ऊपर चढ़कर नंबर 3 पर पहुंच जाएंगी, जबकि एरानी और पाओलिनी नंबर 8 से नंबर 6 पर पहुंच सकती हैं। ट्रॉफी वितरण के दौरान सिनियाकोवा ने टाउनसेंड का साथ खेलने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, 'मेरे साथ खेलने के लिए आपका बहुत–बहुत धन्यवाद। इसलिए मेरे साथ खेलने और इस टूर्नामेंट को मजेदार बनाने के लिए धन्यवाद। मैं आपके साथ इस समय का सच में मजा ले रही हूं।' यह दोनों खिलाड़ियों का दूसरा मियामी फाइनल था। टाउनसेंड 2023 के फाइनल में लेयला फर्नांडीज के साथ पहुंची थीं और सिनियाकोवा 2018 के फाइनल में साथी चेकियाई बारबोरा क्रेजसिकोवा के साथ खेली थीं। वहीं, एरानी और पाओलिनी ने भी इंडियन वेल्स में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था और मियामी ओपन में रनर–अप बने, जिससे उनकी रैंकिंग में सुधार होने की उम्मीद है।

आईपीएल 2026

पहले मुकाबले में खुद को साबित करने उतरेंगे अय्यर और गिल

मुल्लांपुर (एजेंसी)। भारतीय टीम से बाहर टी20 बल्लेबाज शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर जब इंडियन प्रीमियर लीग के पहले मैच में क्रमशः गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स की अगुवाई करेंगे तो उनका इरादा खुद को साबित करने का भी होगा। भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान गिल को टी20 टीम का उपकप्तान बनाया गया था लेकिन बाद में विश्व कप टीम से बाहर कर दिया गया। उनकी जगह संजू सैमसन को चुना गया था जिनका भारत की खिताबी जीत में अहम योगदान रहा।

वर्ष 2023 के बाद से आईपीएल में गिल से ज्यादा रन सिर्फ विराट कोहली ने बनाए हैं लेकिन अब फोकस निरंतरता की बजाय स्ट्राइक रेट पर है। गिल का टी20 करियर का स्ट्राइक रेट 138 है लेकिन पिछले साल उन्होंने 155 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। अब बल्लेबाजी कोच के तौर पर मैथ्यू हेडन स्टाफ का हिस्सा है लिहाजा गिल की छक्के मारने के कौशल और बल्लेबाजी पर नजर रखी जाएगी।

हार्दिक पंड्या के जाने के बाद से गिल ने कप्तानी का जिम्मा भी बखूबी संभाला है। अपने पदार्पण वर्ष 2022 में आईपीएल खिताब जीतने वाली गुजरात टाइटंस पिछले साल तीसरे स्थान पर रही। एक बार फिर टीम काफी संतुलित लग रही है। सलामी बल्लेबाज गिल और साइ सुदर्शन सबसे बड़ी ताकत हैं। सुदर्शन ने पिछले सत्र में सर्वाधिक 759 रन बनाए थे। वह पसली के फ्रेक्चर से उबरकर लौट रहे हैं लेकिन घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। गुजरात के पास विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार कुशाग्र जैसे विकल्प भी हैं जिन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 160 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से रन बनाये थे।

पंजाब किंग्स के लिए एक बार फिर श्रेयस पर बहुत कुछ निर्भर करेगा जो तीन अलग अलग टीमों को आईपीएल फाइनल तक ले जा चुके हैं। उनकी कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स 2020 में और पंजाब पिछले सत्र में फाइनल तक पहुंची जबकि केकेआर ने 2024 में खिताब जीता था। लगातार अच्छे प्रदर्शन के बावजूद श्रेयस को भारतीय टी20 टीम में जगह नहीं मिली और भारत के लिए आखिरी टी20 उन्होंने दिसंबर 2023 में खेला था।

टीमें

पंजाब किंग्स – श्रेयस अय्यर (कप्तान), निहाल वढेरा, विष्णु विनोद, हरनूर पन्नू , पाइला अविनाश, प्रभसिमरन सिंह, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, हरप्रीत बरार , मार्को यानसेन, अजमतुल्लाह उमरजइ, प्रियांश आर्य, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, मिच ओवेन, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, विशाख विजयकुमार, यश ठाकुर, जेवियर बार्टलेट, प्रवीण दुबे और विशाल निषाद।

गुजरात टाइटंस – शुभमन गिल (कप्तान), साइ सुदर्शन, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, टॉम बेंटोन, ग्लेन फिलिप्स, निशांत सिंधु, वॉशिंगटन सुंदर , मोहम्मद अरशद खान, साइ किशोर, जयंत यादव, जैसन होल्डर, राहुल तेवतिया, शाहरूख खान, कैगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, मानव सुतार, गुरनूर सिंह बरार, ईशांत शर्मा, अशोक शर्मा, ल्यूक वुड, कुलवंत हेजरोलिया, राशिद खान।

हार्दिक ने मिहिका को 1.7 करोड़ की कार गिफ्ट की

दोनों शोरूम पर साथ दिखे, अक्टूबर में अपने रिश्ते का खुलासा किया था

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने अपनी गर्लफ्रेंड मिहिका शर्मा को करीब 1.7 करोड़ रुपए की मर्सिडीज बेंज वी क्लास कार गिफ्ट की है। रिपोर्ट के मुताबिक, हार्दिक और मिहिका दोनों शोरूम पर साथ दिखे, जहां उन्होंने इस कार को डिलीवर करवाया। हार्दिक लग्जरी कारों के शौकीन हैं और हाल ही में उन्होंने खुद के लिए भी एक महंगी फरारी खरीदी थी। वहीं, क्रिकेट के मैदान पर भी हार्दिक की कप्तानी में मुंबई इंडियंस ने इतिहास रच दिया है। टीम ने 13 सालों के सूखे को खत्म करते हुए सीजन का अपना पहला मैच जीत लिया है। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में मुंबई ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 6 विकेट से हराया।

अक्टूबर 2025 में किया था अपने रिश्ते का खुलासा – हार्दिक और मिहिका शर्मा ने अक्टूबर 2025 में अपने रिलेशनशिप को पब्लिक किया था। इसके बाद से ही मिहिका को अक्सर सार्वजनिक कार्यक्रमों और क्रिकेट स्टेडियम में हार्दिक के साथ देखा जाता रहा है। हाल ही में नरेंद्र मोदी स्टेडियम में जब टीम इंडिया ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 का खिताब जीती, तब भी मिहिका जीत के जश्न के दौरान हार्दिक के साथ मौजूद थीं।

2024 में नताशा स्टेनकोविच से हुआ तलाक – हार्दिक ने साल 2024 में सर्बियाई मॉडल नताशा स्टेनकोविच से तलाक लिया था। दोनों की मुलाकात 2020 में कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान हुई थी, जिसके बाद उन्होंने उसी साल शादी कर ली थी।

30 जुलाई 2020 को उनके बेटे अगस्त्य का जन्म हुआ। जुलाई 2024 में हार्दिक और नताशा ने आपसी सहमति से अलग होने का निर्णय लिया। अब हार्दिक और नताशा मिलकर अपने बेटे अगस्त्य की परवरिश कर रहे हैं।

हार्दिक का जैस्मीन वालिया के साथ नाम जुड़ा – नताशा से अलग होने के बाद हार्दिक का नाम मॉडल-सिंगर जैस्मीन वालिया के साथ जुड़ा। दोनों को कई मौकों पर एक ही लोकेशन पर स्पॉट किया गया था। दोनों एक-दूसरे को सोशल मीडिया पर फॉलो भी करते थे लेकिन कुछ समय बाद दोनों की राहें अलग हो गई। पिछले साल अक्टूबर में हार्दिक और मिहिका ने अपने रिश्ते को पब्लिक किया। हार्दिक ने अपने जन्मदिन के मौके पर मिहिका के साथ इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर कीं।

भारतीय हॉकी सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग कैंप के लिए 31 खिलाड़ियों की घोषणा

मिडफील्ड की जिम्मेदारी कप्तान सलीमा टेटे पर

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारतीय हॉकी ने सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग कैंप के लिए 31 खिलाड़ियों की घोषणा कर दी है। यह कैंप 1 से 9 अप्रैल तक आयोजित होगा, जिसमें भारतीय टीम आने वाले बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों की तैयारी करेगी। हाल ही में टीम ने एफआईएच वर्ल्ड कप क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता था।

वर्ल्ड कप और एशियन गेम्स की तैयारी पर फोकस – भारतीय टीम अब एफआईएच हॉकी महिला वर्ल्ड कप 2026 की तैयारी में जुट गई है। इसके अलावा टीम जून में नेशंस कप, अगस्त में वर्ल्ड कप और फिर एशियन गेम्स 2026 में हिस्सा लेगी। ऐसे में यह कैंप टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

गोलकीपिंग और डिफेंस में अनुभवी खिलाड़ियों को मौका – गोलकीपिंग यूनिट में सविता, माधुरी किंडो, बंसारी सोलंकी और बिचू देवी खारीबाम को शामिल किया गया है। डिफेंस में निक्की प्रधान, उदिता, ईशिका चौधरी, ज्योति सिंह, ललथांतलुआंगी और शिल्पी डबास जैसे खिलाड़ियों को जगह मिली है। टीम मैनेजमेंट डिफेंस को और मजबूत बनाने पर काम करेगा।

युवा खिलाड़ियों को भी दिया गया मौका – मिडफील्ड में कप्तान सलीमा टेटे, सुषिला चानू, मनीषा चौहान, वैष्णवी फाल्के और नेहा को शामिल किया गया है। इनके अलावा साक्षी राणा और सुनेलिता टोप्पो जैसे युवा खिलाड़ियों को भी मौका दिया गया है। मिडफील्ड में टीम का संतुलन और बॉल कंट्रोल सुधारने पर खास ध्यान रहेगा।

फॉरवर्ड लाइन में कई स्टार खिलाड़ी शामिल

फॉरवर्ड लाइन में नवनीत कौर, दीपिका, लालरेम्सियामी, मुमताज खान, ब्यूटी डुंगडुंग और हिना बानो जैसे खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। टीम की कोशिश होगी कि अटैक को और मजबूत किया जाए और गोल करने की क्षमता बढ़ाई जाए।

कोच स्जोर्ड मेरिन ने क्या कहा

टीम के कोच स्जोर्ड मेरिन ने कहा कि यह कैंप आने वाले बड़े टूर्नामेंटों की तैयारी का अहम हिस्सा है। उनका फोकस टीम की फिटनेस, स्ट्रेटजी और मैच प्रेशर में बेहतर प्रदर्शन पर रहेगा। उन्होंने कहा कि टीम को बड़े मैचों के लिए मानसिक रूप से भी मजबूत बनाना जरूरी है।

ग्रीन के गेंदबाजी ना करने पर बोले कप्तान रहाणे

'आपको यह सवाल क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से पूछना चाहिए'

मुंबई । आईपीएल 2026 के दूसरे मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को मुंबई इंडियंस के खिलाफ 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। केकेआर की ओर से कैमरून ग्रीन ने इस मुकाबले में गेंदबाजी नहीं की। इसको लेकर जब कप्तान अजिंक्य रहाणे से सवाल पूछा गया, तो उन्होंने इस बात का जवाब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से मांगने की सलाह दी। कैमरून ग्रीन नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने उतरे और उन्होंने 10 गेंदों में एक चौके एक छक्के की मदद से 18 रन बनाए। हालांकि, मुंबई के बल्लेबाजों की शानदार बैटिंग के बावजूद कैमरून ग्रीन को गेंदबाजी अटैक पर नहीं लगाया गया। मैच के बाद ग्रीन के गेंदबाजी ना करने का कारण पूछा गया, जिसके जवाब में रहाणे ने कहा, 'आपको यह सवाल क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से पूछना चाहिए।' रहाणे ने उम्मीद जताई कि ग्रीन जल्द ही गेंदबाजी करना शुरू करेंगे, जिससे टीम के गेंदबाजी अटैक का संतुलन बेहतर होगा। उन्होंने कहा, 'उम्मीद है कि ग्रीन जल्द ही गेंदबाजी शुरू कर देंगे और कॉम्बिनेशन थोड़ा अलग होगा। हमने बहुत अच्छी बैटिंग की, लेकिन गेंद के साथ संतुलन बनाना बहुत जरूरी है।' केकेआर ने ग्रीन को ऑक्शन में 25.20 करोड़ रुपये में खरीदा था।

मुंबई इंडियंस के खिलाफ कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। केकेआर के गेंदबाज 221 रनों के विशाल लक्ष्य का बचाव करने में नाकाम रहे। वैभव अरोड़ा काफी महंगे साबित हुए और उन्होंने 4 ओवर में सिर्फ एक विकेट लेकर 52 रन खर्च किए। वहीं, ब्लेसिंग मुजारबानी ने 3 ओवर में बिना कोई विकेट चटकाए 34 रन दिए। वरुण चक्रवर्ती भी काफी महंगे रहे और उन्होंने 4 ओवर में 10.80 की इकोनॉमी से 48 रन दिए। वरुण के हाथ एक भी सफलता नहीं लगी। सुनील नरेन भी 3 ओवर में 30 रन देने के बाद सिर्फ एक ही विकेट निकाल सके। कार्तिक त्यागी का भी हाल कुछ ऐसा ही रहा और उन्होंने 43 रन देकर एक विकेट चटकाया।

हालांकि, केकेआर के बल्लेबाजों का प्रदर्शन जरूर दमदार रहा। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 40 गेंदों में 3 चौके और 5 छक्कों की मदद से 67 रन बनाए। वहीं, अंगकृष रघुवंशी ने महज 29 गेंदों का सामना करते हुए 51 रनों की शानदार पारी खेली। फिन एलन भी अच्छी लय में दिखाई दिए, और उन्होंने 17 गेंदों में 37 रन बनाए। अंत के ओवरों में रिंकू सिंह ने 21 गेंदों में नाबाद 33 रनों का योगदान दिया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

न्यूज बाइट्स

पुलिस का बैंक चेकिंग अभियान, सीसीटीवी और सुरक्षा व्यवस्था की जांच

औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)। जिले में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर बैंक जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में स्थित बैंकों की सघन चेकिंग की गई, ताकि संभावित आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके। जांच के दौरान पुलिस टीम ने बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यस्थिति की बारीकी से जांच की और यह सुनिश्चित किया कि सभी कैमरे सुचारु रूप से काम कर रहे हों। इसके साथ ही बैंक लॉकर की सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया, ताकि ग्राहकों की जमा संपत्ति पूरी तरह सुरक्षित रहे। पुलिस अधिकारियों ने बैंक प्रबंधन एवं कर्मचारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान सतर्कता बढ़ाने, संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने तथा किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करने की अपील की गई। पुलिस का कहना है कि इस तरह की नियमित जांच से न केवल बैंक सुरक्षा मजबूत होगी, बल्कि अपराधियों में भी भय का माहौल बनेगा।

अवैध बालू खनन पर पुलिस की कार्रवाई, ट्रैक्टर जब्त

औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)। जिले में अवैध बालू खनन और परिवहन पर पूर्णतः अंकुश लगाने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में आसूचना संकलन के आधार पर गोह थाना क्षेत्र के ग्राम अंकुरी स्थित नारायण घाट पर छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया। यह कार्रवाई गोह थाना पुलिस द्वारा की गई, जिसमें अवैध खनन और परिवहन में संलिप्त तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का संकेत दिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में अवैध बालू खनन को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है और आसूचना के आधार पर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

हत्या के प्रयास मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

कुटंबा (औरंगाबाद) (एसवीवी. सं.)। जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र अंतर्गत मध्य बाजार में हुए हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई कुटुंबा थाना पुलिस द्वारा की गई है। पुलिस के अनुसार, मामले में संलिप्त आरोपियों की पहचान कर आसूचना के आधार पर छापेमारी की गई, जिसके बाद सभी चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है और घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हत्या के प्रयास जैसे गंभीर मामलों में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। औरंगाबाद पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस तरह के अपराधों पर सख्ती से अंकुश लगाने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

फेसर थाना क्षेत्र अंतर्गत आलमपुर गांव में सोमवार को एक दिल दहला देने वाली घटना

अवैध संबंध के शक में पत्नी की गला रेतकर हत्या, पति फरार

निज संवाददाता | फेसर (औरंगाबाद)

औरंगाबाद। जिले के फेसर थाना क्षेत्र अंतर्गत आलमपुर गांव में सोमवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां अवैध संबंध के शक में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी पति ने धारदार हथियार से हमला कर पत्नी का गला रेत दिया और वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गया। मृतका की पहचान 30 वर्षीय बेबी कुमारी के रूप में हुई है, जबकि आरोपी पति 35 वर्षीय मंटू कुमार बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, मंटू कुमार दूसरे राज्य में रहकर निजी नौकरी करता था और सोमवार सुबह ही घर लौटा था। घर पहुंचने के बाद किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ, जो देखते ही देखते हिंसक हो गया।

बताया जा रहा है कि आरोपी ने बेबी कुमारी पर धारदार हथियार से कई वार किए। महिला के शरीर पर पांच जगह गहरे जख्म के निशान पाए गए हैं, वहीं उसका गला भी बुरी तरह रेत दिया गया था। अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसकी मौत हो गई। गंभीर हालत में परिजनों और स्थानीय लोगों ने उसे सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना के समय दंपति के तीनों बच्चे स्कूल गए हुए थे, जिससे वे इस भयावह घटना के साक्षी बनने से बच गए। मृतका के परिवार में दो बेटियां और एक बेटा है। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

औरंगाबाद में बस-हाइवा की भीषण टक्कर, 20 से अधिक यात्री घायल

निज संवाददाता | कुटुंबा (औरंगाबाद)

जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र अंतर्गत सुही मोड़ के पास अंबा-नबीनगर मुख्य सड़क पर सोमवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जब तेज रफ्तार हाइवा ने सामने से आ रही यात्री बस में जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में 20 से अधिक यात्री घायल हो गए, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस में करीब 50 से अधिक यात्री सवार थे और वह औरंगाबाद से अंबा होते हुए नबीनगर की ओर जा रही थी। इसी दौरान सुही मोड़ के समीप विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार हाइवा ने बस को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए और राहत-बचाव कार्य में जुट गए। घायलों को आनन-फानन में कुटुंबा रेफरल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है।

घायलों की पहचान अंकोड़ा गांव निवासी प्रमोद साव (80), वर्मा गांव निवासी अजय मेहता की पुत्री अंजली कुमारी (20), मथुरापुर गांव निवासी सत्येंद्र यादव की पुत्री बेबी कुमारी (18), अवधेश यादव की पुत्री अंशु कुमारी, पटना निवासी विजय प्रसाद के पुत्र सौरभ कुमार (40), टंडवा थाना क्षेत्र के काला पहाड़ तेंदुआ निवासी ब्रिज किशोर पासवान की पत्नी मंजू देवी (40), मनीष साव की पत्नी निक्की देवी, मंझउली गांव निवासी सरजू मेहता के पुत्र प्रिंस कुमार (18), पोल गांव निवासी उपेंद्र मेहता की पुत्री नेहा कुमारी (18), बिशनपुर गांव निवासी राजमोहन पासवान के पुत्र शंकर पासवान (45), संडा पर गांव निवासी उदय राम के पुत्र राजू कुमार (19) तथा सैदपुर नौघड़ा गांव निवासी मोहम्मद शरीफ अंसारी की पुत्री हिना परवीन (18) के रूप में हुई है।

अब सिर्फ होम डिलीवरी से होगा औरंगाबाद में गैस वितरण, जिलाधिकारी का सख्त आदेश

- आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए निगरानी बढ़ाई गई।
- सभी प्रखंडों और नगर निकायों में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती।

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले में एलपीजी गैस वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के लिए जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने बड़ा निर्णय लिया है। जारी आदेश के अनुसार अब पूरे जिले में गैस सिलेंडर का वितरण केवल होम डिलीवरी के माध्यम से ही किया जाएगा। एजेंसी परिसर या गोदाम से सीधे वितरण पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। जिला प्रशासन के अनुसार, हाल के दिनों में गैस एजेंसियों पर अनावश्यक भीड़-भाड़ और अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो रही थी, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही थी और विधि-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका बनी हुई थी। इसी को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है और पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति उपलब्ध है। गैस वितरण अब प्रतीक्षा सूची (वेटिंग लिस्ट) के आधार पर पारदर्शी तरीके से किया जाएगा। साथ ही, ओटीपी प्रणाली के जरिए उपभोक्ताओं को क्रमवार गैस की होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी या पक्षपात की संभावना न रहे। जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत जिले के सभी प्रखंडों और नगर निकाय क्षेत्रों में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। गैस एजेंसियों और पेट्रोल पंपों के आसपास लगातार निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी तरह की अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई की जा सके।

प्रशासन ने यह भी पाया कि एजेंसियों के बाहर लंबी कतारों के कारण होम डिलीवरी वाहनों के संचालन में बाधा उत्पन्न हो रही थी, जिससे खासकर वृद्ध, दिव्यांग और महिलाओं को समय पर गैस नहीं मिल पा रही थी। इस समस्या के समाधान के लिए अब वितरण वाहनों के साथ पुलिस बल की भी तैनाती की गई है, ताकि प्रक्रिया सुचारू रूप से चल सके। औरंगाबाद, नवीनगर और रफीगंज प्रखंड के प्रमुख गैस एजेंसियों के गोदामों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और बलों की तैनाती की गई है। साथ ही वितरण वाहनों के साथ भी पुलिसकर्मियों को लगाया गया है, जिससे पूरी व्यवस्था पर नजर रखी जा सके। इसके अलावा एचपीसीएल, आईओसीएल और बीपीसीएल के एरिया मैनेजरों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने अधीन गैस एजेंसियों को इस आदेश का सख्ती से पालन कराने के लिए निगरानी रखें। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे गैस एजेंसियों या गोदामों पर भीड़ न लगाएं और अफवाहों पर ध्यान न दें। सभी उपभोक्ताओं को निर्धारित प्रक्रिया के तहत समय पर गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

औरंगाबाद में कांग्रेस को नई मजबूती आनंद शंकर बने जिलाध्यक्ष

- दो बार विधायक रह चुके अनुभवी नेता को मिली जिम्मेदारी, संगठन को नई दिशा देने की उम्मीद

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले की राजनीति में कांग्रेस को नई ऊर्जा देने की दिशा में पार्टी नेतृत्व ने बड़ा फैसला लेते हुए युवा और अनुभवी नेता आनंद शंकर को औरंगाबाद जिला कांग्रेस कमेटी का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनके मनोनयन के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और इसे संगठन को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

आनंद शंकर ससे पहले औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र से दो बार विधायक रह चुके हैं। अपने राजनीतिक जीवन के दौरान उन्होंने क्षेत्र के विकास, जनसमस्याओं के समाधान और संगठन को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाई है। पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा और समर्पण को देखते हुए ही उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। कांग्रेस पार्टी में आनंद शंकर की पहचान एक जुझारू और जमीनी नेता के रूप में रही है। वे हमेशा पार्टी के साथ मजबूती से खड़े रहे हैं और हर परिस्थिति में संगठन को आगे बढ़ाने का काम किया है। उनके नेतृत्व में पार्टी को जिले में नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। जिलाध्यक्ष बनाए जाने के बाद आनंद शंकर ने कहा कि वे पार्टी नेतृत्व के भरोसे पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करना और जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाना उनकी प्राथमिकता होगी। साथ ही आगामी चुनावों को लेकर भी पार्टी को मजबूत स्थिति में लाने के लिए वे लगातार प्रयास करेंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके मनोनयन का स्वागत करते हुए विश्वास जताया है कि उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता से कांग्रेस को जिले में नई पहचान मिलेगी और संगठन पहले से अधिक सशक्त होकर उभरेगा।

बाल भारती पब्लिक स्कूल में इंटर-स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न जूनियर में बाल भारती और सीनियर में एकेडमी विजेता

निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)

बाल भारती पब्लिक स्कूल, नबीनगर द्वारा आयोजित इंटर-स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट उत्साह, प्रतिस्पर्धा और खेल भावना के शानदार संगम के रूप में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में बाल भारती पब्लिक स्कूल (एनटीपीसी, नबीनगर) और एकेडमी (बीआरबीसीएल, नबीनगर) के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। टूर्नामेंट को दो वर्गों—जूनियर (कक्षा 5वीं-6वीं) और सीनियर (कक्षा 7वीं-10वीं)—में विभाजित किया गया था, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने खेल कौशल, टीम वर्क और अनुशासन का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। हर मुकाबला रोमांच से भरपूर रहा और अंतिम क्षण तक दर्शकों की उत्सुकता बनाए रखी।

जूनियर वर्ग में बाल भारती पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी नबीनगर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। इस वर्ग में कक्षा पाँचवीं के छात्र आर्य पांडेय को उनके बेहतरीन खेल के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। वहीं सीनियर वर्ग में एकेडमी, बीआरबीसीएल, नबीनगर ने उत्कृष्ट खेल दिखाते हुए जीत हासिल की, जिसमें कक्षा दसवीं के छात्र सत्यम सिंह को 'मैन ऑफ द मैच' का सम्मान मिला।

कार्यक्रम के दौरान एनटीपीसी नबीनगर के अतिरिक्त महाप्रबंधक (आईटी) विनीत झा ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किए और खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं।

बाल भारती पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या सारिका कुटे ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएँ छात्रों में आत्मविश्वास, अनुशासन और खेल भावना को मजबूत करती हैं। उन्होंने इसे एक सराहनीय पहल बताते हुए भविष्य में भी इस परंपरा को जारी रखने की बात कही। वहीं एकेडमी के प्रधानाचार्य बपन दास ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें निरंतर मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

अपने संबोधन में सारिका कुटे ने इस आयोजन को सफल बनाने में एनटीपीसी नबीनगर के अधिकारियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से कार्यकारी निदेशक एल.के. बेहरा, अतिरिक्त महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ओंकार नाथ तथा वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) नागेंद्र कुमार शर्मा के योगदान की सराहना की। साथ ही चाइल्ड एजुकेशन सोसाइटी, नई दिल्ली द्वारा निरंतर प्राप्त मार्गदर्शन के लिए भी कृतज्ञता प्रकट की।

यह आयोजन न केवल खेल प्रतियोगिता तक सीमित रहा, बल्कि इसने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के बीच आपसी सहयोग, भाईचारे और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को और सुदृढ़ किया, जिससे शिक्षा के साथ-साथ खेल संस्कृति को भी नई दिशा मिली।

प्रवेश से प्रगति तक कार्यक्रम में बच्चों का रिपोर्ट कार्ड वितरण

कुटुंबा (औरंगाबाद) (नि.सं.)। वार्षिक मूल्यांकन/परीक्षा 2026 के तहत पीएम श्री मध्य विद्यालय, कुटुंबा में सोमवार को 'प्रवेश से प्रगति तक' थीम पर अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान अभिभावकों की मौजूदगी में बच्चों का परिणाम पत्रक वितरित किया गया और उनकी शैक्षणिक प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। गोष्ठी की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर प्रसाद साहू ने की। कार्यक्रम में कक्षा 1 से 8 तक के कुल 465 विद्यार्थियों को कक्षावार रिपोर्ट कार्ड दिए गए। साथ ही अभिभावकों को बच्चों की उत्तर पुस्तिकाएं भी दिखाई गईं, जिससे वे अपने बच्चों के प्रदर्शन को बेहतर तरीके से समझ सकें। इस अवसर पर आठवीं कक्षा में उत्तीर्ण 140 विद्यार्थियों को विद्यालय स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टीसी) भी प्रदान किया गया। प्रधानाध्यापक ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आगे की पढ़ाई के लिए नौवीं कक्षा में नामांकन कराना जरूरी है और सफलता के लिए निरंतर मेहनत ही सबसे बड़ा आधार है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि अपने आसपास के अनामांकित बच्चों का भी स्कूल में नामांकन कराएं, ताकि शत-प्रतिशत नामांकन का लक्ष्य पूरा किया जा सके।

व्यवहार न्यायालय में असुरक्षित गवाह केंद्र का वर्चुअल उद्घाटन, गवाहों को मिलेगा सुरक्षित और भयमुक्त माहौल

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

न्यायिक व्यवस्था को अधिक संवेदनशील, सुरक्षित और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय परिसर में अस्थायी वल्नरेबल विटनेस डिपोजिशन सेंटर (वीडब्ल्यूडीसी) का वर्चुअल उद्घाटन किया गया। इस केंद्र का उद्घाटन संगम कुमार साहू द्वारा किया गया, जबकि कार्यक्रम में अनिल कुमार सिन्हा की गरिमामयी उपस्थिति रही। उद्घाटन समारोह में व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव रंजन कुमार, परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश अरुण कुमार, जिला जज विश्व विभूति गुप्ता, अन्ननदिता सिंह, अशोक कुमार गुप्ता, दिव्या, उमेश प्रसाद, लक्ष्मीकांत मिश्रा, संतोष कुमार मिश्रा, मनीष जायसवाल, पंकज पांडेय सहित कई न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त स्पेशल उत्पाद न्यायालय के जज विवेक कुमार सिंह, कन्हैया प्रसाद यादव, सीजेएम लाल बिहारी पासवान, सब जज फहद दीवान खान, संदीप कुमार सिंह, एसडीजेएम अनीस कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता और न्यायिक कर्मी भी मौजूद थे। जिला विधिज्ञ संघ और अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी एवं सैकड़ों अधिवक्ताओं की उपस्थिति ने इस आयोजन को विशेष बना दिया।

अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि इस केंद्र को "असुरक्षित गवाह केंद्र", "कमजोर गवाह बयान केंद्र" या "वीडियो गवाही केंद्र" के रूप में भी जाना जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य ऐसे गवाहों को सुरक्षा प्रदान करना है जो किसी कारणवश अदालत में खुलकर गवाही देने में असहज या भयभीत महसूस करते हैं। इसमें विशेष रूप से यौन उत्पीड़न के पीड़ित, बच्चे, मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति, दिव्यांग गवाह और अन्य संवेदनशील मामलों से जुड़े लोग शामिल हैं। यह केंद्र गवाह संरक्षण योजना 2018 के तहत स्थापित किया गया है, जो डी. वाई. चंद्रचूड़ और सूर्यकांत की पीठ के निर्देशों के अनुपालन में शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य गवाहों को डराने-धमकाने की घटनाओं को कम करना और न्यायिक प्रक्रिया में उनकी भागीदारी को सुरक्षित बनाना है।

ई-कोर्ट परियोजना के तहत स्थापित इस केंद्र के बारे में जानकारी देते हुए नोडल पदाधिकारी सह सब जज संदीप कुमार सिंह ने बताया कि इसकी स्थापना के पीछे कई महत्वपूर्ण उद्देश्य हैं। सबसे पहले, यह सुनिश्चित करना कि गवाहों—विशेषकर बच्चों और यौन अपराध के पीड़ितों—को न्यायिक प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार का मानसिक आघात न पहुंचे। दूसरा, गवाहों को आरोपी के भय से मुकरने या बयान बदलने से रोकना। तीसरा, उन्हें ऐसा सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना जहां वे बिना डर और दबाव के अपनी गवाही दे सकें। चौथा, गवाही के दौरान गवाह और आरोपी का आमना-सामना पूरी तरह से टालना, ताकि किसी प्रकार का मनोवैज्ञानिक दबाव न बने। इस केंद्र की सबसे खास विशेषता यह है कि यहां गवाही मुख्य कोर्ट रूम से अलग एक सुरक्षित कक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रिकॉर्ड की जाएगी।

अग्नि सुरक्षा को लेकर कार्यशाला, 150 संस्थानों को दिए गए जरूरी निर्देश

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से टाउन हॉल, औरंगाबाद में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला अग्निशमन पदाधिकारी प्रभा कुमारी ने की। कार्यशाला में जिले के प्रमुख औद्योगिक और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसमें एनपीजीसीएल और बीआरबीसीएल नवीनगर, श्री सीमेंट समेत विभिन्न पेट्रोल पंप, गैस गोदाम, सिनेमा हॉल, शॉपिंग मॉल, बड़े अस्पताल, स्कूल और कॉलेजों के लगभग 150 प्रबंधक एवं मालिक शामिल हुए।

बैठक के दौरान जिला अग्निशमन पदाधिकारी प्रभा कुमारी ने अग्नि सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मानकों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने संस्थानों में अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता, आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया की व्यवस्था, नियमित फायर ऑडिट (अग्नि अंकेक्षण) के महत्व और सुरक्षा उपायों के सख्ती से पालन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने सभी संस्थानों को स्पष्ट निर्देश दिया कि अग्नि सुरक्षा मानकों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें, ताकि संभावित अग्नि दुर्घटनाओं को रोका जा सके और जन-धन की क्षति से बचाव हो। कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों को जागरूक करते हुए उन्हें व्यावहारिक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी अंतरा कुमारी, सहायक जिला अग्निशमन पदाधिकारी जयराम सिंह एवं लालकेश्वर प्रसाद, अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी रामाकांत सिंह (औरंगाबाद) एवं सोनाली कुमारी (दाउदनगर) सहित अन्य अग्निकर्मी और चालक भी उपस्थित रहे। इस पहल के जरिए जिला प्रशासन ने साफ संकेत दिया है कि अग्नि सुरक्षा के मामले में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमों के पालन को प्राथमिकता दी जाएगी।

पेट्रोल-डीजल और गैस की सप्लाई पर कड़ी नजर, अफवाहों से बचने की अपील

- मुख्य सचिव ने सभी जिलों के साथ की समीक्षा बैठक
- आम जनता से अफवाहों पर ध्यान न देने और भीड़ न लगाने की अपील

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के मद्देनजर बिहार सरकार पूरी तरह सतर्क हो गई है। इसी क्रम में मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी प्रमंडलीय आयुक्त, जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षकों के साथ आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता, आपूर्ति व्यवस्था, प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा और विधि-व्यवस्था की समीक्षा की गई। इस बैठक में औरंगाबाद से जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा, पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह एवं सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल मौजूद रहे। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने सभी जिलों को स्पष्ट निर्देश दिया कि आवश्यक वस्तुओं—खासकर एलपीजी गैस, पेट्रोल और डीजलकी आपूर्ति हर हाल में सुचारू बनी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य में इन सभी वस्तुओं की पर्याप्त उपलब्धता है और आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है। साथ ही कालाबाजारी, जमाखोरी और कृत्रिम कमी पैदा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा गया। प्रशासन ने आम जनता से भी अपील की है कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराकर अनावश्यक खरीदारी या भंडारण न करें। विशेष रूप से एलपीजी गैस को लेकर लोगों को समझाया गया है कि सिलेंडर की आपूर्ति नियमित रूप से होम डिलीवरी के जरिए की जा रही है, इसलिए एजेंसियों पर भीड़ लगाने की जरूरत नहीं है।

औरंगाबाद जिला प्रशासन ने आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए सभी गैस एजेंसियों पर दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती की है, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। इसके साथ ही एक जिला नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है, जहां आम लोग अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं और त्वरित समाधान पा सकते हैं। प्रशासन ने यह भी कहा कि अनावश्यक भीड़ और लंबी कतारों से खासकर बुजुर्ग, महिलाएं और दिव्यांगजन प्रभावित होते हैं, इसलिए सभी लोग संयम बनाए रखें। जिला प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए है, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो और आवश्यक सेवाएं बिना बाधा के उपलब्ध होती रहें।

जनगणना 2027 की तैयारी तेज, औरंगाबाद में 96 फील्ड ट्रेनरों को दिया गया विशेष प्रशिक्षण

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

भारत की जनगणना 2027 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार चार्ज स्तर पर नामित फील्ड ट्रेनरों के लिए सघन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 28 मार्च 2026 से 30 मार्च 2026 तक तीन बैचों में आयोजित हुआ, जिसमें जिले के विभिन्न नगर निकायों—औरंगाबाद, दाउदनगर, ओबरा, गोह, हसपुरा, रफीगंज, बारूण, नवीनगर, देव, कुटुम्बा और मदनपुरसे कुल 96 फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया गया।

जनगणना 2027 का कार्य दो चरणों में सम्पन्न किया जाएगा। पहले चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (एचएलओ) की जाएगी, जबकि दूसरे चरण में जनसंख्या गणना (पीई) का कार्य होगा। प्रशिक्षण के दौरान इन दोनों चरणों की प्रक्रिया, तकनीकी पहलुओं और फील्ड स्तर पर आने वाली चुनौतियों से निपटने के तरीकों पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का आयोजन योजना भवन सभागार, जिला परिषद सभागार एवं जिला पंचायत संसाधन केंद्र, औरंगाबाद में प्रतिदिन सुबह 9:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक किया गया। मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा जनगणना से जुड़े सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया, ताकि कार्य का निष्पक्ष, पारदर्शी और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता (विशेष कार्य) शार्दुल हसन खाँ, योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश सहित अन्य अधिकारी एवं फील्ड ट्रेनर उपस्थित रहे।

जनता दरबार में 40 शिकायतों की सुनवाई

औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, औरंगाबाद में सोमवार को "सबका सम्मान—जीवन आसान पहल के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक, मुख्यालय-01 द्वारा आम नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं। जनता दरबार में कुल 40 आगंतुकों ने अपनी-अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं, जिनमें भूमि विवाद, पारिवारिक मामलों, मारपीट, धोखाधड़ी सहित विभिन्न प्रकार की समस्याएं शामिल थीं। अधिकारियों ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों और थाना स्तर के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए एक सुलभ मंच उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।